* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

18 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 01

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

महाकाल मंदिर में युवती का डांस मलंग गाने पर रील बनायी, पुजारी नाराज



आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

06 दिन

कुल आवेदन प्राप्त 8,39,014*
कुल निष्पादन 3,93,301*
कुल प्रक्रियाधीन 4,45,713*

*डाटा जानकारी 17/10/2022, 06:30 PM
स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/

P.R. 280006 (IPRD) 22-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## पीएम किसान योजना की 12वीं किस्त जारी, भारत ब्रांड यूरिया भी लांच

# भारत के मोटे अनाज को पूरी दुनिया में मिले प्रोत्साहन: मोदी

- किसानों के खातों में दो-दो हजार रुपये ट्रांसफर
- किसान सम्मान सम्मेलन 2022 का उद्घाटन
- 300 स्टार्टअप्स ने किया अपने इनोवेशन का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत के मोटे अनाज पूरी दुनिया में प्रोत्साहन पायें, इसके लिए सरकार के प्रयासों से अगले वर्ष को मोटे अनाज का अंतरराष्ट्रीय वर्ष भी घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री सोमवार को किसान सम्मान सम्मेलन 2022 के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। सम्मेलन में एग्रीकल्चर स्टार्टअप कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी लगायी गयी है। लगभग 300 स्टार्टअप्स ने प्रिसिशन फार्मिंग से संबंधित अपने इनोवेशन का प्रदर्शन किया है।

इस मौके पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किस्त जारी की गयी। प्रधानमंत्री ने किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये ट्रांसफर किये। इसके तहत आठ करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में 16,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये गये हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय उर्वरक और रसायन मंत्री मनसुख मंडाविया भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### भारत ब्रांड यूरिया लांच

पीएम किसान सम्मान सम्मेलन में प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना- एक राष्ट्र एक उर्वरक का शुभारंभ भी किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 'वन नेशन, वन फर्टिलाइजर' के रूप में किसानों को सस्ती और क्वालिटी खाद भारत ब्रांड के तहत उपलब्ध कराने की योजना भी शुरू हुई है।

## अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेल में बंद कोयला कारोबारी और झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार के 50 लाख घूसकांड मामले में संलिप्तता के बाद इडी के रडार पर आये कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने अमित अग्रवाल को राहत देने से इंकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश जेके माहेश्वरी की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि पहले इस मामले को लेकर उन्हें झारखंड हाइकोर्ट जाना चाहिए। कारोबारी अमित अग्रवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दलील पेश की थी। बता दें कि इडी कोर्ट के न्यायिक हिरासत में जेल में बंद कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल ने अपनी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अमित अग्रवाल ने अपनी याचिका में इडी के सहायक निदेशक और कोलकाता पुलिस को प्रतिवादी बनाया था।

## बोकारो में सरकार आपके द्वार अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# शत प्रतिशत आवेदनों का होगा निपटारा : हेमंत

- 97 योजनाओं का शिलान्यास और 84 योजनाओं का उद्घाटन

दीपेंद्र



सोमवार को रांची के डोरंडा स्थित हजरतकुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा की दरगाह पर चादरपोशी करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रही है। हम आपकी योजनाओं को लेकर आपके घर आये हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को उनकी भावनाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाएं उन तक पहुंचें। सरकारी पदाधिकारी आज आपके घर-द्वार पहुंच कर आपकी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। शत प्रतिशत आवेदनों का निपटारा होगा यह पदाधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री सोमवार को बोकारो में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 145 करोड़ रुपये लागत की 97 योजनाओं का शिलान्यास, 396 करोड़ रुपये की 84 योजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही 20,669 लाभुकों के बीच 34.15 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जनकल्याणकारी योजनाएं एयर कंडीशन कमरों में बैठकर संचालित होती थी, परंतु हमारी सरकार ने आज सभी योजनाओं को आपके द्वार तक लाने का काम कर दिखाया है। कार्यक्रम महज एक महीने का अभियान नहीं, बल्कि आगे भी निरंतर चलने वाला अभियान रहेगा। मुख्यमंत्री ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी। शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में उठाये जा रहे कदम से अवगत कराया।

झारखंड का एक लाल : उपलब्धियां बेमिसाल

उग्रवाद/अपराध नियंत्रण मुख्य उद्देश्य

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए







ईद मिलन के नाम पर प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं सभी धर्म संप्रदाय को जोड़ना



निः शुल्क शिक्षा गरीब बच्चो तक पहुंचाना



कोरोना काल में गरीबों के बीच राशन का मुफ्त वितरण

मुस्तफा अंसारी
झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित
सामाजिक कार्यकर्ता, अनगड़ा, रांची
मो.नं.-6204119174



समाज के भरोसे परिवार पालने वाले को सहयोग करना



शांति सद्भाव एवं विकास सह सम्मान समारोह में सभी राजनीतिक पार्टी एवं सभी संप्रदाय को जोड़कर शांति स्थापित करना

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,600 रु./10 ग्राम
चांदी 59,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



## आजाद सिपाही की सातवीं वर्षगांठ पर विशेष

# एक छोटा सा कदम और आपके भरोसे के सात साल

**सात साल किसी भी संस्थान के जीवन के लिए कम नहीं होते, खास कर तब, जब वह संस्थान बिना किसी बड़ी पूंजी और संसाधन के उस सफर पर निकले, जिसकी राहों में कांटे ही कांटे हों। आजाद सिपाही भी इसमें से एक है। आज से ठीक सात साल पहले 18 अक्तूबर, 2015 को इस अखबार का पहला अंक आपके सामने आया था, तो वह केवल एक अखबार नहीं था, बल्कि आपके भरोसे लंबे सफर की शुरुआत थी। और आज वही सफर एक पड़ाव हासिल कर चुका है। यह कम बड़ी बात नहीं है कि अखबारी दुनिया के बड़े खिलाड़ियों की भीड़ में एक टिमटिमाते दीये की तरह जूझता हुआ आजाद सिपाही लगातार मजबूत हो रहा है। इसके पीछे केवल एक ताकत है और वह है आपका भरोसा। आज इस महत्वपूर्ण तारीख पर आजाद सिपाही के इस सात साल के सफर पर नजर दौड़ाने का समय है। इसलिए यह विशेष आलेख।**

**आजाद सिपाही विशेष**

21 जुलाई, 1969 को चंद्रमा पर कदम रखते हुए अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग ने कहा था कि एक इंसान का यह छोटा कदम इंसानियत के लिए बड़ी छलांग है। करीब 46 साल बाद 18 अक्तूबर, 2015 को चंद्रमा से हजारों मील दूर धरती पर इसी तरह की एक घटना हुई और वह थी, बिना किसी पूंजी और संसाधन के, महज एक जुनून और संकल्प के साथ एक दैनिक अखबार का प्रकाशन। यह घटना इसलिए अप्रत्याशित थी, क्योंकि तब तक झारखंड की धरती पर बड़े-बड़े खिलाड़ियों ने पैर जमा लिये थे। अथाह पूंजी और कॉरपोरेट की ताकत के मुकाबले किसी अखबार का निकलना अप्रत्याशित तो था, लेकिन उससे भी अप्रत्याशित है इसका लगातार मजबूत होते जाना और फिर सफर के सातवां साल तक पूरा कर लेना। तो फिर किसी के मन में यह सवाल उठ सकता है कि इन सात सालों में आजाद सिपाही ने कौन सा तीर मार लिया। इसका जवाब यही है कि आज यदि आप गूगल पर आजाद सिपाही सर्च करें, तो .61 सेकेंड में 2.67 लाख परिणाम आपके सामने आ जायेंगे। आपके भरोसे की एकमात्र पूंजी के साथ चल रहे आजाद सिपाही के सात साल के सफरनामे को एक वाक्य में बताने के लिए यह तथ्य शायद पर्याप्त है।

मीडिया और खास कर प्रिंट मीडिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती के इस दौर में यदि आजाद सिपाही हर दिन आपके दरवाजे पर पहुंच रहा है, तो इसके पीछे केवल आपका भरोसा है। आपके इसी भरोसे ने हमसे पूछे जानेवाले सवालों के दायरे को इतना बड़ा कर दिया है। सात साल पहले हमें बताना पड़ता था कि आजाद सिपाही एक दैनिक अखबार है और रांची से निकलता है, लेकिन आज लोग हमसे सवाल करते हैं कि हमने एक खबर दी थी, वह क्यों नहीं छपी। किसी भी खबर पर लोगों की पहली प्रतिक्रिया यही होती है कि आजाद सिपाही में यदि यह छपी है, तो जरूर सही होगी।

मीडिया की विश्वसनीयता पर लगातार गहराते संकट के दौर में यदि आजाद सिपाही अपनी शुद्ध पत्रकारिता और आपके भरोसे के सहारे यह उपलब्धि हासिल कर सका है, तो इसमें आपको और हमको एक साथ गर्व होना स्वाभाविक है।

वैसे सात साल का समय बहुत लंबा तो नहीं होता, लेकिन इतिहास का एक अध्याय बनाने और लिखने लायक तो होता ही है। आजाद सिपाही ने सात साल पहले जब आज ही के दिन अपना सफर शुरू किया था, तो उसके पास सबसे बड़ी पूंजी आपका भरोसा और अपने छोटे से परिवार का आत्मविश्वास-संकल्प था। यह आत्मविश्वास शुरू में डगमगाया भी, लेकिन हमने हार नहीं मानी। आपका भरोसा और प्यार हमारा संबल बना। आज जब हम पीछे मुड़ कर देखते हैं, तो हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि हम केवल आपके भरोसे ही इतनी दूर तक आ सके हैं।

हम अकसर पढ़ते-सुनते आये हैं कि संस्थानों ने कैसे सफलता की सीढ़ियां तय की या फिर धूमकेतु की तरह प्रकट होकर गायब हो गये। आजाद सिपाही की कहानी थोड़ी अलग है, क्योंकि हमारे पास न पूंजी थी और न ही संसाधन। न किसी पूंजीपति का साथ था और न ही किसी राजनीतिक दल का समर्थन। आजाद सिपाही वह सपना और संकल्प था, जिसे पूरे परिवार ने मिल कर देखा, गुना और फिर उसे पूरा करने में जुट गया। बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों, भारी-भरकम पूंजी और गलाकाटू प्रतिस्पर्द्धा के दौर में आजाद सिपाही के नन्हे से कदम से किसी को न कोई फर्क पड़ना था और न पड़ा। बाजार को भले ही फर्क नहीं पड़ा, लेकिन हमारे और आपके रिश्ते की उस भरोसेमंद शुरुआत से हमें जरूर संबल मिला। हमारा सपना थोड़ा और रंगीन हुआ, हमारा संकल्प थोड़ा और मजबूत हुआ। कहा जाता है कि अगर किसी को तैरना सिखाना हो, तो उसे गहरे समंदर में फेंक दो। हमारे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। बिना किसी समारोह और कार्यक्रम के हम खबरों के महासागर में कूद पड़े। हमारा लाइफ जैकेट आपका भरोसा था। शुरुआत धमाकेदार तो नहीं हुई, लेकिन हमारे कदम सधे हुए जरूर थे। हम न किसी राजनीतिक दल के समर्थक थे और न विरोधी। हमें न किसी से दोस्ती थी और न ही दुश्मनी। हमारे सामने केवल आप थे और हमें आपका ही ध्यान था।

इस बड़े संकल्प और सुनहरे सपने के सफर पर हम निकले, तो रास्ते खुद ब खुद निकलने लगे। अंधेरी सुरंग में प्रवेश करने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि शुरुआत में ही अंधेरे से लड़ने की ताकत मिल जाती है। हमें भी यह ताकत मिली। यह ताकत आपसे मिली, आपके भरोसे से मिली।



हम एक-एक कदम धरते गये। आपने डांटा-फटकारा, दुलारा और पुचकारा भी। यह हमारे लिए पूंजी थी। हमें चिंता थी आपकी खबरों की भूख शांत करने की, आपको सूचनाओं से समृद्ध करने की। हम कभी इस भ्रम में नहीं रहे कि हम बहुत ताकतवर हैं और न कभी आपको इस भ्रम में रखा कि आजाद सिपाही के पास जादू की छड़ी है, जिसे घुमाते ही आपकी सारी समस्याएं दूर हो जायेंगी। हम तो आपका आइना बनने चले थे और हमारा काम आपको सूचनाओं-खबरों से समृद्ध करना था। संसाधनों की कमी रास्ते में बाधा बनी, तो आप हमारे रिपोर्टर बन गये। किसी न किसी माध्यम से आप हर जरूरी सूचना हम तक पहुंचाते रहे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि हमारे और आपके बीच का रिश्ता केवल अखबार और पाठक का रिश्ता नहीं रहा, बल्कि यह लगातार मजबूत होता गया और आज सात साल बाद हम कह सकते हैं कि यह रिश्ता भरोसे में बदल चुका है।

'कलम-कलम बढ़ाये जा' के सूत्र वाक्य के साथ हम सफर पर निकल तो पड़े, लेकिन हमारी समझ आप तक ही सीमित थी। हमारी निगाह न तो लाभ कमाने पर थी और न ही कोई निजी हित साधने की। इसलिए हमारे भीतर खबरों को जानने की, समझने की छटपटाहट थी। हमने महसूस किया कि खबरों के इस महासागर में झारखंड का आम आदमी कहीं पीछे छूट रहा है। सिमडेगा के आखिरी गांव से लेकर गोड्डा की पथरीली सड़कों तक की सूचनाएं पाठकों के लिए जरूरी हैं। हरेक की अपनी जरूरत थी और चाहत भी। आजाद सिपाही ने इस जरूरत को, सूचना की चाहत को और लोगों के सपनों को महसूस किया। हमने यह भी महसूस किया कि गोड्डा की खबर यदि गढ़वा के लोगों तक नहीं पहुंचे और गढ़वा की सूचनाओं से घाटशिला के लोग अंजान रहें, तो फिर अखबार का कोई मतलब नहीं रह जायेगा। उस समय तक दूसरे अखबार स्थानीय स्तर के हो चुके थे, जिनमें बाहर की सूचनाओं का अभाव रहता था। हमने इस अभाव को दूर करने का फैसला किया। हमारे इस अभिवन प्रयोग की खूब हंसी भी उड़ायी गयी। कहा गया कि यह आत्महत्या करने जैसा कदम है। लेकिन हमें आपका भरोसा था और अपने संकल्प पर भी। इसलिए हमने पूरे झारखंड का एक समग्र अखबार निकाला। हमारा कोई अलग बिजनेस मॉडल नहीं था। हमारे पास पूंजी नहीं थी कि हम कई-कई संस्करणों में अखबार को बांट सकें। इसलिए एक संस्करण की पुरानी, लेकिन स्थापित अवधारणा को हमने अपनाया।

सधी हुई शुरुआत और आपके भरोसे के सहारे हम पहली सालगिरह तक पहुंचे। 2016 का साल, जब सूचनाओं के संसार में सब कुछ तेजी से घटित हो रहा था। सोशल मीडिया पूरे उफान पर था और लोग प्रिंट मीडिया के अवसान की भविष्यवाणी करने लगे थे। उस दौर में सूचनाओं की विश्वसनीयता कटघरे में थी, लेकिन यह आपका भरोसा और हमारा संकल्प था कि हम रास्ते से डिगे नहीं। सोशल मीडिया की ताकत का अंदाजा हमें भी था और आपको भी, लेकिन हमें विश्वास था कि हम एक अलग धारा विकसित करेंगे, ताकि आप तक सही और ठोस सूचनाएं पहुंच सकें। हमने गांवों-गलियों की खाक छानी, शहरों के कोलाहल को झेला और हमारी खबरों ने साबित कर दिया कि हम सही रास्ते पर चल रहे हैं। हर दिन-हर पल आप हमारे साथ बने रहे। इससे हमारी ताकत कुछ और बढ़ी। ताकत बढ़ी, तो स्वाभाविक था कि कुनबा भी बढ़ा। परिवार बड़ा हुआ। 30 लोगों का सपना एक साल के भीतर ही एक सौ के करीब लोगों का सपना बन चुका था। इस बड़े होते परिवार को देख कर हम तो फूले समा ही रहे थे, आप भी खूब खुश हो रहे थे, क्योंकि आजाद सिपाही आपका अपना था।

2017 में अपनी दूसरी सालगिरह तक पहुंचने पर हमें एहसास हुआ कि हमें अपना दायरा बढ़ाना चाहिए। संसाधनों की कमी तब भी थी। हम आकार में छोटे जरूर थे, लेकिन हमारा इरादा और हमारा हौसला आसमानी ऊंचाई लिये हुए था। हमारे पास आपके भरोसे की पूंजी थी। आपकी पैनी नजर हमें हर पल सतर्क रखती थी। हमने दायरा बढ़ाया और नये जिलों में आजाद सिपाही दिखने लगा। कई शहरों में तो आपने अपने घर में हमें पनाह दी। हमें कभी महसूस ही नहीं हुआ कि हम आपसे अलग हैं। आप हमेशा हमारे साथ खड़े रहे। खबरें भेजने से लेकर अखबार के प्रसार तक के कामों की आप निगरानी करते रहे। यह हमारे लिए बड़ी पूंजी बनी, हमारी ताकत बनी। हम बड़े हो रहे थे। आपका आजाद सिपाही बड़ा हो रहा था। छुटपन की चंचलता उसमें भी थी। शरारतें भी थीं, लेकिन कहीं न कहीं इनके पीछे आपका ही ध्यान था। इसलिए उन चंचलता और शरारतों का आपने कभी बुरा नहीं माना। वे शरारतें आपके मन को पुलकित करती थीं, क्योंकि आप जानते थे कि उनके पीछे कोई गलत मंशा कभी नहीं रही।

तीसरी सालगिरह तक हम अपने पैर जमा चुके थे। प्रिंट के साथ-साथ डिजिटल संसार में भी हमारी धमक महसूस की जाने लगी थी। यू-ट्यूब, फेसबुक और ट्विटर के जरिये हम झारखंड के साथ-साथ देश-विदेश में अपनी धाक जमाने में लग गये। आपका भरोसा और मजबूत होता गया और हमारा परिवार भी बढ़ता गया। झारखंड के शहरों से निकल कर हम प्रखंड मुख्यालयों तक पहुंचने लगे। आपके विश्वास और भरोसे की ताकत के साथ हमारा कारवां लगातार आगे बढ़ रहा था। साथ ही हमारी जिम्मेदारी, जो हमने पहले दिन ही अपने ऊपर ली थी, भी बड़ी हो रही थी। हमारी खबरों का असर होने लगा और हमारा उत्साह बढ़ने लगे। कहते हैं कि अति-उत्साह में कभी-कभी गड़बड़ियां हो जाती हैं। हमारे साथ भी हुई। आपने हमें ताकीद की और हम अपनी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ते-बढ़ते चौथे साल में पहुंच गये।

2019 में देश में आम चुनाव हुए और साल के अंत में विधानसभा के चुनाव। अखबारों की प्रतिबद्धता आप समझने लगे। हमें भी कसौटी पर कसा गया, लेकिन हम संकल्पबद्ध थे कि हम न किसी का समर्थन करेंगे और न विरोध। आपकी पैनी नजर हम पर थी, क्योंकि आजाद सिपाही आपका अपना था। हमने आपको निराश नहीं किया। वस्तुपरक राजनीतिक रिपोर्टिंग और ठोस जानकारी के बल पर हम वहां तक पहुंच गये, जहां पहुंचने के लिए दूसरे अखबारों को सालों तक पसीना बहाना पड़ा। दिल्ली से लेकर रांची तक के सत्ता गलियारों और राजनीतिक दलों के दफ्तरों से लेकर नेताओं-कार्यकर्ताओं के घरों तक में जब भी किसी सूचना की विश्वसनीयता जांचनी होती थी, सबसे पहले आजाद सिपाही का नाम लिया जाने लगा। यह विश्वसनीयता हमने आपकी मदद से और अपने संकल्प से हासिल की। हमारी रिपोर्टिंग टीम वहां तक पहुंचती रही, जहां दूसरे अखबारों को मशक्कत करनी पड़ रही थी। यह सब संभव हुआ आपकी बदौलत। आपने हमें चलना सिखाया, फिर रास्ता भी दिखाया।

फिर आया 2020, जिसने न केवल मीडिया के सामने, बल्कि पूरे समाज के सामने अंधेरा कायम कर दिया। महामारी के दौर में मीडिया समेत दूसरे संस्थान सिमटने लगे, उनका दायरा छोटा होने लगा। लेकिन आजाद सिपाही के पास आपके भरोसे की पूंजी थी, जिसने हमें हिम्मत दी, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हमने संकट के इस दौर में भी अपनी हिम्मत बनाये रखी, तो इसके पीछे भी आप ही थे। दूसरे मीडिया संस्थानों में जहां पैर समेटने का दौर चल रहा है, हम आज भी अपने विस्तार में लगे हैं। हम आज झारखंड के हर प्रखंड मुख्यालय में मौजूद हैं। पड़ोसी राज्यों, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और बंगाल तक में हमारी मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। महज दो-ढाई दर्जन सदस्यों का आजाद सिपाही परिवार आज तीन सौ सदस्यों तक पहुंच चुका है।

आज जब हम इस सात साल के सफरनामे पर नजर दौड़ा रहे हैं, तो हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमने झारखंड की अखबारी दुनिया में एक इतिहास रचा है। आजाद सिपाही के लाखों पाठकों के साथ-साथ हम अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच रहे हैं। लगभग दो लाख सब्सक्राइबरों के जरिये आज हम झारखंड से सबसे बड़े न्यूज पोर्टल बन चुके हैं। हमारी व्यूअरशिप 15 करोड़ से अधिक मिनट की हो चुकी है। इतना सब कुछ होते हुए आज भी हमारा दामन पूरी तरह बेदाग है, क्योंकि आजाद सिपाही ने कभी सफलता का शॉर्टकट नहीं अपनाया। हमने कभी किसी का भयादोहन नहीं किया। जिसने भी आजाद सिपाही को आंखें दिखाने की कोशिश की, उसे पहले आपके भरोसे की मजबूत दीवार दिखाई दी। मीडिया की दुनिया के स्याह पक्ष को हमने पहले दिन से ही वर्जनाओं की सूची में रखा था और आज भी इस पर कायम हैं।

हमें यह कहने में भी कोई संकोच नहीं है कि आजाद सिपाही का अब तक का सफर बहुत आसान नहीं रहा। रास्ते कठिन थे, चुनौतियां बड़ी थीं। लेकिन हमें भरोसा केवल अपने संकल्प पर था और आप तो हमारे संबल थे। बड़ी पूंजी, महंगे संसाधन और महंगे प्रचार हमारे लिए कभी नहीं रहे। हम अपनी मामूली स्थिति से ही संतुष्ट थे, इस संकल्प के साथ कि हम पारदर्शी तरीके से नैतिक रास्ते पर चलते हुए अपनी स्थिति सुधारेंगे।

हम आज एक बार फिर आपको विश्वास दिलाते हैं कि हमारा वह संकल्प आज भी जीवित है। आजाद सिपाही के सात साल के सफर में आपने जो भरोसा दिया, संकट के दौर में हमारे साथ खड़े रहे, उसके एवज में आभार बहुत छोटा शब्द है। इसलिए हम केवल इतना ही कह सकते हैं कि आपका सहयोग बना रहे, भरोसा कायम रहे। हम आपके और आप हमारे हैं।

---

## मल्लिकार्जुन खड़गे की जीत का दावा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट आलोक कुमार दुबे, लाल किशोरनाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने दावा किया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष के चुनाव में झारखंड के सभी डेलीगेट ने एकतरफा मल्लिकार्जुन खड़गे के पक्ष में मतदान कर कांग्रेस की लोकतांत्रिक

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट ने मतदान किया

प्रक्रिया, विचारधारा एवं कांग्रेस पार्टी को आगे ले जाने का स्पष्ट संकेत दे दिया है। कांग्रेस नेताओं ने पूर्वाह्न 11 बजे ही मतदान किया। प्रातः 10 बजे पीआरओ प्रकाश जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस मुख्यालय में वोटिंग शुरू हो गयी और 4.00 बजे वोटिंग समाप्त हुई। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख ने भी अपना मतदान किया। आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और राजेश गुप्ता छोटू 18 अक्टूबर को दिल्ली जायेंगे और निश्चित रूप से जीत रहे भावी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देंगे।

---

### सालखन मुर्मू ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

## सरना धर्म कोड को मान्यता देने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद और आदिवासी सेंगल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से भारत के प्रकृति पूजक आदिवासियों को सरना धर्म कोड को मान्यता देने और धार्मिक गुलामी से आजादी देने की मांग की गयी है। यह मांग पीएम के भाषण और संविधान का हवाला देते हुए की गयी है। सालखन मुर्मू ने पत्र के माध्यम से राष्ट्रपति को बताया कि 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच संकल्पों का जिक्र किया था, जो ऐतिहासिक हैं। आदिवासी भी देश की एकता, अखंडता को मजबूत बनाने और विरासतों पर गौरवान्वित होकर अपने नागरिकी कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विकसित भारत



बनाने को तत्पर हैं। सालखन मुर्मू ने आगे लिखा है कि अंग्रेजों के खिलाफ सिदो कान्हू मुर्मू और बिरसा मुंडा के नेतृत्व में आजादी की जनक्रांति में हमारा महान इतिहास रहा है, परंतु गुलामी के कुछ अंश अभी भी बाकी हैं। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री, हमें हमारी धार्मिक आजादी दे दें। सरना धर्म कोड को अविलंब मान्यता देकर हमें जनगणना में मर्यादा के साथ शामिल होने का सौभाग्य प्रदान करें। यह संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत मौलिक अधिकार भी है।

---

### दलितों पर अत्याचार की शिकायत लेकर राजभवन पहुंची भाजपा

## समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र मामले को बताया सरकारी षड्यंत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में दलितों पर हो रहे अत्याचार की शिकायत लेकर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा सोमवार को राजभवन पहुंचा। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी और विधायक समरी लाल ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य में दलितों की स्थिति चिंताजनक है। आये दिन किसी न किसी हिस्से में दलितों के खिलाफ अपराध की शिकायतें सामने आ रही हैं। हाल ही में पलामू के मुरूमातू में दलितों को बेघर किया गया। जमशेदपुर में जांच के नाम पर दलित लड़की को अपमानित किया गया। हजारीबाग के पचरा गांव में दलित की हत्या कर शव को पोल पर टांग दिया गया। ये घटनाएं बताती हैं कि किसी भी जिले में दलित सुरक्षित नहीं हैं। विधायकों ने राज्यपाल से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की दिशा में जरूरी





कार्रवाई करने का आग्रह किया.

### समरी के मामले में एकतरफा रिपोर्ट तैयार की गयी

राज्यपाल से बातचीत के दौरान विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र का भी मामला उठा और इसे सरकारी षडयंत्र बताया गया। राजभवन से निकलने के बाद अमर बाउरी ने कहा कि कांके सीट से निर्वाचित समरी लाल का जाति प्रमाण पत्र बगैर किसी आधार के स्थानीय जांच में रद्द कर दिया गया है। रांची डीसी द्वारा सौंपी गयी रिपोर्ट में स्थानीय जांच के समय कोई सूचना या नोटिस समरी लाल को नहीं दी गयी। एकतरफा रिपोर्ट तैयार कर दी गयी।

### संज्ञान लेकर कार्रवाई करें महामहिम

उन्होंने कहा कि 1943 से समरी के पूर्वज हरमू के वाल्मीकि नगर के निवासी हैं। समरी लाल का जन्म और शिक्षा भी रांची में हुआ। उनकी दादी 1935 से रांची नगरपालिका में कार्यरत रहीं। समरी लाल ने 1985 में निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इसके बाद 1990-95 में जनता दल, 2000 में राजद, 2005-2009 में झामुमो और 2019 में भाजपा से चुनाव लड़े, लेकिन इस अवधि में कभी भी उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत नहीं बताया गया। अब सरकारी षडयंत्र के तहत ऐसा किया गया है, जिस पर राज्यपाल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# आज भाजपा बांधेगी 5378 पंचायत प्रतिनिधियों के सिर पर जीत का सेहरा

## कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में जोश भरा दीपक प्रकाश, बाबूलाल और कर्मवीर ने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को हरमू मैदान में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह की तैयारी बैठक प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सभी विभागों की जिम्मेवारी संभालने वाले प्रमुख और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि सम्मान समारोह को लेकर पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। 18 अक्टूबर का दिन पार्टी के इतिहास में ऐतिहासिक होगा। झारखंड के गांव-गांव से लोग, जिन्होंने जनता का विश्वास प्राप्त किया है, वे रांची आ रहे हैं। उन्होंने भाजपा की विचारधारा को अपनी सक्रियता से जमीनी स्तर पर पहुंचाया है।

### जनप्रतिनिधि हमारे अतिथि भी हैं और पार्टी की पूंजी भी : बाबूलाल मरांडी

वहीं भाजपा विधायक दल के लेतर और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सम्मान समारोह में लगे सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है कि कार्यक्रम में आये सभी प्रतिनिधियों का केवल कार्यक्रम स्थल पर ही सम्मान नहीं हो, बल्कि उन्हें हर विभाग की व्यवस्था में सम्मान दिखना चाहिए। कहा कि जनप्रतिनिधि हमारे अतिथि भी हैं और पार्टी की पूंजी भी हैं।





संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सम्मेलन की सफलता व्यवस्था में लगे एक-एक कार्यकर्ता के ऊपर निर्भर है। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने विभाग की जिम्मेवारी संभाल लें, तो पूरी व्यवस्था संभल जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जिस जिम्मेवारी को लेता है, उसे ईमानदारी और कर्मठता से पूरा करता है। यही हमारी पहचान भी है और ताकत भी। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, योगेंद्र प्रताप सिंह, शिव पूजन पाठक, रमेश सिंह, शोभा यादव, संजीव विजयवर्गीय, केके गुप्ता, विनय सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 5378 पंचायत प्रतिनिधियों को किया जायेगा सम्मानित

इस सम्मान समाहरोह में हाल ही में संपन्न त्रि स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि चुनाव में भाजपा समर्थित नव निर्वाचित जिला परिषद के 9 अध्यक्षों, 8 उपाध्यक्षों, 243 सदस्यों-प्रमुखों, उप प्रमुख, 2377 मुखिया/उप मुखिया, 2741 पंचायत समिति सदस्यों को भाजपा द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल उपस्थित रहेंगे। वहीं इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पार्टी के कोर कमिटी सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# ग्राम स्वराज की कल्पना ही पंचायत प्रतिनिधि सम्मान का मुख्य लक्ष्य : दीपक प्रकाश

मंगलवार को रांची के हरमू मैदान में आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों के ऐतिहासिक सम्मान समारोह के बारे में भाजपा के राज्यसभा सांसद सह प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष दीपक प्रकाश का कहना है कि ग्राम स्वराज की कल्पना ही पंचायत प्रतिनिधि सम्मान का मुख्य लक्ष्य है। झारखंड में करीब 71 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र है। गांधीजी की कल्पना ग्राम स्वराज की थी। भारत की आत्मा भी गावों में ही बसती है। इसी तरह झारखंड की आत्मा भी गांव ही है। पंचायती राज चुनाव लोकतंत्र का बहुत ही महत्वपूर्ण आयाम है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पंचायती व्यवस्था का प्रमुख स्थान है। झारखंड में अर्जुन मुंडा की सरकार ने पहली बार पंचायत चुनाव कराया था। उसके बाद यह तीसरा चुनाव रहा। तीनों चुनाव दलीय आधार पर नहीं हुआ। यह किसी पार्टी के सिंबल पर नहीं हुआ था। इस बार के चुनाव में हम लोगों ने तय किया कि चूंकि हम विपक्ष में हैं, इसलिए हमारा जनाधार गांव के जन-जन तक जाये। शहरों में तो भाजपा पहले से काफी मजबूत है, लेकिन गांव में जो भी कमियां रह गयी हैं, उन्हें हम दूर करें। वहां भी हमारी उपस्थिति पहले से मजबूत हो। जब झारखंड में पंचायत चुनाव नहीं हो रहे थे, तब भाजपा ने ही उसे जल्द कराने के लिए आंदोलन किया। पंचायत चुनाव की घोषणा भाजपा के दबाव के कारण ही हुई। भाजपा के आंदोलन के बाद जब चुनाव की घोषणा हुई। चूंकि चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहा था, इसलिए भाजपा ने एक रणनीति के तहत अपनी भागीदारी तय की। हमने तय किया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतरना है। इसके लिए सर्वसम्मति के साथ एक



स्ट्रक्चर तैयार किया गया। हमने फोर टियर सिस्टम को फॉलो किया। उसके अनुरूप हमने जिला के हिसाब से, प्रखंड के हिसाब से, पंचायत के हिसाब से और गांव के हिसाब से हमने चुनाव प्रभारी बनाया। फिर चुनावी दृष्टिकोण से उन्हीं लोगों के माध्यम से हमने तय किया कि किस जगह पर किसे समर्थन देना है। कौन वहां जीत सकता है। फिर उन्हें प्रचार की सामग्री मुहैया करवायी गयी। इस क्रम में भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता टॉप टू बॉटम चुनाव मैदान में उतर गया। वार्ड सदस्य को छोड़ कर सीटों की संख्या 10270 थी। चुनाव में जिला परिषद चेयरमैन के लिए 24 सीटों पर चुनाव हुआ, उसमें भाजपा समर्थक 9 उम्मीदवार जीते। वाइस चेयरमैन की 24 सीटों में से आठ सीटें, जिला परिषद सदस्य की 536 में से 243, ग्राम प्रधान/मुखिया की 4345 में से 2377, पंचायत प्रतिनिधि के लिए 5341 सीटों में से 2741 सीटों पर भाजपा समर्थकों को जीत मिली। कुल जीत की संख्या 5378 रही। जैसे-जैसे डाटा सामने आता गया, हमारी ऊर्जा बढ़ती गयी। चुनाव में 53 % हमारा सक्सेस रेट रहा। दीपक प्रकाश का कहना है कि जीत का एक प्रमुख कारण कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी रहा। 5378 लोगों से हमारी सीधी बात होती थी। एक-एक मुखिया से बात होती थी। जीत के बाद लगा कि पार्टी को उनका अभिनंदन करना चाहिए, क्योंकि वे उसके हकदार हैं। मेरा मानना है कि गांव मजबूत होगा, तभी भाजपा का संगठन भी मजबूत होगा। इनके माध्यम से गांव के जन-जन के दिलों में भाजपा राज करेगी। हम राज्य में स्थायी सरकार दे सकेंगे।

# यह सम्मान समारोह 2024 की जीत का बिगुल है: बाबूलाल मरांडी

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का कहना है कि जब पंचायत चुनाव हो रहा था, तो लक्ष्य बिल्कुल साफ था कि इस चुनाव में पार्टी का अधिक से अधिक कार्यकर्ता या समर्थक चुनाव जीते। चूंकि यह दलगत चुनाव तो हो नहीं रहा था, फिर भी हमारा यही प्रयास था कि पार्टी के कार्यकर्ता या समर्थक अधिक से अधिक चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लें। त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि चुनाव में हम लोगों ने पार्टी की तरफ से एक रणनीति बनायी कि सर्वसम्मति से प्रतिनिधि का चयन हो जाये। उसके बाद कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि उन प्रतिनिधियों को वे जिताने का प्रयास करें। जब हम



लोगों ने प्रयास करना शुरू किया, तब कार्यकर्ताओं को यह निर्देशित भी किया गया था कि वे अपने स्तर से चाहे वह पंचायत समिति हो या मुखिया का पद हो, यह कोशिश करें कि अधिक से अधिक पार्टी के समर्थक प्रत्याशी चुनाव जीतें। भाजपा की पूंजी कार्यकर्ता ही हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने तरीके से कोशिश की। यह भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का ही सुफल है कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में भाजपा समर्थित पंचायत प्रतिनिधि जीत कर आये। भाजपा ने इतनी फुलप्रूफ रणनीति बनायी थी कि उसकी भनक विरोधी प्रतिद्वंद्वियों को नहीं लगे। भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता ने इस रणनीति पर काम किया और वह मुकाम हासिल कर लिया, जिसकी इतने बड़ी अपेक्षा शायद पार्टी ने भी नहीं की थी। दरअसल इस जीत के हकदार कार्यकर्ता ही हैं, इसलिए पार्टी ने यह तय किया कि इन्हें उचित सम्मान मिले। इसीलिए यह सम्मान समारोह आयोजित हो रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस सम्मान समारोह को 2024 के चुनाव से भी जोड़ कर देखा जा सकता है। भाजपा हर समय चुनाव के लिए तैयार रहती है। इस समारोह के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार होगा और वे दोगुने उत्साह के साथ गांव में जन-जन तक भाजपा की उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यों को पहुंचायेंगे। कुल मिला कर यह सम्मान समारोह उस जीत का बिगुल है, जो 2024 में दिखेगा। उस चुनाव में भाजपा पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और हर सीट पर जीत का परचम फहरायेगी। सम्मान समारोह में शामिल कार्यकर्ता उसका संकल्प लेकर जायेंगे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


# रोक हटने के बाद भी कई जिलों में बालू घाटों की नीलामी नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में बालू घाटों की नीलामी का संकट गहराता जा रहा है। राज्य सरकार ने अब तक सिर्फ 21 घाटों में नीलामी की स्वीकृति दी है। इसमें से एक भी बालू घाट रांची जिला में नहीं है। वहीं, एनजीटी ने 15 अक्टूबर से बालू घाटों की नीलामी पर लगे रोक हटा दी है। ऐसे में अन्य बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से रियल एस्टेट सेक्टर के साथ-साथ रोजगार पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में होने के कारण बालू घाटों से रोजगार भी सृजन होता है। एक अनुमान के मुताबिक सिर्फ ग्रामीण इलाकों में बालू घाटों में लगे कामगारों की संख्या लगभग दस से पंद्रह हजार होगी। लेकिन सभी बालू घाट नीलाम नहीं होने से इन पर रोजगार का संकट है।

## रांची समेत अन्य इलाकों में रियल एस्टेट प्रभावित

व्यवसायियों की मानें तो बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से रियल एस्टेट के साथ-साथ सरकारी प्रोजेक्ट्स तक प्रभावित हैं, जिन्हें अति आवश्यक है वे, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा जैसे राज्यों से बालू अब भी मंगा रहे है। वहीं, 15 अक्टूबर से राज्य में एनजीटी की रोक हटा दी गयी, लेकिन अभी तक विभाग ने अन्य बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया शुरू नहीं की है। इससे व्यवसायी परेशान है। ऐसे में करोड़ों का कारोबार एनजीटी की रोक हटने के बाद भी प्रभावित रह सकता है।

## इन जिलों में घाट नीलाम

चतरा, सरायकेला-खरसावां, कोडरमा, दुमका, देवघर, हजारीबाग, खूंटी और गुमला जिले के बालू घाट नीलाम किये गये हैं। वहीं, इन जिलों को छोड कर शेष जिलों (रांची सहित) में अब तक एक भी बालू घाट का टेंडर नहीं किया गया है। वर्तमान में स्टॉकिस्ट के माध्यम से बालू की बिक्री हो रही है, जिसकी कीमत प्रति हाइवा 80 हजार तक वसूली जा रही है।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई

# मधुकान ग्रुप की 80.65 करोड़ की संपत्ति इडी ने की अटैच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड पर 1030 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में इडी ने कार्रवाई की है। इसके तहत इडी ने मधुकान ग्रुप की 80.65 करोड़ की चल-अचल संपत्ति अस्थायी रूप से अटैच कर ली है। अटैच की गयी सभी संपत्तियां नागेश्वर राव और उनके परिवार के सदस्यों से संबंधित हैं। इडी ने जिन संपत्तियों को अटैच (जब्त) किया है, उसमें हैदराबाद के खम्मम जिला में 67.08 करोड़ और प्रकाशम जिले में 13.57 करोड़ की संपत्ति शामिल हैं।

**रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड पर 1030 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी मामले में इडी की बड़ी कार्रवाई**

## क्या है पूरा मामला

पूरा मामला मेसर्स रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड के माध्यम से बैंक से जालसाजी का है। इसमें इडी ने मनी लॉड्रिंग के तहत केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। मेसर्स रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड मधुकान समूह की कंपनी है। इस कंपनी के खिलाफ सीबीआइ के रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में 12 मार्च 2019 को प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआइ ने 30 दिसंबर 2020 को इस कंपनी और इसके सहयोगियों पर चार्जशीट किया था। इसके बाद ही सीबीआइ ने मामले में अनुसंधान शुरू किया था। मनी लॉड्रिंग के तहत अनुसंधान के दौरान इडी को मधुकान ग्रुप के माध्यम से अवैध तरीके से बनायी गयी 361.29 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति का पता चला है, जिस पर आगे का अनुसंधान जारी है।

## रांची-टाटा मार्ग पर 163 किलोमीटर के फोर लेन निर्माण का मिला था काम

मधुकान ग्रुप की कंपनी मेसर्स रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर 114 से




277.50 किलोमीटर यानी कुल 163.50 किलोमीटर के फोर लेन निर्माण का प्रोजेक्ट दिया था। निर्माण कार्य रांची-टाटा रोड पर रांची से रड़गांव तक के लिए था। काम 18 मार्च 2011 को कंपनी को मिला था। कंपनी के संस्थापक निदेशक कम्मा श्रीनिवास राव, नामा सीतैया और नामा पृथ्वी तेजा थे। आरोप है कि कंपनी ने पूरी ऋण राशि प्राप्त करने के बावजूद परियोजना को पूरा नहीं किया, जिसके चलते बाद में उसका अनुबंध समाप्त कर दिया गया। इसके बाद धोखाधड़ी जांच कार्यालय और एनएचएआइ की रिपोर्ट के आधार पर हाइकोर्ट ने प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था।

## केनरा बैंक से लिया था 1030 करोड़ रुपये का ऋण

इडी जांच में पता चला कि मेसर्स रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड ने अपने निदेशकों और प्रमोटरों के सहयोग से केनरा बैंक से 1030 करोड़ रुपये का ऋण ले लिया था। ऋण जिस उद्देश्य के लिए लिया था, उसका उपयोग नहीं कर, उस राशि को दूसरी जगह स्थानांतरित किया। मुखौटा कंपनियों में राशि का हस्तांतरण किया। कंपनी पूरी राशि निकालने के बावजूद काम पूरा नहीं कर सकी। फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर बैंक के साथ भी धोखाधड़ी की गयी। राष्ट्रीय राजमार्ग अथॉरिटी को भी धोखा दिया। बाद में कंपनी का खाता एनपीए हो गया। मधुकान ग्रुप ने केवल 50.24 प्रतिशत ही काम किया और ऋण की राशि 90 प्रतिशत तक निकाल ली। इडी जांच में यह बात सामने आयी है कि मधुकान समूह ने परियोजना के लिए लिये गये ऋण की हेराफेरी कर दी।

# पारा शिक्षकों के मुद्दों पर हाइकोर्ट ने सरकार से मांगा विस्तृत जवाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टेट परीक्षा पास पारा शिक्षकों के समायोजन के मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। कोर्ट ने पारा शिक्षकों द्वारा उठाये गये दो बिंदुओं पर विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश राज्य सरकार को पूर्व में ही दिया था, लेकिन मामले में राज्य सरकार की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया। इसके बाद कोर्ट ने सोमवार को पारा शिक्षकों द्वारा उठाये गये दो बिंदू पर विस्तृत जवाब देने का निर्देश दिया है। इसमें से एक बिंदू, जिनमें यह कहा गया था कि पारा शिक्षकों को जो वेतन मिलता है, वह सहायक शिक्षक के बराबर मिलना चाहिए तथा दूसरे बिंदू, जिसमें यह कहा है कि वे लंबे समय से पारा शिक्षक के रूप में काम कर रहे हैं, ऐसे में उन्हें रेगुलराइज किया जाना चाहिए। इन दोनों पर अदालत कंप्रिहेंसिव जवाब राज्य सरकार को देने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को निर्धारित



की गयी है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को हुई। प्रार्थी सुनील कुमार यादव और अन्य समेत करीब 111 याचिकाएं पारा शिक्षकों के सहायक शिक्षक के रूप में वेतन और नियमितीकरण के मामले में हाइकोर्ट में दाखिल की गयी हैं। याचिका में कहा गया है कि पारा शिक्षक के पद पर वे 15 वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं। साथ ही वे शिक्षक पद की अहर्ता पूरी करते हैं। राज्य सरकार उनकी सेवा को स्थायी करे और उन्हें सहायक शिक्षक के पद पर समायोजित किया जाये। साथ ही समान कार्य के बदले समान वेतन उन्हें दिया जाये।

# अमित अग्रवाल थे इडी की हिरासत में, कैसे हो गया उनका हस्ताक्षर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अमित अग्रवाल द्वारा सुप्रीम कोर्ट में क्रिमिनल रिट दायर करने पर विवाद खड़ा हो गया है। यह विवाद इसलिए हो रहा है, क्योंकि वकालतनामा पर उनके हस्ताक्षर को 12 अक्टूबर को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक द्वारा सत्यापित किया गया था, जब वह न्यायिक हिरासत में नहीं थे। वह प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में थे।

**और जेल प्रशासन ने कर दिया वेरिफाई**

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उनकी याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ चार्जशीट को रद्द करने की मांग की थी। उनके वकील कपिल सिब्बल के तर्कों को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए।

## हस्ताक्षर की पुष्टि चौंकाने वाली बात

झारखंड जेल प्राधिकरण द्वारा इडी की पुलिस हिरासत में वकालतनामा पर अमित अग्रवाल के हस्ताक्षर की पुष्टि चौंकाने वाली बात है। एजेंसी ने अमित अग्रवाल को 7 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था और अगले दिन उन्हें विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश किया गया था। विशेष अदालत ने उन्हें पूछताछ के लिए सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। एजेंसी ने 14 अक्टूबर को अमित अग्रवाल और अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ अभियोजन की शिकायत दर्ज करायी थी। उसी दिन उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसका मतलब है कि अमित अग्रवाल 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर की दोपहर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में थे। केवल 9 अक्टूबर को उन्हें बिरसा मुंडा जेल में रखा गया था। अब सवाल यह उठता है कि बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल ने 12 अक्टूबर को वकालतनामा पर अमित अग्रवाल के हस्ताक्षर का सत्यापन कैसे किया, जब वह न्यायिक हिरासत में नहीं थे। सूत्रों के मुताबिक इडी मामले की जांच कर रही है और कानूनी सलाह भी ले रही है।

## याचिका की प्रति इडी को नहीं मिली

एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि विशेष रूप से, इडी को उस याचिका की प्रति भी नहीं मिली, जो अमित अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर की थी, जबकि कोलकाता पुलिस को एक प्रति दी गयी थी।

# रेलवे पटरी से शव बरामद, हत्या की आशंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नामकुम रेलवे स्टेशन के समीप रेल पटरी से अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। जीआरपी के अनुसार पोल नंबर 417/21 शव से बरामद किया गया है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पायी है। स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पर देखा कि एक शव पड़ा हुआ है। इसके बाद इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। मृत व्यक्ति के शरीर पर कई जख्म के निशान मिले हैं। आशंका जतायी जा रही है कि व्यक्ति की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया है। मामले की जानकारी मिलते जीआरपी ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चैंबर ने फिल्म अभिनेताओं का किया सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान बॉलीवुड अभिनेता अली खान, प्रदीप काबरा और फिल्म डायरेक्टर नवीन केरकेट्टा को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष किशोर मंत्री और फिल्म उप समिति के चेयरमैन आनंद जालान ने संयुक्त रूप से बॉलीवुड अभिनेताओं का सम्मान करते हुए उनके अभिनय की प्रशंसा की और झारखंड में फिल्म निर्माण के लिए आमंत्रित किया। यह कहा कि खूबसूरत वादियों के कारण



झारखंड बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। राज्य के लोकेशन भी फिल्मों की शूटिंग के अनुकूल हैं, यहां कलाकार और टेक्निकल सपोर्ट भी मिलने लगा है। मौके पर बॉलीवुड अभिनेता अली खान और प्रदीप काबरा ने कहा कि झारखंड से उनका विशेष लगाव है। राज्य को नेचुरल सुंदरता के कारण बॉलीवुड कलाकार पसंद करने लगे हैं। फिल्म डायरेक्टर नवीन केरकेट्टा ने कहा कि राज्य में फिल्म निर्माण होने से स्थानीय कलाकारों को भी अवसर मिल रहा है। विदित हो कि दोनों ही बॉलीवुड अभिनेता नवीन केरकेट्टा द्वारा निर्मित भोजपुरी फिल्म दुल्हन चाही बिहार के गुमला में आयोजित प्रीमियर शो के दौरान रांची आये थे।

### गुस्सा : सैकड़ों की संख्या में पीड़ित पहुंचे थाना, विरोध में की नारेबाजी

# कोतवाली और सदर थाने में सहारा इंडिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के लगभग डेढ़ करोड़ से अधिक गरीबों और साधारण मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन की गाढ़ी कमाई को लूटने वाले सहाराश्री सुब्रत रॉय के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में सहारा निवेशक और सहारा एजेंट ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले सहारा इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ सोमवार को फिर कोतवाली थाना और सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। दर्ज प्राथमिकी में सहाराश्री सुब्रत राय के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गयी है। इस संबंध में कांग्रेस नेता आलोक दुबे के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी और सदर थाना प्रभारी को एफआइआर के लिए आवेदन की कॉपी दी गयी। दर्ज आवेदन में कहा गया है कि रांची में सहारा की तीन सहकारी समिति और कंपनी में धन निवेश किया गया था, जिसमें सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, सहारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, सहारा मल्टी परपस सोसायटी लिमिटेड, सहारा क्यू शॉप कंपनी, जिसकी परिपक्वता राशि सिर्फ हीनू शाखा में लगभग 11 करोड़ पचास लाख हो जाने के बाद भी कई वर्षों से भुगतान नहीं हो रहा है। भुगतान के संबंध में एफसी मैनेजर सुनील कुमार सिंह, सेक्टर मैनेजर विजय महतो, जोनल चीफ पीएंन सिंह, बिजनेस एडवाइजरी गणेश भगत, सेक्टर एडवाइजरी गणेश साहू, रीजनल मैनेजर दिनेश कुमार और रंजन कुमार सिंह, सतीश चन्द्र सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सहकारी बैंक कर्मियों की 19 को धरना की तैयारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य सहकारी बैंक कर्मचारी संघ ने सोमवार को काला बिल्ला लगा कर काम किया। बैंक के मुख्यालय सहित राज्यभर की105 शाखाओं में विरोध प्रदर्शन कर काम किया गया। 18 अक्टूबर को भी बैंक कर्मी काला बिल्ला लगा कर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी जाती हैं, तो 19 अक्टूबर को मुख्यालय परिसर में गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जायेगा। संघ के अध्यक्ष अनिल पी पन्ना ने कहा कि कई सालों से बैंक के कर्मचारी अपनी मांगों को प्रबंधन के समक्ष रखते आ रहे हैं, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी अभी तक कर्मचारियों की बेसिक मांग भी पूरी नहीं की गयी है। उनका कहना है कि अन्य राज्य के सहकारी बैंकों की तुलना में झारखंड राज्य सहकारी बैंक के कर्मचारियों का वेतनमान बहुत कम है। संघ के महासचिव चंदन कुमार प्रसाद ने कहा कि हम लोग कई सालों से कर्मचारियों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने हम लोगों की मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया, जो बेहद निराशाजनक है। अब उनके सामने आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। 19 अक्टूबर के आंदोलन के बाद भी यदि प्रबंधन उनकी मांगों को नहीं मानता है, तो 26 अक्टूबर को एक दिवसीय हड़ताल और तालाबंदी की जायेगी। इस दौरान संतोष साहू, चंदन कुमार प्रसाद समेत अन्य भी मौजूद रहे। ग्रेड-पे में बढ़ोत्तरी, कर्मचारियों को प्रमोशन, रिक्त पदों पर बहाली, स्टेशनरी आपूर्ति की समस्या का समाधान, कर्मचारियों का मेडिकल इंश्यारेंस, बैंक में शीर्ष प्रबंधन का गठन।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची की कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर अल्बेंडाजोल की दवा दी गयी। विद्यालय के प्राचार्य राज किशोर शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सरकार द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। वहीं जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने अल्बेंडाजोल की खुराक को उपयोगी बताते हुए इस कार्यक्रम को बच्चों के हित में सराहनीय कहा। उप प्राचार्य केआर झा ने कृमि से होनेवाली बीमारियों और कृमि मुक्ति दवा के लाभ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ रहें, इसके लिए दवा की खुराक समय-समय पर लेना अति आवश्यक है। इससे मन और तन दोनों स्वस्थ रहते हैं। विद्यालय की एकेडमी डायरेक्टर डॉक्टर सिमी मेहता ने कृमि मुक्ति दवा एल्बेंडाजोल को सभी बच्चों के लिए अति महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। यदि शरीर स्वस्थ है, तो मनुष्य कोई भी कार्य मन लगा कर कर सकता है। यह कार्यक्रम सभी शिक्षकों के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में खेल का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू रांची के विद्यार्थियों ने कलस्टर स्तरीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में अपने खेल कौशल का यथासामर्थ्य प्रदर्शन किया। क्रिकेट में बारहवीं कक्षा के सत्यम कुमार सिंह, बैडमिंटन में नवीं कक्षा की अनन्या सिंह और टेबल टेनिस में ग्यारहवीं कक्षा के शत्रुंजय चक्रवर्ती प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट रहे। डीएवी बिस्टुपुर और एनआइटीडीएवी आदित्यपुर, जमशेदपुर में आयोजित बैडमिंटन गर्ल्स, टेबल टेनिस बॉयज में टीम ने स्वर्ण पदक जीता। डीएवी पुंदाग में निहारिका ने कराटे में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा वुशु में पॉच स्वर्ण, कराटे में एक रजत, ताइक्वांडो में छह कांस्य पदक जीता। ओवरऑल कराटे और बॉक्सिंग में टीम तीसरे स्थान पर रही।डीएवी डाल्टनगंज में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने रजत पदक हासिल किया। ओवरऑल बैडमिंटन बॉयज में टीम दूसरे स्थान पर तथा बास्केटबॉल बॉयज और गर्ल्स में टीम तीसरे स्थान पर रही।

### सीआइपी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



रांची (आजाद सिपाही)। सीआइपी, रांची ने सोमवार को युवा-इंडिया ट्रस्ट, ओरमांझी, रांची के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। युवा-इंडिया ट्रस्ट दूरदराज समुदायों के क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे लड़कियों के साथ काम करता है जो सामाजिक और आर्थिक रूप पिछड़े हैं और उनकी समग्र शिक्षा और विकास के लिए बड़े स्तर पर काम करता है जिससे ऐसे लोगों को मुख्य धारा से जोड़ सके। इस पलह को देखते हुए सीआइपी, रांची भी उन लोगों के भावनात्मक कल्याण को सुधारने और बढ़ाने के लिए सेवाएं प्रदान करेगा और शिक्षकों को स्कूल में तनाव संबंधी मुद्दों को संभालने और भावनात्मक समस्याएं पहचानने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इस समझौता ज्ञापन पर प्रो बासुदेव दास, निदेशक, सीआइपी और शीना चाको, प्रिंसिपल युवा-इंडिया ट्रस्ट द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

### जय मां काली पूजा समिति भूत बंगला पंडाल का करेगी निर्माण




रांची (आजाद सिपाही)। जय मां काली पूजा समिति जयपाल सिंह स्टेडियम कचहरी रोड रांची की ओर से धूमधाम से काली पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। इस बार समिति की ओर से पुरानी हवेली भूत बंगला के पंडाल का निर्माण कराया जायेगा। समिति के अध्यक्ष रिंकू वर्मा ने बताया कि 24 अक्टूबर को मां काली की पूजा-अर्चना होगी, 25 को सूर्य ग्रहण के कारण कपाट बंद रहेंगे। 26 को महाआरती का आयोजन किया जायेगा। इसमें 501 महिलाएं शामिल होंगी। 27 को भोग वितरण किया जायेगा और 28 को शाम 4 बजे मां का विदाई विसर्जन किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


# युवा कांग्रेसी रोहित राज की सड़क दुर्घटना में मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस नेता, युवा व्यवसायी एवं समाजसेवी रोहित राज का देर रात तैमारा घाटी में कार दुर्घटनाग्रस्त होने से निधन हो गया। वह शनिवार रात 1 बजे अपनी कार से चौका स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार में आ रही ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी और अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही ट्रक चालक गाड़ी छोड़ कर भाग गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। सूचना पाकर दुर्घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और काफी मशक्कत कर कार में फंसे युवा नेता रोहित राज को बाहर निकाला, और अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन उसी दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। देर रात शव अस्पताल पहुंचने पर युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव राजेश कुमार सनी, युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा समेत दर्जनों नेता कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे। रविवार को रिम्स में उनके शव का पोस्टमार्टम किया गया। मुक्तिधाम में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने पहुंच कर दुख प्रकट किया। रोहित पतरातू के रहनेवाले थे। पतरातू स्थित होटल कंफर्ट रेसिडेंसी एवं श्रीराम प्लाईवुड के संचालक थे।

**कांग्रेस भवन में शोक सभा :** रविवार को कांग्रेस भवन में रोहित राज के निधन पर शोकसभा का आयोजन कर मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। रोहित राज के निधन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास, राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, फुरकान अंसारी, सांसद गीता कोड़ा, कुमार राजा, प्रदीप बालमूचु, सुखदेव भगत, राज्यसभा सांसद धीरज साहू, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मधु कोड़ा, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, विधायक दीपिका पांडे, बंधु तिर्की, कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह, भूषण बाड़ा,अंबा प्रसाद, रामचंद्र सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, सोनाराम सिंकू, ममता देवी, प्रदीप यादव, कमलेश महतो आदि ने शोक व्यक्त किया।

### पीआइबी और नेहरू युवा केंद्र का 31 अक्टूबर 2022 तक चलेगा स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम 2.0

# राज्य स्तर पर 251 प्रखंडों में 511600 किलो कचरा इकट्ठा करने और 253400 युवा स्वयं सेवक जुटाने का लक्ष्य रखा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** पत्र सूचना कार्यालय, रांची एवं नेहरू युवा केंद्र ने मंगलवार को आकाशवाणी परिसर में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता का आयोजन कर स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम 2.0 की उपलब्धियों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। स्वच्छ भारत कार्यक्रम का उद्देश्य 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक देश के सभी जिलों में सार्वजनिक स्थानों और घरों की सफाई का आयोजन करना है और जागरूकता पैदा करने के लिए समाज के सभी वर्गों, गैर-सरकारी संगठनों सहित सरकारी संगठनों को शामिल करना है। साथ ही इसका उद्देश्य नागरिकों में अपने आस-पास की जगहों को साफ और कचरा मुक्त रखने को लेकर गर्व की भावना भरना है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची और इसके क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला, दुमका, डालटनगंज एवं धनबाद के द्वारा 01 अक्टूबर 2022 से 14 अक्टूबर 2022 तक 12 आउटडोर स्वच्छता के कार्यक्रम चलाये गये हैं। इसी अवधि में इनडोर स्वच्छता कार्यक्रमों की संख्या 10 है। स्वच्छता कार्यक्रमों के दौरान जनप्रतिनिधि, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस, स्वयं सेवी संस्थाएं, जिला प्रशासन, स्कूल आदि को शामिल कर चिह्नित जगहों पर स्वच्छता के कार्यक्रम चलाये गये। इस दौरान डस्टबिन, झाड़ू, ग्लव्स, सैनिटाइजर आदि देकर अभियान में शामिल लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम और शहर के विभिन्न स्थानों पर बैनर और स्टैंडी के माध्यम से भी लोगों को स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम 2.0 की जानकारी दी गयी। केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा अक्टूबर माह में 05 और स्वच्छता कार्यक्रम झारखंड के हजारीबाग, गुमला, गढ़वा, रांची एवं धनबाद जिले में आयोजित किया जायेगा।

नेहरू युवा केंद्र संगठन की राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने संगठन की स्वच्छता अभियान की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम तीन चरणों में पूरा किया जा रहा है। एनवाइकेएस मुख्यालय के द्वारा राज्य स्तर पर 251 प्रखंडों में 511600 किलो कचरा इकट्ठा करने एवं 253400 युवा स्वयं सेवक जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। 16 अक्टूबर तक इस लक्ष्य के अनुरूप 250000 किलो कचरा इकट्ठा किया गया है और 254000 किलो कचरे का प्रबंधन किया गया है। स्वच्छता के कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जा रहा है, जिससे लोग काफी प्रेरित हो रहे हैं। सार्वजनिक स्थलों, विरासत स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों पर खास तौर से स्वच्छता अभियान चला कर उन्हें गंदगी से मुक्त किया जा रहा है। 31 अक्टूबर तक संगठन का लक्ष्य सभी जिलों में प्राप्त कर लिया जायेगा। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के उप निदेशक एसपी सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने संबोधित किया। इस मौके पर आकाशवाणी रांची के आरएनयू के प्रभारी एवं उप निदेशक अब्दुल हमीद मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कैश कांड: बेल पर जल्द सुनवाई के लिए राजीव कुमार के अधिवक्ता ने कोर्ट से किया आग्रह

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने अपनी जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई के लिए अदालत से आग्रह किया है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में मेंशन अपील की है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में राजीव कुमार के अधिवक्ता ने जल्द सुनवाई का अनुरोध किया है। बता दें कि 11 अक्टूबर को अधिवक्ता राजीव कुमार ने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की है। 1 अक्टूबर को रांची इडी की विशेष कोर्ट ने उन्हें बेल देने से इंकार करते हुए बेल पिटीशन खारिज कर दी थी। निचली अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद राजीव कुमार ने हाईकोर्ट से बेल देने की गुहार लगायी है।

### रांची में आज से लगेगा स्मार्ट मीटर, पहले चरण में अपर बाजार में लगेंगे 1000 मीटर

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर लगाने का काम मंगलवार यानी 18 अक्टूबर से शुरू कर दिया जायेगा। लंबे समय से राजधानी शहरी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगने का इंतजार कर रहे थे, उनका इंतजार अब खत्म होगा। राजधानी रांची में जेनस कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जायेगा। रांची के शहरी इलाकों के साढ़े तीन लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे, जिसमें दो सौ पचास करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। 45 हजार स्मार्ट मीटर रांची पहुंच चुका है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत एक हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे। अपर बाजार इलाके से स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू किया जायेगा। यह एक हजार स्मार्ट मीटर उन लोगों के घर में लगाये जायेंगे, जिन्होंने बिजली के नये कनेक्शन के लिए पहले से आवेदन कर रखा है। इसके बाद राजधानी के अन्य इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया जायेगा। रांची पहुंचे 45 हजार स्मार्ट मीटरों में एक हजार मीटर एमआरटी जांच के लिए भेजा गया था।

### पूजा समिति के लोगों को किया गया सम्मानित




**रांची (आजाद सिपाही)।** एक पहल स्वयंसेवी संस्था की ओर से रांची प्रेस क्लब में दुर्गा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रांची शहरी क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल के पदाधिकारियों को मोमेंटो और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बेस्ट पंडाल बेस्ट मूर्ति और ओवरऑल का खिताब भी अलग-अलग पूजा पंडालों को दिया गया। एक पहल स्वयंसेवी संस्था की निर्देशिका अंकिता वर्मा ने कहा कि पूजा समिति के लोगों को सम्मानित कर कर हम गौरवान्वित हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, अशोक चौधरी, मुनचुन राय, शकील और संस्था की निर्देशिका अंकिता वर्मा शामिल थीं। बेस्ट पंडाल का अवार्ड नवयुवक संग बकरी बाजार को दिया गया। रनरअप के रूप में पंचमुखी मंदिर हरमू को दिया गया। बेस्ट मूर्ति का खिताब आरआर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड को दिया गया और ओसीसी क्लब को। ओवर ऑल में 2 पंडालों को ओवरऑल का खिताब दिया गया, जिसमें रांची रेलवे स्टेशन और चंद्र शेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति है। बांध गाड़ी और बूटी मोड़ स्थित पंडाल को अट्रैक्टिव पंडाल का अवार्ड दिया गया। साथ ही में चैती दुर्गा पूजा समिति को सबसे पुराने मंदिर होने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से निर्देशिका अंकिता वर्मा, शकील, मनीष वर्मा, शमशेर, साहिल के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### पूजा समिति के पदाधिकारियों का चुनाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** जय मां काली पूजा समिति जयपाल सिंह स्टेडियम कचहरी रोड रांची ने धूमधाम से काली पूजा मनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष के पूजा समिति के पदाधिकारियों का भी चुनाव किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, बसंत चंद्रवंशी, संरक्षक किशन लोहिया, महेंद्र वर्मा सागर वर्मा, डब्ल्यू वर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, दीपक वर्मा, राजू वर्मा, संजय सिंह, सपन साहू, पिंटू साहू, दीपक वर्मा, पिंटू वर्मा, मुन्ना वर्मा, बन्नू वर्मा, पारस राम, संयोजक दीपू सिंह, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, अध्यक्ष रिंकू वर्मा, महामंत्री सोनू मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष गोलू वर्मा, उपाध्यक्ष गोपी वर्मा, मुन्ना वर्मा, वेद प्रकाश मिश्रा, विष्णु शर्मा, बबलू वर्मा, प्रचार मंत्री भीम वर्मा, पंडाल प्रभारी निखिल वर्मा, सह मंत्री धनी वर्मा, विकास वर्मा, जितेश वर्मा, विककी वर्मा, कुंदन कुमार, रोशन वर्मा, शुभम वर्मा, छोटू वर्मा, राज महतो, कोषाध्यक्ष रंजीत वर्मा चुने गये। इनके अलावा 21 कार्यकारिणी सदस्य चुने गये।

# भारतीयों के पूर्वज ब्रह्मा, दक्ष और मनु हैं : पंडित रामदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भागवत कथा व्यास सुखदेव जी मनोविज्ञानी आचार्य हैं। वे कहते हैं कि भौतिक शरीर में परमार्थिक शरीर का चिंतन करो और ओम का मानसिक जप करो, इस शरीर को विराट पुरुष का चिंतन करो, तो विराट हो जाओगे, ऐसा यदि आमजन भी करते हैं, तो इसका लाभ होगा। आप भी जो रोज कुछ मिनट के लिए पूजन काल में अपने शरीर में विराट पुरुष की अनुभूति करेंगे और ओम का मानसिक जप करेंगे, उन्हें रोग, शोक से मुक्ति मिलेगी। यह भागवत का दर्शन है। परिक्षित शुक से सृष्टि का विकास क्रम पूछते हैं। यह डार्विन के विकासवाद से भिन्न है। डार्विन के बाप दादा बंदर, मेढक हों, तो उन्होंने कहा कि हम बंदर मेढक की संतान हैं। उक्त बातें पंडित रामदेव पांडेय ने श्री राम सह शनि मंदिर प्रांगण रांची यूनिवर्सिटी कॉलोनी बरियातू में श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन कहीं। उन्होंने कहा कि शुक ने कहा : ब्रह्मा, विष्णु महेश और दुर्गा ही ओम है। इसी ओम ने ब्राह्मंड में बिग बैंग का विस्फोट कराया। इससे पंच तत्व बना। इसी पंचतत्व से दुनिया बनी। शिव ने अर्धनारीश्वर होकर स्त्री रूप दिखाया और नर-नारी का डेमो दिखाया और ब्रह्मा ने दो क्रम से सृष्टि का विकास किया। एक से दक्ष, मनु, कश्यप, दिति अदिति तो दूसरी तरफ अवतारवाद से मछली, कछुआ, वराह, नरसिंह, वामन, राम और कृष्ण जैसे महामानव, राजा दक्ष की साठ बेटी से मनुष्य, राक्षस, पशु पक्षी, नाग आदि का वंश चला है। यही है सृष्टि का विकास और तब से लेकर कृष्ण के परधाम गमन तक की कथा भागवत में है। इसमें ज्ञान विज्ञान की वैसी कथाएं हैं, जो आज का विज्ञान पांच हजार साल बाद भी नहीं कर सकता है। महिला भक्ति परिषद् की ओर से आयोजित श्रीमदभागवत कथा आगामी 21 अक्टूबर तक चलेगी।

## सुखराम बिरुआ और अखिलेश जदयू से जुड़े

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व में झारखंड विकास मोर्चा के नेता रहे और मझगांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके सुखराम बिरुआ ने अब जदयू का दामन थामा। उन्होंने कहा है कि वे अब जदयू की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। जदयू पार्टी में रह कर वे आदिवासी समाज के लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाने का कार्य करेंगे। साथ ही मझगांव विधानसभा समेत कोल्हान में जदयू को मजबूत करने में अपना पूरा जोर लगाएंगे। सुखराम बिरुआ के अलावा भाजपा के अखिलेश राय, शिक्षाविद और समाजसेवी अनुरंजित सिंह और टीएमसी नेता अनु सिंह के साथ उनके दर्जनों समर्थकों ने भी अब जदयू की सदस्यता ग्रहण की। सबों ने पार्टी की मजबूती के लिए अपनी पूरी ताकत लगाने की बात कही है।

# राजभवन में रखा लिफाफा बंद नहीं है वह तो कब का खुल चुका है: सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजनीति में इन दिनों एक चिट्ठी का इंतजार बेसब्री से हो रहा है। इस चिट्ठी की प्रतीक्षा ना सिर्फ सत्तापक्ष और विपक्षी नेताओं को है, बल्कि आम लोगों की भी इसको लेकर उत्सुकता भी लगातार बढ़ती जा रही है। मामला सीएम हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट से जुड़े केस से सम्बंधित है। 18 अगस्त को सुनवाई होने के बाद भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अपनी परामर्शी चिट्ठी दिल्ली से राजभवन रांची भेजी जा चुकी है। इसपर राज्यपाल ने अबतक अपना मंतव्य नहीं भेजा है। राज्यपाल रमेश बैस ने चिट्ठी के संबंध में चुटकी लेते हुए बीते दिनों एक कार्यक्रम में कहा कि लिफाफा चिपक गया है, खुल नहीं रहा। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि या भारत में पहली ऐसी घटना है जिसमें सीएम चुनाव आयोग और राज्यपाल के दरवाजे पर जाते हैं। उनसे हाथ जोड़कर पूछते हैं कि उनकी सजा क्या है। उनकी सजा के बारे में उन्हें बताया जाए। सीएम के इस बयान के बाद भाजपा और झामुमो में जुबानी जंग जारी है। इसी बीच निर्दलीय विधायक सरयू राय ने ट्वीट कर बंद लिफाफे के संबंध में कहा कि राजभवन में रखा लिफाफा बंद नहीं है। वह तो कब का खुल चुका है। ऐसा नहीं कि मजमून से हेमंत सोरेन अनभिज्ञ हैं। उनकी फोनटेपिया मशीनरी के पास प्रासंगिक वातार्लाप का रिकॉर्ड पहले दिन से है।

# बद से बदतर होते रिम्स के हालात



**मृत्युंजय शर्मा**

झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स की बदहाली एवं कुव्यवस्था पर झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीर सवाल उठाये हैं। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन एवं जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान अदालत ने फिर एक बार रिम्स की कार्यशैली पर कड़ी टिप्पणी की। झारखंड हाइकोर्ट ने कहा कि रिम्स अस्पताल में रोगियों का इलाज नहीं होता है। रिम्स खुद ही एक रोगग्रस्त संस्थान बन गया है, जिसे इलाज की सख्त जरूरत है। कोर्ट के कई बार आदेश के बाद भी रिम्स में कोई सुधार होता नहीं दिखा। हाईकोर्ट ने इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए अगली सुनवाई के दौरान रिम्स निदेशक को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश भी दिया।

राजेंद्र चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (आरएमसीएच) की स्थापना साल 1960 में की गयी थी। बाद में इस अस्पताल को अपग्रेड करके 15 अगस्त 2002 राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) बनाया गया। कहने को तो इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल के रूप में विकसित किया गया, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत है। यहां सरकार की गैर-जिम्मेदार नीतियों के परिणामस्वरूप चिकित्सकों की कमी, स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही और आधारभूत मेडिकल सुविधा की कमी लगातार देखने को मिलती है। ऐसा नहीं है कि रिम्स के ऊपर हाइकोर्ट ने पहली बार टिप्पणी की है। समय-समय पर हाइकोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए सरकार को आइना दिखाने का काम करती रही है। इससे पहले इसी वर्ष 28 जनवरी को भी झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की बदहाली पर गंभीर नाराजगी जतायी थी। हाइकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि रिम्स की जो स्थिति है, वैसे में इसे कोई बचा नहीं सकता। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल की ऐसी हालत दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार और रिम्स प्रबंधन नौ महीने से चिकित्सकीय उपकरण खरीदने की बात कह रहे हैं, लेकिन आज भी वैसी ही स्थिति है। योग्य चिकित्सक नहीं मिलने की बात कह चिकित्सकों के पदों को खाली रखा जा रहा है। हाइकोर्ट ने कहा कि क्या डाक्टर नहीं मिलेंगे तो संस्थान को बंद कर दिया जायेगा? रिम्स में बहुत से पद खली पड़े हैं, लेकिन इसे जल्दी भरने को लेकर कोई गंभीरता सरकार की तरफ से देखने को नहीं मिली। न्यायालय ने इस बात को लेकर भी नाराजगी जतायी कि रिम्स के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में झारखंड राज्य का नागरिक होना अनिवार्य शर्त दी गयी है। इतने बड़े अस्पताल में सिर्फ एक सीटी स्कैन मशीन होना रिम्स प्रबंधन की व्यवस्था को बताने के लिए काफी है। इसके बाद सरकार से रिम्स में रिक्त पद, नियुक्ति, संसाधनों और संस्थान की वित्त नीति पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की थी। सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने चिकित्सीय उपकरणों की खरीद प्रक्रिया में भी अधिकारियों के रवैये पर खासी नाराजगी जतायी थी। उस समय रिम्स में चिकित्सकीय उपकरणों की खरीदारी के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन किसी में एक भी टेंडर नहीं आने के कारण खरीदारी नहीं हो सकी। हाइकोर्ट ने पूछा था कि रिम्स प्रबंधन जेम पोर्टल (जीइएम पोर्टल) से खरीदारी क्यों नहीं करता। जेम से खरीदारी करने पर कोई दिक्कत नहीं होती। इस पर हाइकोर्ट ने कहा था कि लगता है रिम्स के पास कोई वित्तीय नीति नहीं है ।

रिम्स की कुव्यवस्था की खबरें अखबार की सुर्खियां बनीं हैं। पिछले वर्ष खबर आयी थी कि ब्रेन इंजरी और गंभीर न्यूरो रोग वाले कई मरीजों का फर्श पर इलाज किया जा रहा था। इसमें बहुत से गंभीर मरीज फर्श पर चादर बिछा कर अपने ऑपरेशन का इंतजार कर रहे थे। इस पर मानवाधिकार आयोग ने रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग को नोटिस भेजा था। झारखंड में प्रति लाख आबादी पर सिर्फ 6 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जो देश के औसत और मानकों से बहुत कम है। आइपीएचएस गाइडलाइन के अनुसार झाखंड में 7564 डॉक्टरों की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में ये संख्या केवल 2306 है। स्टाफ नर्स की संख्या 1891 आवश्यक है, जबकि वर्तमान में ये संख्या सिर्फ 993 है। यहां स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के 85 फीसदी पद खाली पड़े हैं। साफ है कि यहां बड़े पैमाने पर नियुक्ति की जरुरत है।

कोरोना के दौरान मई 2020 में रिम्स के निदेशक डॉ डीके सिंह को कार्य मुक्त करने का मामला सामने आया था। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर सवाल उठे थे। आपदा के समय रिम्स के सबसे बड़े अधिकारी को हटाने का मामला किसी के गले नहीं उतर रहा था। जब विवाद बढ़ा तो आनन-फानन में स्वास्थ्य मंत्री ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और रांची के तत्कालीन डीसी छविरंजन को रिम्स का अपर निदेशक बना दिया। स्वास्थ्य मंत्री बनने के एक साल के अंदर रिम्स जैसी स्वायत्त संस्था से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के गाड़ी उपहार स्वरूप लेने का मामला सामने आया था। रिम्स के इतिहास में ऐसा मामला पहली बार आया था, जब अनुदान पर चल रहे किसी संस्थान ने मंत्री के लिए गाड़ी खरीदने का प्रस्ताव लाया था। कोरोना काल में उस समय अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल था। बेड कम पड़ रहे थे, एंबुलेंस की भी कमी थी। इस संबंध में बवाल मचने पर तत्कालीन रिम्स निदेशक डॉ मंजू गाड़ी ने कहा कि रिम्स द्वारा मंत्री को गाड़ी तोहफे में दी जा रही है।

रिम्स की बदहाल व्यवस्था के पीछे झारखंड सरकार की कुनीतियां रही हैं। इसका खामियाजा झारखंड की आम जनता को उठाना पड़ता है। यह इस राज्य और यहां की जनता का दुर्भाग्य ही है कि हाइकोर्ट की बारंबार टिप्पणी के बावजूद सरकार ने इसकी स्थिति ठीक करने पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया।

**(लेखक, झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं)**

# कांग्रेस अध्यक्ष के लिए वोटिंग में झारखंड में भी दिखा उत्साह

## 300 डेलीगेट्स ने किया मतदान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सोमवार को हुए मतदान में झारखंड के कांग्रेसियों में भी जोरदार उत्साह दिखा। प्रदेश कांग्रेस के 319 डेलीगेट्स में से 300 ने अपने मताधिकारा का प्रयोग किया। उत्तराखंड की प्रभारी और विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने दिल्ली में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावे सांसद धीरज साहू और पूर्व सांसद तथा प्रदेश अध्यक्ष रहे डॉ अजय कुमार ने भी दिल्ली में अपने अपने वोट डाले। सूचना के मुताबिक शेष 19 डेलीगेट्स ने भी रांची से बाहर वोटिंग की है।

**सुबह से ही शुरू थी गहमागहमी :** चुनाव के दौरान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सुबह से ही गहमागहमी बनी रही थी। विधायक दल के नेता और मंत्री आलमागीर आलम, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत प्रदेश के तमाम नेता लगातार पार्टी कार्यालय में मोर्चा संभाले दिखे। निर्धारित समय के मुताबिक प्रदेश डेलीगेट्स सुबह 10 बजे से पार्टी कार्यालय में वोट देने को पहुंचने लगे थे। शाम 4 बजे तक वोटिंग प्रक्रिया चली। मतदान करने को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी डेलीगेट्स को दूरभाष के माध्यम से सभी जरूरी जानकारी पहले ही उपलब्ध करा दी गयी थी। मतदान के दौरान पीआरओ प्रकाश जोशी, एपीआरओ भवेश चौधरी एवं जितेंद्र कसाना पार्टी कार्यालय में मौजूद रहे।

**खड़गे और थरूर के लिए लॉबी :** गौरतलब है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए आज हुए चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद शशि थरूर के बीच मुकाबला है। मल्लिकार्जुन खड़गे का चुनाव अभिकर्ता के रूप में केशव महतो कमलेश, अशोक चौधरी, संजय लाल पासवान, रमा खलखो एवं शशि थरूर का चुनाव अभिकर्ता के रूप में आदित्यविक्रम जायसवाल, भुवनेश ठाकुर, डीके सिंह, अमरजीत कुमार नियुक्त किए गए थे। अब सबकी नजर 19 अक्टूबर को चुनाव परिणामों पर टिकी है।

### सर्वसम्मति से विनय सिंह अध्यक्ष मनोनीत



**रांची (आजाद सिपाही)।** महानगर काली पूजा समिति कि बैठक बिहार क्लब में रविवार को दिन के दो बजे किया गया। इसकी अध्यक्षता बिंदुल वर्मा नें किया एवं मंच संचालन नंद किशोर सिंह चंदेल ने किया। इसमें सर्वसम्मति से 6ठवीं बार विनय सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी, विशिष्ट अतिथि अजित सहाय, रमेश सिंह, विन्दुल वर्मा, आदित्य विक्रम जायसवाल, युराज पासवान, शैलेश्वर दयाल सिंह, उत्तम यादव, प्रिंस अजमानी, राज कुमार यादव, राजन वर्मा, राकेश अतिथि के रूप में भोलू सिंह, नीतू सिंह, मुस्कान पाठक, पूजा सिन्हा, सुम्मी वर्मा, अमृता शर्मा, शिल्पी वर्मा, उमंग सुल्तानिया, प्रिरीयेश सिंह, दिलीप गुप्ता, करण सिंह, मोहित रजक, रोहन सिंह, नमन भारतीय, अर्जुन सिंह,मेहुल प्रसाद, कुमार बंटी, टुन्ना सिंह, पंकज सिंह,वीरेंद्र गोप, पीयूष बिट्टू सिंह, कौशल चौधरी, धंजू नायक, विनय प्रकाश, राजेश वर्मा,धीरज वर्मा, बंटी वर्मा, छोटू वर्मा, अजित सिंह टिंकू, कुमार कुशाग्र, नवरतन साव, सचिन मिर्धा, रोविन सिन्हा,अमित गुप्ता,सावन लिंडा, विकाश सिंह, अंकित शाह, हर्ष श्रीवास्तव, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, आयुष वर्मा, अमित सोनी, संदीप राणा, आदि लोग उपस्थित थे।

### निगम चुनाव के लिए तैयार हो रही मतदाता सूची

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची नगर निगम और बुंडू नगरपालिका चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार की जा रही है। मतदाता सूची का विखंडन किया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी जिलों में मतदान केंद्रों का प्रकाशन कार्य शुरू हो गया है। इस पर मतदाताओं की आपत्तियां लेकर अंतिम रूप से मतदान केंद्रों का प्रकाशन किया जाएगा। एक जनवरी 2022 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची बन रही है।

# शी चिनफिंग को एक और कार्यकाल

चीन की राजधानी पेइचिंग में कम्युनिस्ट पार्टी का बहुचर्चित 20वां अधिवेशन रविवार को शुरू हो गया। करीब एक सप्ताह चलने वाले इस अधिवेशन पर दुनिया भर की नजरें लगी हैं तो उसकी कई ठोस वजहें हैं। इस पूरी कवायद के केंद्र में इस बार यह बात है कि शी चिनफिंग को लगातार तीसरी बार सत्ता की कमान मिलना लगभग तय है। चूंकि दो कार्यकाल की सीमा पहले ही समाप्त की जा चुकी है तो तीसरे कार्यकाल पर अब कोई बाधा नहीं रही। लेकिन कहा यह भी जा रहा है कि जैसे तीसरे कार्यकाल को संभव बनाया गया है वैसे ही चौथे और पांचवें कार्यकाल के लिए भी राह तैयार की जा सकती है। मतलब यह कि हो सकता है शी आजीवन सत्ता में बने रहें। चीन में सत्ता के केंद्रीकरण की जो स्थिति है, उसमें यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। फिर भी, इस वक्त जो सवाल देश-दुनिया के लिए ज्यादा अहमियत रखता है वह यह कि शी के नेतृत्व वाला चीन आने वाले वर्षों में किस तरह की चुनौतियों से जूझने वाला है और इसका दुनिया के अन्य देशों पर किस तरह का प्रभाव पड़ने वाला है। आंतरिक मोर्चे पर तात्कालिक नजरिए से देखें तो चीन के सामने इधर कुआं, उधर खाई जैसी स्थिति दिख रही है। उसे जल्दी ही जीरो-कोविड पॉलिसी और आर्थिक विकास की धीमी पड़ी रफ्तार पर कोई निर्णायक फैसला करना होगा। अगर वह जीरो-कोविड पॉलिसी पर गर्व करना जारी रखता है, तो इकॉनमी की गिरावट परेशान करने वाली स्थिति में पहुंच सकती है और अगर जीरो-कोविड पॉलिसी से अलग हटते हुए हुए लॉकडाउन में ढील देता है, तो वैक्सीन के सुरक्षा दायरे से बाहर की आबादी में मौत की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। दीर्घकालिक तौर पर चीन के सामने एक बड़ी दिक्कत आबादी में वृद्धों के बढ़ते अनुपात की आने वाली है, जिससे श्रमशील लोगों की कम संख्या एक बड़ी चुनौती बनेगी। बाहरी मोर्चे पर एक समय में चीन के उदय को सोवियत संघ की काट के रूप में देखने वाले देश अब उसके विकास की रफ्तार पर अंकुश लगाने की जरूरत महसूस कर रहे हैं। खास कर चीन को उसका पुराना गौरव वापस दिलाने की मंशा के चलते दक्षिण चीन सागर और लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा समेत अनेकानेक क्षेत्रों में उसकी हरकतों से खतरा महसूस कर रहे देशों की संख्या बढ़ गयी है। इसका असर न केवल सामरिक क्षेत्र में दिख रहा है, बल्कि व्यापारिक मामलों में भी खास कर वैकल्पिक सप्लाई चेन के निर्माण की कोशिशों के रूप में दिख रहा है। ताइवान एक अलग मोर्चा है ही, जिस पर दोनों तरफ से तलवारें खिंची हुई हैं। कुल मिला कर देखा जाये, तो शी के नेतृत्व का अगला चरण न केवल चीन के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए नाजुक साबित हो सकता है।

**चीन में सत्ता के केंद्रीकरण की जो स्थिति है, उसमें यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। फिर भी, इस वक्त जो सवाल देश-दुनिया के लिए ज्यादा अहमियत रखता है वह यह कि शी के नेतृत्व वाला चीन आने वाले वर्षों में किस तरह की चुनौतियों से जूझने वाला है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुनिया भर में आपराधिक गतिविधियों के बढ़ते समन्वय के जवाब में, इस साल की शुरूआत में इंटरपोल ने अपना वित्तीय अपराध और भ्रष्टाचार विरोधी केंद्र स्थापित किया। विश्व स्तर पर, अवैध वित्तीय लेन-देन के एक प्रतिशत से भी कम को रोकने और वसूली करने में सफलता मिलती है तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था इसके बढ़ते दबाव का सामना कर रही है। ऐसे में विस्तारित कार्रवाई के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है- आपराधिक संपत्तियों का पता लगाना, उन पर कब्जा करना और उन्हें जब्त करना।**

# इंटरपोल - कल्पना को मात देती वास्तविकता




जुर्गन स्टॉक

चोरी के पासपोर्ट के इस्तेमाल के जरिये सीमा पार करने का प्रयास करते हुए एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। ऑनलाइन पोस्ट की गई तस्वीरों के माध्यम से पहचाने जाने के बाद एक बाल-शोषण पीड़ित को बचाया गया। दुनिया भर में पीड़ितों को लक्षित करने वाले फि शिंग घोटाले से जुड़ी लाखों डॉलर की चोरी पकड़ी गयी। यह किसी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी नहीं, बल्कि अपने 195 सदस्य देशों का समर्थन करने वाले इंटरपोल का रोजमर्रा का काम है। आज हम जिन खतरों का सामना कर रहे हैं, वे तेज, गतिशील, अपने-आप में सशक्त और परस्पर जुड़े हुए हैं। वास्तव में, हम आपराधिक खतरे से सम्बंधित परिदृश्य में अभूतपूर्व जटिलता देख रहे हैं। इन वैश्विक खतरों से निपटने के लिए, इंटरपोल की गतिविधियां मुख्य रूप से तीन कार्यक्रमों पर आधारित हैं- आतंकवाद, साइबर अपराध और संगठित एवं उभरते अपराध, जो हमारे सदस्यों की कानून-व्यवस्था को बनाये रखने से जुड़ी चिंताओं को भी दशार्ती हैं।

दुनिया भर में आपराधिक गतिविधियों के बढ़ते समन्वय के जवाब में, इस साल की शुरूआत में इंटरपोल ने अपना वित्तीय अपराध और भ्रष्टाचार विरोधी केंद्र स्थापित किया। विश्व स्तर पर, अवैध वित्तीय लेन-देन के एक प्रतिशत से भी कम को रोकने और वसूली करने में सफलता मिलती है तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था इसके बढ़ते दबाव का सामना कर रही है। ऐसे में विस्तारित कार्रवाई के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है- आपराधिक संपत्तियों का पता लगाना, उन पर कब्जा करना और उन्हें जब्त करना। इसी पृष्ठभूमि में, हमारे वैश्विक सदस्य; 18 से 21 अक्टूबर तक नई दिल्ली में हमारी 90वीं महासभा, जो संगठन की सर्वोच्च शासी निकाय है, के लिए एकत्रित होंगे।

**डीएनए प्रोफाइल और चेहरे की पहचान के लिए फोटो सहित 126 मिलियन रिकॉर्ड हैं।**




इंटरपोल की स्थापना, क्षेत्रीय और वैश्विक पुलिस समन्वय की अत्यधिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए, 1923 में की गई थी। लगभग एक सदी बाद भी, यह आवश्यकता निरंतर बढ़ती जा रही है, क्योंकि आपराधिक परिदृश्य लगातार तेज गति से उभर रहा है। सीमा पार से सूचना के आदान-प्रदान के लिए मानदंड स्थापित करने संबंधी अभूतपूर्व पहल, अब मानक का दर्जा प्राप्त कर चुकी है। उस समय टेलीग्राम, टेलीफोन और डाक सेवाओं ने कानून प्रवर्तन सहयोग की सीमाओं का निर्धारण किया था। आज, एक बटन के क्लिक के साथ, दुनिया में कहीं भी, पुलिस तुरंत इंटरपोल के 19 वैश्विक डेटाबेस के आधार पर जांच कर सकती है, जिनमें डीएनए प्रोफाइल और चेहरे की पहचान के लिए फोटो सहित 126 मिलियन रिकॉर्ड हैं।

हमारे डेटाबेस का हर दिन 20 मिलियन से अधिक बार खोज के लिए उपयोग किया जाता है- जो प्रति सेकंड लगभग 250 उपयोग के बराबर है। अपने स्वभाव के अनुरूप, कानून प्रवर्तन परंपरागत रूप से प्रतिक्रियाशील होता है। हालांकि, जैसे-जैसे हम पुलिस सहयोग की एक नई सदी की शुरुआत कर रहे हैं, वैश्विक कानून प्रवर्तन समुदायों द्वारा अपनी प्रणालियों को भविष्य के प्रति सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाये जा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन सहयोग के सक्रिय एजेंट होने के लिए तकनीकी प्रगति को पुलिस के काम में शामिल किया जाना चाहिए। हालांकि, वैश्विक सुरक्षा के लिए मानवीय संबंध भी आवश्यक है- कोई भी मशीन आपस-में हाथ मिलाने की जगह नहीं ले सकती। कोई भी डेटाबेस किसी संवाद को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता। यही कारण है कि हमारी महासभा का आयोजन, इंटरपोल के मिशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है- एक सुरक्षित विश्व के लिए पुलिस को परस्पर जोड़ना।

दुनिया भर के पुलिस के अग्रणी लोग इंटरपोल के अनूठे मंच के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा के मुद्दों का समाधान करने के लिए आपस में विचार-विमर्श करेंगे। वे सुरक्षा और गोपनीयता के बीच संतुलन सुनिश्चित करने वाले फ्रेमवर्क की आवश्यकता सहित एक नए तकनीकी परिदृश्य को अपनाने में सीखे गए सर्वोत्तम तौर-तरीकों को साझा करेंगे। वे सफलताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे- अवैध दवाओं के कारोबार पर हुई एक कार्रवाई, जिसके परिणामस्वरूप लगभग तीन-चौथाई अरब डॉलर की बरामदगी हुई, से लेकर आपराधिक समूहों पर हुई कार्रवाई, जिसके जरिये मानव तस्करी के लगभग 700 पीड़ितों को बचाया गया। इंटरपोल के माध्यम से वैश्विक सहयोग, राष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक परिणाम कैसे लाता है, इसका एक उदाहरण हैझ हाल ही में मादक पदार्थों की तस्करी को लक्षित ऑपरेशन लायनफिश में भारत की भागीदारी। भारतीय अधिकारियों ने ऑपरेशन के दौरान हेरोइन की सबसे बड़ी खेप को पकड़ा, जिसमें मुंद्रा बंदरगाह में 75.3 किलोग्राम नशीली दवा को जब्त किया गया था। इसके बाद ऑपरेशन गरुड़ सफल हुआ, जहां केंद्रीय जांच ब्यूरो ने इंटरपोल और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ निकट समन्वय में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले ड्रग कार्टेल को लक्षित करते हुए कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप देश भर में 175 गिरफ्तारियां हुईं और 127 मामले दर्ज किए गए।

इंटरपोल के माध्यम से सहयोग के महत्व का एक अन्य उदाहरण हमारा अंतर्राष्ट्रीय बाल यौन शोषण (आईसीएसई) डेटाबेस है। आईसीएसई डेटाबेस में बाल यौन शोषण से जुड़ी चार मिलियन से अधिक तस्वीरें, वीडियो और हैश मौजूद हैं, जो प्रतिदिन औसतन सात बाल शोषण पीड़ितों की पहचान करने में मदद करते हैं। आज तक, डेटाबेस ने दुनिया भर में 30,000 से अधिक पीड़ितों की पहचान करने में सहायता की है।

इस वर्ष की शुरुआत में भारत इस विशेष डेटाबेस से जुड़ने वाला 68वां देश बन गया और वह समाज के सबसे कमजोर सदस्यों की सुरक्षा के लिए समर्पित इस वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा बनने के महत्वपूर्ण परिणाम पहले ही देख चुका है। निश्चित रूप से, लगभग 100 साल पहले इंटरपोल के निर्माण के पीछे का एक मौलिक कारण, आज भी हमारे काम में सबसे महत्वपूर्ण है- भगोड़ों को न्यायालय के समक्ष पेश करने में दुनिया के देशों की मदद करना, चाहे वे कहीं भी छिपने का प्रयास करें और चाहे वे कितनी भी दूर तक भागने की कोशिश करें।

हर साल इंटरपोल रेड नोटिस, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वॉन्टेड भगोड़ों के बारे में दुनिया भर में पुलिस को सचेत करते हैं, जिनसे विभिन्न देशों को हजारों हत्यारों, दुष्कर्म के अपराधियों, आतंकवादियों, धोखेबाजों और अन्य अपराधियों की पहचान करने तथा उन्हें गिरफ्तार करने में मदद मिलती है। हालांकि भू-राजनीतिक स्तर पर मतभेद हो सकते हैं, परन्तु कानून प्रवर्तन के लिए कानून के शासन को बनाए रखने पर ध्यान दिया जाना चाहिए और इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि जांच हमें कहां ले जा रही है, या पुलिस के लिए महत्वपूर्ण जानकारी कहां से आ रही है। वास्तव में, आज मजबूत अंतर-क्षेत्रीय पुलिस व्यवस्था एक वास्तविकता है और हम कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सीमा पार सूचानाओं का ऐसा आदान-प्रदान देख रहे हैं, जैसा वैश्विक इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया था। भारत जैसे सदस्य देशों में कानून प्रवर्तन की प्रतिबद्धता और पेशेवर दृष्टिकोण, इंटरपोल को वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं।

अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन में भारत के योगदान को स्वीकार करते हुए, पिछले साल महासभा ने केंद्रीय जांच ब्यूरो के विशेष निदेशक प्रवीण सिन्हा को एशिया के लिए कार्यकारी समिति का प्रतिनिधि चुना। भारत के समृद्ध इतिहास और भविष्य के दृष्टिकोण की पृष्ठभूमि में, दुनिया भर के प्रतिनिधि आज के सबसे महत्वपूर्ण आपराधिक मुद्दों के समाधान के लिए इकट्ठा होंगे और भविष्य के खतरों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को जारी रखने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे। पूरे वर्ष के दौरान संगठन का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन हैझ महासभा की बैठक और मैं इस आयोजन के लिए नई दिल्ली से अधिक उपयुक्त जगह के बारे में कल्पना नहीं कर सकता।

**(लेखक : महासचिव, इंटरपोल हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# महिला कॉलेज के सामने अवैध निर्माण को लेकर भाजयुमो का उपायुक्त कार्यालय पर हल्ला बोल

**प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी संग हजारों यूवाओं ने किया जोरदार प्रदर्शन**

**डीसी ने बनायी जांच समिति, पंद्रह दिनों में पूरी होगी जांच**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची स्थित ग्रेजुएट महिला कॉलेज के समक्ष क्रबिस्तान के अवैध रूप से द्वार खोले जाने एवं वहां चल रहे अवैध निर्माण के विरोध में भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के हजारों कार्यकताओं व ग्रेजुएट कॉलेज की सैंकड़ों छात्राओं ने उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। सोमवार को भाजयुमो जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अमित अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत कुमार सहित आक्रोशित हजारों युवा कार्यकताओं एवं छात्राओं ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर हल्ला बोला। कार्यकताओं ने हाथों में पोस्टर व तख्ती लेकर साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान (आमबगान) से उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर अविलंब रोक लगाने की मांग की। कार्यकताओं के भारी विरोध के बीच प्रशासन ने संध्याकाल में पार्टी के पंद्रह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। मौके पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में उपायुक्त ने सभी बातों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की। उन्होंने भाजयुमो के मांग पर एक जांच समिति का गठन किया जो पंद्रह दिनों में जांच पूरी कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा भाजयुमो जमशेदपुर के कार्यकर्ताओं ने विगत दो वर्षों से लगातार जिला प्रशासन को कब्रिस्तान में अवैध द्वार खोलने व हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की। लंबे समयावधि के बाद भी जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नही की गयी। ग्रेजुएट महिला कॉलेज में लगभग छह हजार बहनें शिक्षा प्राप्त करने आती है। कब्रिस्तान का मुख्य द्वार कॉलेज के समक्ष होने पर दिनभर वहां असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। बहनों के ऊपर गलत नियत से टिप्पणी की जाती है। ऐसे प्रयोग के पीछे लव जेहाद का खेल खेलकर इसे लव जेहाद के सेंटर के रूप के विकसित करने की तैयारी की जा रही है। बहुमंजिला इमरात का निर्माण कर वहां दुकान,मदरसा, कोचिंग संस्थान खोलकर इसके व्यवसायीकरण की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा हम ऐसी किसी भी साजिश को सफल होने नही देंगे। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा ग्रेजुएट कॉलेज की बहनों के साथ युवा मोर्चा का एक कार्यकर्ता उसके भाई के रूप में रक्षा करने को कृतसंकल्पित है। अगर मांगों पर स्थायी समाधान नही किया जाता है तो आने वाले दिनों में जमशेदपुर में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ा आंदोलन कर सरकार के तुष्टिकरण की नीति के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा दो वर्षों से इस मामले को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने जिला प्रशासन को अवगत कराया है। सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में किसलय तिवारी,गुंजन यादव, निशांत कुमार, अमित अग्रवाल, बजरंगी पांडेय, प्रदीप मुखर्जी, हिमांशु दुबे, अभिषेक तिवारी, अभिमन्यु सिंह, गणेश सरदार, सुमित श्रीवास्तव, प्रकाश दुबे, शशांक शेखर, अभिषेक दे, प्रभात शंकर तिवारी शामिल हैं।

घेराव के दौरान ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, बिनोद सिंह, कल्याणी शरण, डॉ राजीव, प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, निशांत कुमार, अमित अगरवाल, कमलेश साहू, सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, मंजीत सिंह, जितेंद्र राय, नीलू मछुआ, राजीव सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, प्रदीप मुखर्जी, नारायण पोद्दार, धर्मेंद्र प्रसाद, दिनेश शर्मा, उमेश पांडेय, अमरजीत सिंह राजा, ज्योति अधिकारी, अभिमन्यु सिंह चौहान, अजीत कालिंदी, बिनानंद सिरका, संतोष ठाकुर, दीपक झा, शशि यादव, गणेश सरदार, अजीत कुमार, सन्नी संघी, अमित सिंह, शशांक शेखर, अभिषेक दे, नीरज राष्ट्रवादी, सौरव कुमार, मनोज तिवारी, सुशील शर्मा, मुकेश सिंह, लोकनाथ त्रिपाठी, विकास सिंह, नवजोत सोहेल, कंचन दत्ता, मनीष पांडे, उमेश साव अनुराग मिश्रा, दिवपाल विश्वास, राहुल तिवारी, राहुल कुमार, इकबाल सिंह सहमी, इंदरजीत सिंह, सत्येंद्र रजक, अंसूल कुमार, विकास सिंह, अशोक सिंह शामिल रहे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी

# हेमंत सरकार में हो रहा जनता का विकास : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र स्थित जमशेदपुर प्रखंड के देवघर पंचायत भवन में झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। सोमवार को विधायक ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों के बीच हेमंत सरकार के योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर कई ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर शिविर में पहुंचे। विधायक ने उन सभी ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और शिविर में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारियों को उसका समाधान ऑन द सपोर्ट करने का निर्देश दिया। ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। मौके पर विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों के बीच कई योजनाओं के स्वीकृति पत्र का वितरण किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहल पर राज्य के जनता की सुविधा के लिए ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ से जोड़ने के लिए आपके दरवाजे तक योजना भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में जनता का विकास हो रहा है। मौके पर मुखिया शशि सिंह सरदार, घासीराम सिंह, झामुमो के जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कु, छोटू सोरेन, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य गण, ग्राम प्रधान गण, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, विभागीय पदाधिकारी, ग्रामीण शामिल रहे।

## विधायक समीर महंती ने स्वास्थ्य मंत्री से मिल कर बहरागोड़ा में 50 बेड अस्पताल निर्माण की मांग की



**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** बहरागोड़ा विधायक समीर महंती ने सोमवार सुबह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से डोरंडा रांची स्थित आवास में मिलकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और समस्याओं के निवारण पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। विधायक श्री महंती ने बहरागोड़ा में जल्द से जल्द 50 बेड अस्पताल का कार्य प्रारंभ करने की मंत्री से गुहार लगायी। विधायक ने बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक कार्रवाई करने और अस्पताल में प्रसूति रोग विशेषज्ञ समेत अन्य अतिरिक्त चिकित्सक की मांग की। मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक को आश्वस्त किया है कि जल्द ही बहरागोड़ा में 50 बेड अस्पताल की नींव रखी जायेगी और डॉक्टरों की पदस्थापना भी बहुत जल्द की जायेगी।

## चिलगू के पास एनएच-33 पर रांची से मुसाबनी लौट रहे बाइक सवार को वाहन ने मारी टक्कर, घायल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** चांडिल थाना क्षेत्र के एनएच-33 पर चिलगू के पास रांची से मुसाबनी लौट रहे एक युवक की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में मुसाबनी का रहने वाला युवक तुरपूल चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे 108 नंबर एंबुलेंस जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी में उसका इलाज चल रहा है। बाद में डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए टीएमएच रेफर कर दिया। इसके बाद घायल को टीएमएच में भर्ती कराया गया। घायल तुरपुल चौधरी ने बताया कि वह अपने काम से बाइक से रांची गया था। वहां से लौट रहा था। चांडिल के आगे चिलगु के पास उसकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

## माटियाबांधी हाई स्कूल की 9वीं के छात्र सोमेश मुर्मू का खेलने के दौरान टूटा हाथ

**चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड के माटियाबांधी आंचलिक उच्च विद्यालय के नौवीं कक्षा के विद्यार्थी कांटाबनी गांव निवासी सोमेश मुर्मू का सोमवार को स्कूल मैदान में फुटबॉल खेलने के दौरान हाथ टूट गया। छात्र के हाथ टूटने की सूचना पाकर पंचायत के उप मुखिया पिंटू महतो विद्यालय पहुंच कर छात्र के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## फूड इंस्पेक्टर ने दुकानों में की छापेमारी दुकानदार शटर गिरा कर हुए फरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** एसडीओ के निर्देश पर फूड इंस्पेक्टर अंजना मिंज ने सामान की गुणवत्ता को लेकर बाजार क्षेत्र के विभिन्न होटल एवं किराना दुकान में छापेमारी कर जांच हेतु सैंपल लिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा थाना पुलिस के साथ बाजार स्थित सदाबहार होटल में जैसे ही छापेमारी शुरू की पूरे बाजार के प्रमुख किराना दुकान एवं होटल व्यवसायियों ने अपने अपने दुकान का शटर बन्द कर फरार हो गये। छापेमारी में खोया हल्दी पाउडर सहित अन्य खाद्य सामग्री का सैम्पल लिया। हालांकि प्रतिष्ठित किराना दुकानों में छापेमारी नहीं हो सकी।

उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व के दौरान मिलावटी मिठाई के साथ मिलावटी खाद सामग्री की बिक्री बढ़ जाती है, जिस पर अंकुश लगाने को लेकर उक्त कार्रवाई की गयी। खाद सुरक्षा पदाधिकारी अंजना मिंज ने बताया की संग्रह किए गए सैंपल के गुणवत्ता की जांच की जाएगी समान की गुणवत्ता में कमजोर पाये जाने की स्थिति में संबंधित दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी के दौरान एएसआई सत्येंद्र कुमार उपाध्याय दल बल के साथ मौजूद थे।

### शिविर : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का प्रथम चरण

## डंडा पंचायत में लगा जनता दरबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम प्रथम चरण के तहत जिले के डंडा प्रखंड के डंडा पंचायत में शिविर लगाकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत आवेदन स्वीकृत करते हुए कुछ लाभुकों को सांकेतिक रूप से मौके पर ही लाभान्वित करने का कार्य किया गया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत राशि वितरित करने की स्वीकृति छात्राओं के बीच प्रदान की गयी। सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना एवं रोजगार सृजन के तहत मौके पर ही परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 300 आवेदन प्राप्त किये गये, जिसमें से कुल 17 लोगों को सांकेतिक रूप



से मौके पर ही लाभान्वित किया गया। योजना से आच्छादित होने वालों में काजल कुमारी, माया कुमारी, दिव्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, रीना कुमारी, नेहा कुमारी, अनामिका कुमारी, रूपा कुमारी, रानी कुमारी, पूजा कुमारी व अन्य हैं। आयोजित शिविर में उच्च विद्यालय किकरा डंडा की 10वीं कक्षा की छात्रा रूपा कुमारी, माता-सविता देवी, उम्र- 14 वर्ष को उपायुक्त, गढ़वा, रमेश घोलप की उपस्थिति में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया।

जेएसएलपीएस के तहत डंडा आजीविका महिला ग्राम संगठन के संगीता सिंह, विनीता देवी एवं दुर्गावती देवी को 18 समूहों के लिए क्रेडिट लिंकेज बैंक से ?18 लाख का चेक प्रदान किया गया, जबकि 11 समूहों के लिए सामुदायिक निवेश के तहत ?5 लाख 50 हजार के चेक प्रदान किये गये। सोना 100 ग्राम धोती साड़ी योजना के तहत गोविंदा चौधरी, बरती देवी एवं सुनील चौधरी को लाभान्वित किया गया। विष्णुमनिया कुंवर, नान्हू चौधरी, बंशीधर महतो, अशर्फी राम, चन्नू चौधरी एवं तेतरी देवी कुल 6 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। स्वास्थ्य एवं पोषण के तहत लगाये गये स्टाल के माध्यम से कुल 20 लोगों को कोविड-19 का बूस्टर डोज लगाया गया एवं शिविर में आए कई लोगों के बीच दवाईयां वितरित की गई। इसके अतिरिक्त आम नागरिकों को योजना का लाभ देने एवं उनके समस्याओं का निराकरण हेतु विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जहां आम जनता अपनी समस्याओं अथवा संबंधित योजना के लाभ लेने हेतु संबंधित विभाग के काउंटर पर जाकर अपना आवेदन पत्र समर्पित कर एक्नॉलेजमेंट रिसिप्ट प्राप्त कर कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान शिविर में उपस्थित सभी व्यक्तियों से उपायुक्त गढ़वा ने सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का भली-भांति जानकारी प्राप्त कर योजनाओं के लाभ लेने हेतु कहा।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## दुर्घटना में तीन वर्षीय बालक सहित दो घायल



गढ़वा (आजाद सिपाही)। मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत खजूरी गांव के समीप आज दोपहर लगभग दो बजे सड़क दुर्घटना में 2 लोग घायल हो गये। घायलों में एक 3 वर्षीय बच्चे को गंभीर चोटें आयी है। घायलों की पहचान जतरो बंजारी गांव निवासी मुमताज अंसारी के 3 वर्षीय पुत्र ऐसान राजा एंव सिराजुद्दीन अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र सद्दाम अंसारी के रूप में हुई है।

## युवक ने आत्महत्या करने के प्रयास से पिया कीटनाशक, सदर अस्पताल में भर्ती

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव निवासी मुद्रिका राम के 28 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र राम कीटनाशक पिने से घायल हो गया जितेश परिजनों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र अपने घर में ही घरेलू विवाद से तंग होकर आत्महत्या करने का प्रयास कर घर में रखे कीटनाशक दवा पी ली। जिसे घायल अवस्था मेंइलाज के लिये ले जाया गया। चिकित्सकों ने इसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## छापेमारी में बिजली चोरी करनेवाला धराया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अमल रॉय के नेतृत्व में विभाग के कर्मियों ने सोमवार की शाम ढेकुलिया गांव में छापामारी किया। छापेमारी के दौरान अवैध तरीके से बिजली की चोरी कर आरओ प्लांट चलाते में ढेकुलिया निवासी अखिलेश विश्वकर्मा को पकड़ा। जेइ अमल रॉय ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी की गयी, जिसमें ढेकुलिया के अखिलेश विश्वकर्मा को विद्युत कनेक्शन होते हुए भी बाईपास तरीके से बिजली की चोरी कर अवैध तरीके से आरओ प्लांट चलाते हुए पकड़ा गया। बिजली चोरी के आरोप में पकड़े गए व्यक्ति के विरुद्ध स्थानीय थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बलीगढ़ पंचायत सचिवालय में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी,विधायक प्रतिनिधि हेमंत पाठक,सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ, अंचलाधिकारी मेघन महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर मे आपूर्ति विभाग, पशुपालन, आवास, सामाजिक सुरक्षा, केसीसी, पंचायती राज, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस, मनरेगा,बाल विकास परियोजना सहित अन्य विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया।इस शिविर मे पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित फार्म एव लिखित आवेदन दिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि विकास के पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ एवं न्याय पहुंचाना सरकार का उद्देश्य है। इसी को लेकर आज विभिन्न विभागों के अधिकारी जनता के दरबार में आए हैं। इस कार्यक्रम में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस मौके पर मुखिया ललिता कुमारी, उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, बीस सदस्य छोटन सिंह,मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीरबल पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल पंचायत सचिवालय के प्रांगण में दिन सोमवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ रहा था। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ सत्यम कुमार प्रमुख अजय साहजीप सदस्य अंजू यादव, मुखिया इंद्रजीत कुषवाहा व पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्ज्वलित कर की गयी। उक्त कार्यक्रम के सफलता के लिए अलग अलग विभागों के लगभग 20 स्टाल लगाया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री आवास खाद्यसुरक्षा पेंशन 15वें वित्त जेएसपीएल पेयजल एवं स्वक्षता विभाग सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना आधार केंद्र बिजली विभाग से सम्बंधित स्टालों पर लोंगो की भारी भीड़ देखने को मिल रहा था, मगर सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना का लगे स्टाल पर पढ़ने वाले छात्राओं के द्वारा आवेदन देने वालों की संख्या अधिक थी। इसके लिए 250 से अधिक आवेदन प्राप्त किया गया। भारी भीड़ को देखते हुए बीडीओ सत्यम कुमार द्वारा माइक के माध्यम से प्रखंड कर्मियों को सभी आवेदन लेने की अपील करते देखे गएये। जनता दरबार में धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा मेडिकल कैंप लगाया गया। उक्त कार्यक्रम प्रखंड कर्मी रविरंजन कुमार, अजित कुमार, मनोरंजन राम, सुरेंद्र ठाकुर, जेएसपीएल के बीपीएम अंजनी कुमार, प्रधान लिपीक चोंहस, चोन्हा एक्का, अनुकूलित कच्छप, बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षिका अंजनी देवी, साबित देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जयगोपाल यादव, पारसनाथ यादव, सुधांशू मिश्रा, ताराचंद यादव उपस्थित थे।

## चार वारंटी गिरफ्तार कर भेजे गये जेल



धुरकी (आजाद सिपाही) । पुलिस ने विभिन्न मामलों के चार वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्याययिक हिरासत मे भेजते हुए गढ़वा जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि जिसमे? थाना क्षेत्र के वारंटी महबूब अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी ये दोनों बीरबल गांव के रहने वाले है, जिसमे की तीसरा मुजरिम सुनेश्वर तुरिया पिता स्वर्गीय शिवनाथ तुरिया ग्राम सगमा के रहने वाला है। वही फतेह अंसारी पिता समसुद्दीन अंसारी ग्राम बीरबल का नाम शामिल हैं। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के किसी भी मामले के वारंटीओं को बक्सा नहीं जायेगा, सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि इस गिरफ्तारी में सशस्त्र बल भी शामिल थे।

## नेहरू युवा केंद्र का युवा महोत्सव आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नेहरू युवा केंद्र संगठन गढ़वा की ओर से एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। शहर के गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट आशीष कुमार झा, एनवाईके के जिला युवा समन्वयक मोहसिन हासमी ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवल्लित कर किया। युवा कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के दौरान युवा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री झा ने कहा की एक निश्चित सोंच के साथ आगे बढ़ने पर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिला युवा समन्वयक श्री हासमी ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र लगातार युवाओं की प्रतिभा को निखारने का काम कर रही है। इस तरह के युवा महोत्सव के जरिए युवाओं को





अपनी प्रतिभा को जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम के जरिए युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच मिला है। उल्लेखनीय है कि 15 से 19 वर्ष के युवाओं के लिए आयोजित इस युवा महोत्सव के सफल प्रतिभागियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर दिया जायेगा। कार्यक्रम में मंच संचालन स्वयंसेवक अमरेंद्र ने किया।

**ये थे उपस्थित :** समाजसेवी नीरज श्रीधर, झामुमो नेत्री अनिता दत्त, यूथ आइकन चंद्रमुखी कुमारी, एमटीएस रमेश कुमार, लेखापाल चाल्स बोदरा, शंभू त्रिपाठी, रामाशंकर पांडेय, अभिषेक कुमार, विश्वविजय सिंह, अनूप ठाकुर, अजय शुक्ला, अरविंद तिवारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक पूजा कुमारी, सूफिया खातून, कल्पना तिवारी, रानी कुमारी, कुमारी पूजा सिंह, रंजना सिंह, मोहित चौधरी, सत्यम कुमार, पियूष कुमार चौबे, धर्मेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, धनंजय यादव, राहुल कुमार उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता में इन्हें किया गया सम्मानित :** युवा संवाद प्रतियोगिता में शिल्पी साक्षी को प्रथम शिवम कुमार चौधरी को द्वितीय पीयूष कुमार को तृतीय श्रेणी के लिए पुरस्कृत किया गया. इसी तरह फोटोग्राफी प्रतियोगिता में रविरंजन कुमार चौधरी को प्रथम, अक्षय कुमार को द्वितीय, तैबा जासमीन को तृतीय, पेंटिंग प्रतियोगिता में धनंजय कुमार गुप्ता को प्रथम, कुंदन कुमार को द्वितीय, सिंपल कुमारी को तृतीय, सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंजीता केरकेट्टा टीम को प्रथम, विजय कुमार को द्वितीय, काजल टीम को तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में अंजली कुमारी को प्रथम, अलका कुमारी को द्वितीय, ट्विंकल कुमारी को तृतीय, कविता लेखन प्रतियोगिता में कोमल सोनी को प्रथम, नरगिस खातून को द्वितीय, अनुष्का चौबे को तृतीय स्थान मिला।

**निर्णायक मंडली में इन्होंने निभायी भूमिका :** निर्णायक मंडली में सतीश कुमार मिश्र, प्रियरंजन पाठक, अमन चक्र, मृणाल कांति पाल, शभु कुमार तिवारी, आलोक तिवारी, राकेश त्रिपाठी, प्रमोद कुमार शामिल थे, जिन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया. वहीं चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## आरडीडीइ ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** पलामू आरडीडीई शिव साह कांडी प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोसांग, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी व राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में विधि-व्यवस्था व शिक्षकों को दायित्व का पालन में भारी अनियमितता पाई गई। इस संबंध में आरडीडी शिव साह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोसांग में एमडीएम, बच्चों का पठन-पाठन संतोष जनक पाया गया। इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में निरीक्षण के दौरान एक दो शिक्षक को छोड़कर अन्य शिक्षक गुणवत्ताहीन पाए गए। आवासीय विद्यालय की शिक्षकों की गुणवत्ता पर असंतोष जताते हुए विद्यालय में अध्यनरत



छात्राओं के प्रति खेद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय में शिक्षक ही अयोग्य हैं, उस विद्यालय की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिल सकती है। वर्ग 6 में जाकर छात्राओं से पूछे जाने पर पता चला कि मेन्यू के अनुसार छात्राओं को नास्ता व भोजन की व्यवस्था नहीं दी जाती है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद उक्त विद्यालय में छात्राओं के बीच नॉनभेज भोजन नहीं दिया गया है, जो जांच का विषय है। तत्पश्चात राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी का औचक निरीक्षण किया। जहां विद्यालय में दी जाने वाली बच्चों के बीच एमडीएम व वर्ग 1 से वर्ग 8 तक के सभी शिक्षक व वर्ग 9 से वर्ग 12 के शिक्षकों के बीच आपसी भेदभाव के कारण विद्यालय में कई समस्या को लेकर आरोप प्रत्यारोप देखा गया। वहीं मध्य विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि विद्यालय में एमडीएम करने वाले बच्चों की कुल संख्या 828 है। जिसमें 15 प्रतिशत बच्चे मध्यान भोजन किए बिना घर चले जाते हैं। जिसको लेकर आरडीडी ने पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यपक अरविंद कुमार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के भोजन के लिए थाली हेतु अलग से राशि आता है। किस कारण से थाली की खरीद नहीं की गयी। विद्यालय की समस्या को प्रभारी के द्वारा विभाग को सूचना नहीं दी गयी है। यह भी जांच का विषय है। हम तो बिना रूटीन चार्ट के पहुंचे, किन्तु दो-चार दिन के भीतर डीओ, डीएसई, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी व बीपीओ, सीआरपी सीआरसी के साथ संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए कस्तुएब गांधी आवासीय विद्यालय, राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय को जांच कर दोषी पाए जाने के बाद अधिकारी पदाधिकारी व प्रभारी प्रधानाध्यपक या वार्डन पर कानूनी कार्यवाई की जाएगी। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानि बाखला, रामप्रसाद पाठक, अरविंद कुमार, मोहम्मद समी अहमद, दुर्गेश दुबे, उमेश कुमार गुप्ता, राजू रंजन, उदय राम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### जायंट्स ग्रुप ने लगाया हार्ट चेकअप कैंप

## हृदय संबधी रोगों की शंका होने पर अविलंब जांच करायें : डॉ विकास





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ज्ञान निकेतन स्कूल परिसर में जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा एवं डॉ विकास केशरी हेल्थी हार्ट केयर, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी की अध्यक्षता में निःशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। 25 से अधिक मरीजों में विभिन्न हृदय रोगों की पहचान की गयी। 6 मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गयी, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। कुछ अन्य रोगियों को हार्ट से संबंधित विशिष्ट जांचों की सलाह दी गयी।

वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने कहा कि शिविर में जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित एक ऐसी बालिका पायी गयी, जिसकी हृदय अवस्था उपचार में हुए विलंब के कारण अत्यधिक जटिल एवं असाध्य हो गयी है। उन्होंने सभी नागरिकों से हृदय रोगों की शंका होने पर अविलंब उसकी जांच एवं समुचित उपचार करवाने की अपील की। इस संदर्भ में जायंट्स ग्रुप गढ़वा के सहयोग से ही अगले माह के तीसरे रविवार 20 नवंबर को पुनः शिविर का आयोजन किया जायेगा। डॉ केशरी ने पुनः जिले के गरीब मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु वह एवं अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है। अन्य रोगियों के लिए भी न्यूनतम संभव शुल्क पर ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर जायंट्स सदस्यों ने डॉ विकास को पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के संस्थापक अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी,पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी, उपाध्यक्ष कमलेश गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खां, मनोज केशरी, डॉ वीरेंद्र गुप्ता, दीपक तिवारी, मनोज केशरी, दीपक केशरी,अवधेश कुशवाहा के अलावे डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, महावीर प्रसाद, अजय केशरी आदि उपस्थित थे।

### रैयतों ने डीसी को सौंपा मांग पत्र : अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा देने की मांग

## मुआवजा मिलने के बाद ही काम होने दें ग्रामीण : सत्येंद्रनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एनएच 75 सड़क का चौड़ीकरण और बाइपास सड़क के निर्माण में कुछ प्रशासनिक पदाधिकारी, संवेदक और स्थानीय जनप्रतिनिधि की मिलीभगत से रैयतों का अधिग्रहित भूमि का मुआवजा के लिए औने-पौने दाम के अनुसार आकलन किया गया है। उक्त बातें पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कही। वह सोमवार को लातदाग, गोंदा, मेराल, लगमा, पोटमा, खुजरी, कल्याणपुर सहित अन्य गांवों के रैयतों के साथ डीसी से मिलने समाहरणालय पहुंचे थे।

रैयतों ने भी डीसी के नाम आवेदन देकर योजना में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा की राशि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत भूमि का बाजार मूल्य के चार गुणा राशि के अनुसार कराने की मांग की है। पूर्व विधायक ने कहा कि एक साजिश के तहत भूमि का सर्वे गुपचुप तरीका से कर रिपोर्ट सरकार को भेजा गया, ताकि रैयतों को मुआवजा की राशि कम देना पड़े। उन्होंने कहा कि जिस जमीन का बाजार मूल्य आठ से दस लाख रूपए प्रति डिसमिल है। उस





ग्रामीणों के साथ डीसी से मिलकर बाहर निकलते पूर्व विधायक।

जमीन का रेट 12 हजार प्रति डिसमिल की दर से आकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र की भाजपा सरकार ने रैयतों के हित में भूमि अधिग्रहण कानून बनाकर बाजार मूल्य और सर्किल मूल्य दोनों में जो अधिक होगा। उस दर के चार गुणा अधिक मुआवजा देने का प्रावधान किया है, लेकिन कुछ भ्रष्ट अधिकारी रैयतों को इस कानून का लाभ लेने से वंचित करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि कानून में स्पष्ट है कि जब तक योजना में अधिग्रहित किए गए भूमि के रैयतों का मुआवजा नहीं मिल जाता है, तब तक योजना में काम शुरू नहीं होगा। इन दोनों योजना के क्रियान्वयन में भू-अर्जन विभाग ने खुलेआम गाइडलाइन का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि जिले के डीसी से मामलें में गंभीरता दिखाते हुए रैयतों का अधिग्रहित किए गए भूमि का मुआवजा का आकलन के लिए एक कमेटी बनाकर पुनः सर्वे कराने की बात कही है। इसके अलावा 30-40 वर्षों से अधिक समय तक गैरमजरूआ भूमि पर रहकर खेती-बाड़ी करने वाले वैसे सभी रैयतों को रैयती भूमि के बराबर ही मुआवजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस मामलें में भी डीसी ने रैयतों की समस्या समाधान कराने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि जब तक रैयतों का संपूर्ण भमि का उचित मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक योजना में निर्माण कार्य नहीं होगा। इसके लिए उन्होंने ग्रामीणों को एकजुट रहने का आह्वान किया।

# बेटे ने मां की टांगी के बट से पीटकर की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के कालामाटी तिरिल टोली निवासी विजय टोप्पो नामक 30 वर्षीय युवक ने अपनी 55 वर्षीय माता झिंगी टोप्पो की टांगी के बट से पीटकर हत्या कर दी। रविवार देर शाम हुई इस घटना की सूचना सोमवार सुबह खूंटी थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के उपरांत स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपित पुत्र विजय टोप्पो को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मृतका के पति कंदना टोप्पो ने अपने बड़े पुत्र विजय के विरुद्ध खूंटी थाना में नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उसने कहा है कि दोनों मां बेटे को हड़िया, दारु पीने की लत थी, हमेशा दोनों साथ में हड़िया दारु पीते रहते थे। रविवार की सुबह वह तथा उसके दो अन्य पुत्र पतरस टोप्पो व राजेश टोप्पो मिस्त्री और मजदूरी का काम करने तुपुदाना चले गए थे, घर में बड़ा पुत्र विजय और उसकी मां थी। शाम को जब वे काम से लौटे, तो देखा कि घर में उसकी पत्नी मृत पड़ी है, और बाहर बेटा टांगी लेकर घूम रहा है। इस पर उससे पूछने पर उसने बताया कि उसकी मां उसकी बात नहीं सुन रही थी। इसपर गुस्से से उसने टांगी के बट से मां को पीटकर मार डाला। शव के कमर, पीठ आदि पिछले हिस्से पर चोट के कुछ निशान नजर आ रहे थे, जबकि सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान नहीं थे।

## सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में मिले 27930 आवेदन, 8720 का हुआ निष्पादन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का निर्बाध संचालन किया जा रहा है। सोमवार को अन्य पंचायतों के अलावा मुरहू प्रखंड की कुडापूर्ति पंचायत में भी उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रम स्थलों पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए थे। प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी जितेंद्र सिंह मुंडा ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। मौके पर बाल विकास परियोजना के तहत लाभुकों को अन्नप्राशन व मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत उत्साहवर्द्धन किया गया। शिविर के दौरान हर्षा फुल, तोरपा की महिला कलाकारों द्वारा डायन प्रथा उन्मूलन विषयक नुक्कड़ नाटक का मंचन कर ग्रामीणों को डायन जैसे अंधविश्वास के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में बोकारो में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रदर्शन किया गया। मौके पर काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे। शिविर के दौरान ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्र बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्रामीण योजना, सर्वजन पेंशन योजना, हरा राशन कार्ड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान आदि योजनाओं से विस्तार से अवगत कराया गया। लोगों से आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लेने को कहा। जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित शिविर के दौरान 27930 आवेदन प्राप्त हुए और 8720 आवेदनों का निष्पादन किया गया।

## एक्सपोजर विजिट के तहत खूंटी पहुंचा चान्हो प्रखंड के किसानों का दल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** चान्हों प्रखंड के चान्हों बिरसा मुंडा संगठन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के सदस्यो एवं प्रगतिशील किसानों का एक दिवसीय खूंटी एक्सपोजर विजिट भ्रमण के तहत सोमवार को मुरहू नारी शक्ति कंपनी प्राइवेट लिमिटेड का दौरा किया और किसान उत्पादक समूह के संचालन के विषय में जानकारी ली। किसानों ने ड्रैगन फ्रूट की खेती कर रहे जुरन मुंडा से मुलाकात की। मुंडा ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती दो वर्ष पहले उसने अपने दोस्त के कहने पर शुरू की थी। इसमें सिर्फ मेरा लग्न और विश्वास के कारण मुझे सफलता मिली है। जुरन मुंडा ने कहा कि आप सभी लग्न और विश्वास के साथ अपने कृषि कार्य में लगेंगे, तो सफलता मिलेगी। ज्ञात हो कि चान्हो प्रखंड के 15 गांवों में नव भारत जागृति केंद्र, एचडीएफसी बैंक समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत किसानों को तकनीकी के माध्यम से कृषि कार्य करने के संबंध में उनका क्षमतावर्धन करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही किसानों की आय दोगुनी करने के क्षेत्र में लगातार प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रियांशु कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, चान्हो बिरसा मुंडा संगठन के बोर्ड सदस्य सुनील उरांव, जीवन ज्योति में श्यामपुरा देवंती देवी, शांति देवी, बंधु उराव ने सहयोग किया। सहायक परियोजना प्रबंधक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि चान्हो प्रखंड में एक साल के समूह का निर्माण किया गया है, जिसके संचालन के संबंध में नव भारत जागृति केंद्र द्वारा संचालित किसान सहायता समूह का एक्सपोजर विजिट किया गया, ताकि चान्हो प्रखंड के किसानों का जानकारी मिल सके।

## कार्यकर्ताओं ने तालाब की सफाई का उठाया बीड़ा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के छठ घाट बदहाल हैं। परंतु सबसे अधिक बदहाली एसीसी छठ घाट तालाब की है। छठ पूजा शुरू होने में दो सप्ताह का समय भी नहीं बचा है। तत्कालीन एसीसी कंपनी द्वारा सोनाडुबी नदी को बांधकर यह तालाब बनाया गया था। सोनाडुबी के पानी को रोकने का प्रबंधन ध्वस्त हो चुका है। अभी स्थिति यह है कि जहां छठव्रतियां अर्घ्य देगी वह जगह सैवाल, जलकुंभी व गंदगी से पटा हैं। यह छठ घाट खलारी एसीसी कॉलोनी व आसपास के लोगों का काफी पुराना छठ घाट है। तालाब में फैली गंदगी, सैवाल, जलकुंभी छठव्रतियों के परेशानी का कारण बनेंगे। सोमवार को श्री जानकी रमण मंदिर दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष रंजन सिंह बिट्टू व सचिव अवधेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल इस छठ घाट का निरीक्षण किया। कार्यकर्ताओं ने तालाब की साफ सफाई के लिए हर संभव उपाय पर विचार विमर्श किया। नदी के बांध में वैकल्पिक कंक्रीट फाटक लगाकर पानी रोकने का निर्णय लिया गया है।

### वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराड़ी सालेहातू पहुंचे

# वीरों की धरती पर वीर ही पैदा होते हैं : खराड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी ।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराड़ी का खूंटी प्रखंड क्षेत्र के सालेहातू स्थित सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। उनके साथ पहुंचे क्षेत्रीय संगठन मंत्री विनोद उपाध्याय, प्रांतिय उपाध्यक्ष सुदन मुंडा, प्रांतीय संगठन मंत्री देवनन्दन सिंह, जिला महामंत्री योगेश मिश्र तथा सर्व प्रमुख तोरपा विधायक कोचे मुंडा आदि का सस्नेह भव्य अभिनंदन किया गया। उपरोक्त के अलावे सरस्वती शिशु मंदिर सालेहातू विद्यालय समिति के पदाधिकारी गण,आचार्य तथा विध्यार्थी भईया-बहनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराड़ी ने गदगद स्वर में कहा की वीरों की धरती पर वीर ही पैदा होते हैं, यह भगवान बिरसा मुंडा के क्षेत्र में स्थित इस शिशु मंदिर का दिगदर्शन कर सुखद आभास हुआ है। वैसे भी इस देश में कोई भिखारी नहीं रहे-ऐसी मान्यता वाली हमारी संस्कृति रही है। उन्होंने कहा की हमारे धर्म शास्त्रों में साजिश के तहत ऐसी - ऐसी बातें डाल दी गई थीं की कलान्तर में हम अलग-अलग हो गये। लेकिन अब सुखद क्षण आया है की जागृति के कारण स्थिति में आमूल सुधार का क्रम जारी हो गया है। उन्होंने कहा की इस शिशु मंदिर का हम लोग कैसे विकास कर सकते हैं, यह विचारणिय प्रश्न है। इसे इतना भव्य एवं सुंदर बनायें की अंततः यह विद्यालय भगवान बिरसा मुंडा का मंदिर ही बन जाये। सोलेहातू में स्वागत और संबोधन के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अमर क्रांतिरथि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातू के अलावे कर्म स्थली ऐतिहासिक डोंबारी बुरु का भ्रमण कर श्रद्धा दर्शन किया।

### इनका रहा योगदान

आयोजन तथा क्षेत्र भ्रमण में उपरोक्त के साथ ही प्रांत हित रक्षा प्रमुख राजेंद्र बड़ाइक, संरक्षक मदन मोहन मिश्रा, संघ प्रमुख शिवचरण मुंडा, जिला संगठन मंत्री योगेश मिश्र, विद्यालय समिति के अध्यक्ष छोटराय मुंडा, सचिव लेपो मुंडा तथा श्रद्धा जागरण के प्रांतीय अध्यक्ष मुसाफिर विश्वकर्मा आदि ने भागीदारी की।

## कर्रा आयेंगे मुख्यमंत्री, झामुमो ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**कर्रा।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा को लेकर 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर्रा आयेंगे। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित डाक-बंगला में सोमवार को मुख्यमंत्री आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर झामुमो कार्यकताओं की सोमवार को जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में झामुमो पंचायत से लेकर जिला समिति पुरी तरह तैयार है, परा कार्यकताओं में तालमेल की कमी है, जिसे दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यक्रमों का लाभ झामुमो को 2024 के विधानसभा चुनाव में मिलेगा और खूंटी और तोरपा दोनों सीटों पर झामुमो उम्मीदवारों की जीत होगी। जुबैर अहमद ने बताया कि 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री कर्रा के मनरेगा पार्क भी जायेंगे। कार्यक्रम को केन्द्रीय सदस्य सह जिला कोषाध्यक्ष भोला नाथ लाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केशरी, जिप अध्यक्ष मसीह गुडिया, केन्द्रीय सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष मगन मनजीत तिड़ू, सुदीप गुड़िया, झामुमो खूंटी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्नेहलता कन्डुलना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज ने किया। बैठक में केन्द्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, हेमंत तोपनो, उषा धान, नेली गुड़िया, गुलशन मुंडा, विलेन कन्डुलना, सीता नाग, असगरी खातून, विनोद उरांव, बिरेंद्र सिंह, रौशन होरो, महादेव मुंडा, तौकिर आलम, अमृत हेमरोम, मोजिर अंसारी, आलोक रितेश डुंगडुंग, शंकर सिंह मुंडा, सोसन होरो, सोनाराम यादव, रोबिन तोपनो, विजय आईन्द, देवनाथ मगहिया, अनिमा कच्छप आदि अपस्थित थे।

## 1144 आवेदन में 546 आवेदन का निष्पादन

**राहे।** प्रखंड प्रखंड प्रशासन के द्वारा आयोजित आपके योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दोकाद पंचायत में विभिन्न विभागों के 1144 आवेदन आए जिसमें 546 आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए निष्पादन किया गया । अधिकारियों ने प्रखंड में संचलित योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के उपाय को बताये गये। कार्यक्रम में बीडीओ हारून रशीद ने कहा कि घर पहुँच कर समस्या को समाधान किया जा रहा है लोग कार्यक्रम का लाभ ले। विधायक प्रतिनिधि संजय सिद्धार्थ ने कहा कि कार्यक्रम गांव की सरकार को साबित कर रही है। लोग अधिक से अधिक कार्यक्रम से लाभ लें। इस दौरान ग्रीन कार्ड ,लाल कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र , तथा कंबल वितरण किया गया मौके पर सीओ महेंद्र छोटन उरांव,एई अजय कुमार, प्रमुख नीलमणि देवी, जिला परिषद सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया राधा रानी देवी,सांसद प्रतिनिधि चितरंजन महतो, सहित प्रखंड के कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित थे।

## जामुनदोहर बस्ती के ग्रामीणों ने केडीएच पीओ को दिया तीन सूत्री मांग पत्र



**खलारी (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर पंचायत के जामुनदोहर बस्ती के ग्रामीणों ने सोमवार को जिप सदस्य सरस्वती देवी के नेतृत्व में सोमवार को केडीएच परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम को तीन सुत्री मांग पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से जामुनदोहर के लोगों ने सीसीएल के केडीएच परियोजना के द्वारा खदान विस्तारीकरण को लेकर 22 सितम्बर को घर खाली करने के लिए दिए गए नोटिस पर अपनी सुत्री मांगों को रखा। जिसमें केडीएच परियोजना द्वारा वर्ष 2013-14 में तीन लाख मुआवजा के रूप में दिया गया था लेकिन अब महगांई को देखते हुए उसे बढ़ाकर वर्ष 2022-23 में 18 वर्ष प्लस के प्रति व्यक्ति को 6 लाख रूपया व मकान का मुआवजा देने। वहीं अगर उक्त पहली मांग पर प्रबंधन अपनी सहमती नही देता है तो ग्रामीणों को विश्रामपुर पंचायत अन्तर्गत केकराही गढ़ा में घर बनाने के लिए तीन डिसमिल जमीन और घर के मुखिया को 15 लाख रुपए दिया जाने तथा प्रबंधन जामुनदोहर के लोगों को केडीएच कोल डम्प में रोजगार सुनिश्चित करे। इस मौके पर किरण देवी, निर्मला उरांव, संतोष रजक, तनवीर आलम, शाहीद अंसारी, अशोक राम, नारद राम, इम्तियाज अंसारी, देवन्ती देवी, उर्मिला उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक सुदेश महतो ने किया ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुरी टुंगरी के समीप ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास, विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा शिलापट अनावरण एव दीप प्रज्वलित कर किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जलपूर्ति योजना के तहत मुरी के आसपास लगभग 17 गांव से अधिक लोगों को घर घर पानी मिलेगा। इस योजना से 25,हजार से अधिक घरों पर पानी पहुंचेगा। हमारा लक्ष्य है हर घर को शुद्ध पानी मिले। जिन गांव में इसका लाभ मिलेगा उसमें सिंगपुर,लेंगहातु,जतरा, धोवाटिकरा, तिरला, ब्राह्मणडीह, बड़ा मुरी, छोटा मुरी, उरांगड़ा, काशीडीह, लगाम, नायक जोबला, पिस्का, मेदनी, जारु, गड़गांव, निमुआ, आदि गांव शामिल है। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष विणा चौधरी,सिल्ली प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक उप प्रमुख आरती देवी, पंचायत समिति अरविंद कुमार, मुखिया लालू राम उरांव, कन्हैया लोहरा,उप मुखिया रेणु देवी, वार्ड सदस्य दीपा देवी,समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## पिपरवार क्षेत्र में कामगार आवासों के वार्षिक रखरखाव में व्याप्त है भ्रष्टाचार: रविंद्रनाथ सिंह



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था एवं उसके रखरखाव के लिए व्यापक बार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) में संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। यह आरोप जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह ने लगाया है। उनका कहना है कि पिपरवार क्षेत्र में कालोनियों की साफ सफाई एवं रखरखाव में व्यापक बार्षिक रखरखाव अनुबंध पुरी तरह से सफेद हांथी साबित हो रही है जिससे कोल कामगार एक तरफ जहां नरकीय जीवन जी रहे है वही पर्याप्त रखरखाव के अभाव में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है। इस संबंध में कामगारों द्वारा शिकायत करने पर उन्हें ऑनलाइन टोल फ्री नंबर पर बात करने के लिए कहा जाता है जो 80 प्रतिशत कामगारों की समझ के परे है। कामगारों की इसी मजबुरी का फायदा उठाकर प्रबंधन अपना उल्लु सीधा कर रहा है। लगभग आवास एनसीडीसी में बने है और गिरने की स्थिति में है। किसी किसी कालोनी में अगर 200 आवास है लेकिन वर्तमान में सीसीएल के केवल 5 से 10 कामगार है फिर भी कालोनी सभी आवासों का व्यापक बार्षिक रखरखाव का अनुबंध के आधार पर भुगतान हो रहा है। बचरा में स्थित इंडिया रिजर्व बल की कालोनी के रखरखाव का सीसीएल के साथ कोई समझौता नहीं होने के कारण आईआरबी खुद अपने आवासों का रखरखाव करती है। फिर भी प्रबंधन द्वारा इसके रखरखाव के नाम पर कामगारों की खुन पसीने की कमाई को लुटाया जा रहा है। यह हाल सिर्फ पिपरवार क्षेत्र का ही नहीं है बल्कि एनके एरिया में भी आवासों का व्यापक बार्षिक रखरखाव अनुबंध होने के बावजूद 32 आवासों को कायाकल्प योजना के तहत काया पलट किया जा रहा है जिससे पता चलता है कि प्रबंधन कामगारों के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हुए पुरी तरह भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है।

## राशन के लिए तीन किलोमीटर पैदल जाती नि:शक्त वृद्धा



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** सरकार की मंशा है की गरीबों को खाद्यान्न उठाव के किसी प्रकार का परेशानी न हो और गरीबों भूखा से न रहना पडे, लेकिन राशन दुकानदार की मनमानी और सरकारी बाबुओं की करतूतों के कारण असहाय वृद्धों को राशन उठाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका जीता जागता उदाहरण है कर्रा प्रखंड की डुमरगडी पंचायत के डुफू गांव की 65 बर्षीर्या ठुरकी देवी। राशन उठाने के लिए उसे हर महीने बैसाखी का सहारा लेकर तीन किलोमीटर पैदल सिलमा गांव तक जाना पउ़ता है। चवलान पड़ता है। ठुरकी देवी लाल राशन कार्डधारी है। उसे प्रत्येक माह पांच किलो अनाज जनवितरण प्रणाली की दुकान से मिलता है। जनवितरण प्रणाली के दुकानदार ने कहा कि लाभुक ठुरकी देवी का फिंगरप्रिंट भी पॉश मशीन में नहीं उठता है। हमलोग आंख वाले कैमरे से राशन की रसीद निकलते हैं और खाद्यान्न देते हैं, वहीं ठुरकी देवी ने कहा कि मुझे वृद्धा पेंशन भी नहीं मिलती है। इसके कारण उसे काफी परेशानी होती है। उसने बताया वृद्धा पेंशन के लिए उसने कर्रा प्रखंड कार्यालय में कई बार आवेदन दिया, लेकिन आज तक पेंशन नहीं मिली।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड सभागार में कल रविवार को कांग्रेस कार्यकताओं की एक आवश्यक बैठक प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो की अध्यक्षता में हुई ।जिसमें प्रखंड कमेटी का जिला कमेटी के आदेशानुसार पुनर्गठित किया गया तथा जिला में इस कमेटी को सत्यापित करने के लिए अग्रसारित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश प्रवक्ता डॉ राकेश किरण महतो वरीय जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो इंटर के प्रदेश सचिव कार्तिक चंद्र महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विराट झापान कार्यक्रम का आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ पूर्वी प्रखंड अंतर्गत चोगाडीह गांव में विराट झापान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू नेता रामदुर्लभ सिंह मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के तमाड़ प्रखंड प्रभारी श्याम कुमार महतो उपस्थित हुए । इस कार्यक्रम में बंगाल से आए गुरु गुरुचरण लोहरा एवं गुरुमाता पार्वती देवी द्वारा एक से बढ़कर एक सांपों के द्वारा लोगों को करतूत दिखाया गया । बताया जाता है कि इस तरह का कार्यक्रम गांव के बड़े बुजुर्गों के अनुसार हमारे पूर्वज भी किया करते थे उसी का अनुकरण आज हम लोग करते आ रहे हैं। इस मौके पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया प्रतिनिधि राहुल सिंह मुंडा , तमाड़ पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो आजसू नेता गोवर्धन अहीर, मीडिया प्रभारी हरदेव कुमार , मनोज कुमार महतो , हरि सिंह मुंडा , विनोद सिंह मुंडा , मनीष महतो , सुनील सिंह मुंडा , ग्राम प्रधान सुखलाल सिंह मुंडा , नरेश सिंह मुंडा , सीताराम प्रमाणिक सहित सैकड़ों लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाए।

## तेलवाडीह पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड तेलवाडीह पंचायत सचिवालय भवन में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार, बीडीओ सुचित्रा मिंज, अंचलाधिकारी प्यारेलाल, जिप सदस्य मंजू सिंह,विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोइरी व प्रमुख विक्टोरिया देवी,ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में आवास, पेंशन, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता, अंचल, समाज कल्याण, बिजली, बाल विकास परियोजना आदि संबंधितत विभागों का स्टॉल लगाये गए थे। इस दौरान पदाधिकारियों ने लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं कि जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में लाभुकों से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया तथा इस क्रम में कई लाभुकों के बीच जॉब कार्ड,पेंशन स्वीकृति पत्र,मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र, आदि का वितरण किया । मौके पर उपप्रमुख सविता देवी, विधायक प्रतिनिधि सोनाहातू श्याम महतो,मुखिया सरिता देवी, सामुएल नाग, बबिता गोस्वामी,सीडीपीओ ज्योतिका टोप्पो, सौरभ कुमार, रविंद्र कोइरी, निखिल कुमार, राजीव कुमार, ललित कुमार, जगतपाल बड़ाईक, धीरज सिंह मुंडा, भूतनाथ सिंह, मनोहर पातर मुंडा, जानकी देवी सहित प्रखंड के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### बुकबुका पंचायत सचिवालय में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

# लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण एवं कई योजनाएं हुई स्वीकृत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बुकबुका पंचायत सचिवालय में सोमवार को ह्लआपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कृषि, साक्षरता, पशुपालन, पीडीएस, श्रम, पेंशन, मनरेगा, अंचल, स्वास्थ्य, पेयजल, पंचायती राज, बिजली, जन्म-मृत्यु सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन दिए गए। वहीं ग्रामीणों ने अपनी कई समस्याओं को खलारी बीडीओ सहित अन्य विभाग के अधिकारियों के समक्ष मौखिक रूप से भी रखा। इस के साथ ही बीडीओ लेखराज नाग ने अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य, जिला परिषद सदस्य सस्वती देवी, मुखिया पारसनाथ उराँव, पंचायत समिति सदस्य धीरज कुमार बहादुर के साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। कार्यक्रम में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रामपुकार प्रजापति, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी गोपाल राम दास, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, कनीय अभियंता प्रवीण उरांव, रमेश गुप्ता, रवि रंजन कुमार, सहायक अभियंता फैजी आजमी, शिक्षा विभाग से मनोज कुमार, बालविकास विभाग से सुषमा कुमारी, अंचल निरीक्षक कमलकांत वर्मा, प्रधान सहायक बहलु मुंडा, अजित कुमार सिन्हा, पंचायत सचिव महेश राम, ग्राम रोजगार सेवक सुजीत कुमार, जेएसएलपीएस की बी.पी.एम जया कुमारी, पीएमवाई से किशोर कुमार, हरेराम कुमार, मेडिकल टीम से खलारी पीएचसी के चिकित्सक डा.इरशाद के साथ सुमित कुमार, अर्पणा उराँव, ममता कुमारी, सिंटू कुमारी, सनोज यादव, संतोष कुमार, शांति देवी, कंप्यूटर संचालक सूरज कुमार, नवीन कुमार, बसंत मुंडा, योगेश प्रसाद योगेश, विवेक कुमार, विजय कुमार गुप्ता, असलम अंसारी सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन एवं वितरित परिसंपत्ति का विवरण

नये राशन कार्ड बनाने के लिए 37 आवेदन, वृद्धा पेंशन के लिए प्राप्त आवेदन 06, विधवा पेंशन के लिए प्राप्त आवेदन 03, धोती साड़ी का वितरण 210 लाभुकों के बीच, मनरेगा अंतर्गत 50 लोगों को नए जॉब कार्ड का वितरण, मनरेगा अंतर्गत 08 नए कार्य का आवंटन, दीदी बाड़ी योजना के लिए 10, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के लिए आवेदन 14, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए प्राप्त आवेदन 04, 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत योजना 08, स्वास्थ्य जांच 25, कोविड टीकाकरण 50, सावित्रीबाई फुले योजना के लिए 50 आवेदन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए 05, कंबल वितरण 104 लाभुकों के बीच, जाती प्रमाण पत्र के लिए 38 आवेदन, आय प्रमाण पत्र के लिए 30, स्थानीय प्रमाण पत्र के लिए 22, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 25 आवेदन, केसीसी 35 लभुकों के बीच वितरण तथा बिजली विभाग को 01 आवेदन मिले है।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** चान्हो प्रखंड के चामा स्थित जामुन टोली में सोमवार को विष्व हिंदू परिषद सह बजरंगदल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बुधन मुण्डा एवं संचालन परमेष्वर मुंडा ने किया। बैठक की शुरूआत ओमकार मंत्र से किया गया। बैठक में संगठन के उद्देश्य एवं संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया। वहीं बैठक में उपस्थित बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ता प्रताप यादव ने कहा कि आये दिन हो रहे लव जिहाद के मामले हम सभी हिंदुओं के लिए एक चुनौती है। इससे अपनी बेटी-बहनों को बचाना हम सभी भाइयों की जिम्मेदारी है, कोई भी बेटी-बहन लव जिहाद की शिकार न हो इसके लिए बहनों को जागरूक करना है। साथ ही उन्होने गौ हत्या और गौ तस्करी पर भी कड़ी नजर रखने की बात कही। प्रताप यादव ने कहा आदिवासियों के धर्मांतरण को रोकने के लिए उनको शिक्षित करने की आवश्यकता है। आये दिन हमारे आदिवासी भाई बहन धर्मांतरण के शिकार हो रहे हैं। उन्होने लोगों से किसी के बहकावे में ना की बात कही। कहा कि इसे रोकने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाना होगा। बैठक में अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए बुधन मुंडा ने पुरे गांव को जागरूक करने को लेकर साप्ताहिक बैठक करने की भी जानकारी दी। बैठक में बजरंग दल के सामाजिक समरसता प्रमुख संजीत सिंह के अलावा अर्चना देवी, मुन्नी देवी, संगीता मुंडा, ममता देवी, मंगली देवी, झालो देवी, मंगली देवी, कालेष्वरी देवी, महरँगी देवी, करमा उरांव, कृष्णा मुंडा, सुनील मुंडा, रंथु मुंडा, जलसू पहान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सीओ और बीडीओ ने किया स्कूल का निरीक्षण, बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डोरंडा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का सोमवार को सीओ सुमंत तिर्की एवं बीडीओ डा. प्रवीण कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मध्याह्न भोजन का जायजा लिया। बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लिया। विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल एवं विधि व्यवस्था को लेकर शिक्षकों कई निर्देश दिये। साथ ही बच्चों को प्रेरित करते हुए अच्छे से शिक्षा ग्रहण करने एवं जीवन में कुछ कर दिखाने के लिये भी अधिकारियों द्वारा प्रेरित किया गया। वही विद्यालय में कुल नामांकित 215 बच्चों में 155 छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। अनुपस्थित बच्चों को शत प्रतिशत कराने का निर्देश दिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया।

## शिक्षकों ने बच्चों को बताया हाथ धुलाई का महत्व



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों में सोमवार को बच्चों को हाथ धुलाने का कार्यक्रम किया गया। स्कूलों में शिक्षकों ने बच्चों को हाथ धोने का तरीका बताकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। यह कार्यक्रम विश्व हाथ धुलाई दिवस को लेकर किया गया। इस दौरान मध्य विद्यालय ककरिया, लापुंग, उत्क्रमित विद्यालय चापा टोली, कुसुम टोली, मध्य विद्यालय लेटे, लालगंज सहित अन्य स्कूलों में बच्चों को बेहतर तरीके से हाथ धोने के गुर बताये गये। बच्चों को सिखाया गया है कि खाना खाने के पहले हाथ जरूर धोना चाहिए। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि हाथों में गंदगी के सूक्ष्म कण जमा होते रहते हैं। किसी भी वस्तु को छूने, उसका उपयोग करने एवं कई तरह के दैनिक कार्यो के करण हाथ गंदा होना स्वाभाविक है। बगैर हाथ धोये खाद्य एवं पेय पदार्थों का सेवन करने से यह गंदगी हमारे शरीर में चली जाती है, जो कई बीमारियों को जन्म देती हैं।

## ओरमांझी में दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में आयोजन किया गया। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का उद्घाटन मैच न्यू स्टूडेंट फुटबॉल क्लब वनलोटवा बनाम मुन्ना ब्रदर्स बूटी के बीच खेला गया। जिसमें मुन्ना ब्रदर्स बुटी की टीम 1-0 से विजय हुई। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी एवं शिव शिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद के द्वारा संयुक्त फीता काटकर किया गया। मौके पर सुनील कुमार, रामेश्वरी कुमार साहू, पंसस जयडीहा प्रवेश भोगता, ग्राम प्रधान सीताराम मुंडा, सेवाराम महतो, राम रामप्रसाद वेदिया,रामदयाल गंझू संतोष गुप्ता, आनंद महतो, पूर्व मुखिया विनोद बेदिया आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह, सचिव विनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक नायक, उपाध्यक्ष सनी सिंह, उपसचिव जीवनलाल मुंडा, उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा, नितेश मुंडा, टार्जन सिंह, नितेश पाहन एवं सभी सदस्य मौजूद थे। इस प्रतियोगिता के आयोजन में ओरमांझी के उप मुखिया संतोष गुप्ता का बहुत बड़ा योगदान है।

## मृतक के परिवार को पहुंचायी सहायता

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के युवा और तेज तर्रार नेता रमेश उरांव के द्वारा प्रखंड के बरवे में मृतक राम कुमार पाहन के परिवार को सहायता के तौर पर पचीस किलो चावल दिया गया। इस अवसर पर रमेश उरांव संग बरवे पंसस संगीता देवी, समाज सेवी सुखराम उरांव, रघुबीर पाहन, प्रियंका देवी आदि उपस्थित थे।

## रास मेला का आयोजन किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के पारमडीह गांव में रास मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आजसू नेता राम दुर्लभ सिंह मुंडा ने अपने संबोधन में कहा गांव की संस्कृति और भाषा ही हमारी पहचान बना कर रखी है कार्यक्रम की शुभारंभ में प्रसिद्ध कलाकार रहे स्व. विनय मांझी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। मौके पर पांच परगना के अलावा पश्चिम बंगाल उड़ीसा एवं अन्य क्षेत्र से आये कलाकारों का दल झूमर और क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया। जिसे देखकर लोगों ने रास मेला का आनंद उठायें। मौके पर प्रखंड प्रमुख फेकला गोंझू, लखी चरण मुंडा, बुटन देवी, पांडा महतो, सोमवारी देवी, हरिहर महतो, राजकुमार मांझी, सुकरा मुंडा, नंद किशोर महतो, सुबोध मांझी, धनु नाग के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डिंबुजार्दा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्रखंड सह अंचल के सभी विभाग के लोग उपस्थित हुए। वृद्धा पेशन विधवा पेशन राशन काड मे नाम जोड़वाने के कयी आवेदन आये। इस अवसर पर बीडीओ तमाड़ गिरजा शंकर महतो, सीओ विमल सोरेन आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

# आलमगीर आलम और नेहा तिर्की ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

## ग्रामीणों ने की चार चिकित्सकों के पदस्थापन की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 23 रांची गुमला सड़क स्थित पलमा मोड़ से तरगड़ी रहमत नगर होते हुए इटकी बाजार अंतिम छोर तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम एवं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर जानकारी दी गयी कि करीब पांच किमी लंबी इस सड़क का निर्माण ग्रामीण विकास विभाग द्वारा करीब दो करोड़ 70 लाख रुपये की राशि से कराया जायेगा। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, रमेश महली, राजेन केरकेट्टा जुनैद अहमद एवं मोकिम सहित अन्य शामिल थे।



### ज्ञापन सौंपकर की मांग

इधर ग्रामीणों ने मंत्री आलमगीर आलम एवं विधायक तिर्की को अलग-अलग ज्ञापन देकर इटकी के अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र को प्रखंड स्तरीय बुनियादी स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा देते हुए कम से कम चार चिकित्सकों के पदस्थापन की मांग की। वही पेंशनर समाज ने मंत्री आलम गीर आलम को एक ज्ञापन सौंप कर इटकी मोड़ में प्रजातांत्रिक द्वार बनवाने की मांग की।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है : आदिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारके तहत सोमवार को प्रखण्ड के सोंस पंचायत में प्रखण्ड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चान्हो, एवं अंचलाधिकारी, चान्हो की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान चान्हो प्रखण्ड अन्तर्गत योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए । साथ ही परिसम्पतियों का वितरण किया गया। मनरेगा जॉब कार्ड, धोती साड़ी का वितरण, कंबल वितरण, नरेगा नई योजना, सेवा की गारटी, स्वास्थ्य जाँच, के सी सी, छात्रावृति, 15वे वित्त, ग्रीन राशन कार्ड वितरण, सर्वजन-पेंशन योजना सहित अन्य मामले का निपटारा किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर हाल में जरूरतमंदों तक पहुंचे। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग में जो भी मामले है उसका जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के कुल 1142 आवेदन प्राप्त किया गया जिसमें 433 आवेदनों का त्वरित निपटान किया गया।



### मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति-सह-कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समंवयक पंचायत राज, कनीय अभियंता के साथ-साथ मूरतों पंचायत के मुखिया, उप-मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, जनसेवक एवं प्रखंड के सभी विभागों से अधिकारी और कर्मी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में खेले गये चार मैच

**खलारी (आजाद सिपाही)।** चामा में सरना क्लब चामा के तत्वाधान में खेले जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 में सोमवार को चार मैच खेले गये। पहला मैच चरका पत्थर एवं चामा के बीच खेला गया। जिसमें चरका पत्थर की टीम पैनेल्टी शूट आउट में एक गोल से विजय रही। दूसरा मैच सेंट ब्रदर खलारी बनाम डुमारों की टीम के बीच हुआ। जिसमें डुमारों की टीम एक गोल से विजयी हुई। तीसरा फन क्लब बरटोला व जामडीह की टीम के बीच खेला गया। जिसमें जामडीह की टीम एक गोल से विजय रही। चौथा मैच आरा और मुड़कम के बीच हुआ। मैच को आरा की टीम ने पैनेल्टी षुट आउट में 1 गोल से विजयी रही। सभी मैचों में रैफरी की भुमिका में बुधराम उरांव थे। इस मौके पर सरना क्लब चामा के अध्यक्ष लालू उरांव, सचिव रमेश भगत, बिरसा उरांव, विष्णु उरांव, नंदू साहू, नरेन उरांव, अभिनाश उरांव, सुभाष उरांव, दिनेश उरांव, शंकर उरांव, दिल्लू उरांव, सचिन शाही, अनिल साहु, पंचू उरांव, माडू उरांव, बबलू गंझू सहित अन्य उपस्थित थे।

# कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला और स्वच्छ पूजा पंडाल का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला एवं स्वच्छ पूजा पंडाल का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर एसडीओ ने कहा की बुंडू नगर पंचायत को केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में वेस्ट सिटी तीन सिटीजन फीडबैक कैटेगरी में देशभर में 27 वां स्थान एवं झारखंड में प्रथम स्थान मिला है। यह उपलब्धि नगर पंचायत के सफाई मित्रों एवं बुंडू के नागरिकों के सकारात्मक सहयोग से ही संभव हो पाया है हमें नगर के सफाई मित्रों को तहे दिल से आभार व्यक्त करना चाहिए ताकि आगे भी नगर को स्वच्छ एवं स्वास्थ्य रखा जा सके इस अवसर पर सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया गया समारोह में बुंडू नगर के स्वच्छ पूजा पंडाल का प्रथम पुरस्कार बजरंग दल पूजा पंडाल को दिया गया जब कि द्वितीय पुरस्कार मिलन मंदिर सेवा संघ तथा तृतीय का पुरस्कार विशाल क्लब एवं श्री श्री श्यामसुंदर भूदेव समिति को दिया गया इस मौके पर वृद्धों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया कार्यक्रम को एसडीओ अजय साव, अध्यक्ष राजेश उरांव, उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, थाना प्रभारी पंकज भूषण, सिटी मैनेजर अनूप कुमार, मुकेश कुमार सिंह एवं सभी वार्ड पार्षदों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर स्वच्छता दूत रितेश जयसवाल, संदीप शर्मा, दिनेश भगत, राहुल लाहेरी, सिद्धार्थ बिद, प्रदीप दास, पल्लव नायक आदि उपस्थित थे।



## एनके एरिया ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक में समिति का विस्तार

# अध्यक्ष तनवीर आलम और महासचिव रणजीत कुमार सिंह बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा स्टेडियम में सोमवार को एनके एरिया ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तनवीर आलम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संरक्षक राजन सिंह राजा उपस्थित थे। बैठक में ट्रक मालिकों से संबंधित कई समस्याओं पर चर्चा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ट्रक मालिकों की गाड़ी सुचारू रूप से चले, भाड़ा का भुगतान समय पर हो, स्थानीय ट्रकों को लोडिंग में प्राथमिकता मिले सहित अन्य मांगें षामिल है। वहीं बैठक में एनके एरिया ट्रक ऑनर एसोसिएशन के नवगठित समिति का विस्तार किया गया। जिसमें संरक्षक के रूप में राजन सिंह राजा, पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्लाह अंसारी तथा नागेष्वर महतो, संयोजक अशोक राम, रूबी यादव, अध्यक्ष तनवीर आलम, उपाध्यक्ष विकास यादव, विकेश सिंह विक्की, रंजन सिंह, जितेंद्र चैहान, विनय कुमार सिंह, महासचिव रणजीत कुमार सिंह, सचिव रमन सिंह बंटी, गुड्डू गिरी, अरुण यादव, मदन सिंह, सुनील मंडल, कोषाध्यक्ष विकास दुबे, सह कोषाध्यक्ष संजीव सिंह रंजन संगठन मंत्री सचिन बनजम, महावीर चैहान, संतोष सिंह, जियाउल, नसीम अंसारी के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में ओम प्रकाश, प्रतीक गोयल, राजीव सिंह सोनू, संजय कामत, विष्णु मिश्रा, मुस्लिम अंसारी, रवि शेखर सिंह, रामाकांत पासवान, मनोज यादव आदि को षामिल किया गया है। वहीं कार्यकारिणी समिति का आगे विस्तार करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं ट्रक ऑनर उपस्थित थे।



## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के ककरिया पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लकड़ा एवं अंचलाधिकारी अविनाश पुरणेंदु ने सरकार के द्वारा चलाये जा रहे अनेक जन कल्याणकारी योजना की जानकारी दी गयी। इसमे प्रधानमंत्री आवास, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र, केसीसी, मनरेगा योजना, दीदी बाड़ी योजना, फूलों झानो अशीर्वाद योजना, राशन कार्ड, वृद्धा, विधवा पेंसन योजना, सोना सोवरन योजना, नये हेंडपंप एवं पुराने का मरम्मत, जमीन का रसीद ऑन लाइन करना समेत 1034 आवेदन आये। इनमें कुछ का ऑन स्पॉट समाधान किया गया। मौके पर प्रमुख कंचन उरांव, जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो, मनरेगा वीपीओ, सहकारिता पादाधिकारी विजय रंजन तिर्की, जन सेवक, पंचायत सेवक, मुखिया बिरसमुनी देवी, रोजगार सेवक जेसेएलपीएएस कर्मी समेत अनेक पादाधिकारी एवे कर्मी समेत जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर हेल्पिंग वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने मुखिया को दिया आवेदन



**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुट्टू पंचायत के मुखिया लक्ष्मी देवी को सामाजिक संस्था हेल्पिंग वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने आवेदन देकर नीमटांड आवासीय कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। मुखिया से कहा गया कि कॉलोनी में लाइट नहीं होने के कारण भय का माहौल बना रहता है। कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। मुखिया ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट लगवाने का प्रयास किया जायेगा। संस्था के सचिव जीवन कुमार ने पंचायत में कचरा प्रबंधन और स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने में योगदान देने की बात कहा। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राधा कांत पाठक, जीवन कुमार, कमला प्रसाद, सुरेश कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## सीआइटी में इवेल्यूएशन सेंटर का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सीआइटी में जेयूटी द्वारा बीटेक उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए निर्धारित इवेल्यूएशन सेंटर का उद्घाटन संस्थान के ट्रेजरर नवनीत सिंह व प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मालूम हो कि जेयूटी द्वारा राज्य के तीन तकनीकि महाविद्यालयों में इवेल्यूएशन सेंटर की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिनमे सीआइटी के अलावा गुरुगोविंद सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बोकारो एवम आरवीएस जमशेदपुर का नाम शामिल है। उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ट्रेजरर नवनीत सिंह ने कहा कि जेयूटी द्वारा क्षेत्रवार इवेल्यूएशन सेंटर की स्थापना किए जाने से उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकनकताओं व विद्यार्थियों दोनो को ही सहूलियत होगी। वहीं प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने जेयूटी के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि विवि के इतिहास में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय शंकर सिंह, संयुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ रणवीर कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, भूपेंद्र कुमार के अलावे सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवम शिक्षक उपस्थित थे।

## दशमाई चौक से चांद सिलादोन वाया अल्बर्ट नगर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधान सभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर नामकुम प्रखंड के हरदाग पंचायत में ग्रामीण कार्य विभाग राज्य सम्पोषित योजनान्तर्गत स्वीकृत दशमाई चौक से चांद सिलादोन भाया अल्बर्ट नगर तक पथ 3.425 किमी सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप के पत्नी रिया तिर्की, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, प्रखंड प्रमुख नामकुम आशा कच्छप, मुखिया हरदाग पंचायत नीलमणि तिर्की तथा पंचायत समिति सदस्य सज्जाद आलम के उपस्थिति में किया गया। मौके पर विधायक पत्नी ने कहा कि खिजरी विधान सभा क्षेत्र में सभी पथ को मुख्य पथ से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। पथ की गुणवत्ता की देखभाल सभी को करना है। पथ गुणवत्तापूर्ण बने तथा जन उपयोगी बने। इस पथ की मरम्मती की मांग बर्षो से की जा रही थी। आज आपके विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर राज्य के गठबंधन हेमंत सोरेन की सरकार ने स्वीकृत हुई है। आगे भी इस तरह की जरूरतमंद पथ को स्वीकृत कराने की प्रयास की जायेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, लाल मोहीतनाथ शाहदेव, माधो कच्छप, अस्फाक आलम, जफर इमाम, मनोज कच्छप पाहन पुजारी, जीता कच्छप मुखिया डूंगरी पंचायत, मंगरा कच्छप पंचायत समिति सदस्य डूंगरी, तेलोस्फोर मिंज, रेमिश तिर्की, करण मुंडा, बिरसा कच्छप, ब्रिश लकड़ा, अलबर्ट तिग्गा, फुलजेंस तिग्गा, अनिल खलखो, विनय नायक, बेंजामिन होरा, मुख्तार खान, मांगा तिर्की, मोयलेन खलखो, एरेन कुजूर, रमीज अंसारी, सैफ अंसारी, मौलाना ऐनुल, रेजाउल्लाह अंसारी, जहांगीर आलम, तैयब अली, अख़्तर हुसैन, इदरीश अंसारी, खालिक खान, समूल अंसारी, नफीस अंसारी, रियाज अंसारी, पंचु तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक आदि लोग उपस्थित थे।

## राशन की कालाबाजारी और भंडारण के सूचना पर छापामारी



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जामुदाग गांव में रविवार देर रात बुंडू एसडीएम अजय साव, डीएसपी अजय कुमार, थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम,बीएसओ रामानंद बेदिया गेंहू-चावल कारोबारी के गोदाम में छापामारी किया। रात 1 बजे तक अधिकारी गांव में रहे। गोदाम में क्या प्राप्त हुआ इसका जानकारी अधिकारियों ने नहीं दिया। सोमवार को कोई करवाई होने की सूचना नहीं है। इधर ग्रामीण इस बात से आक्रोशित है कि पीडीएस दुकान का अनाज का कालाबाजारी की सूचना बड़े अधिकारियों को मिलती है। छापामारी भी होती है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती इससे कालाबाजारी करने वालो का हौसला बढ़ता है। ग्रामीणों के अनुसार धीरज जयसवाल, राकेश जयसवाल, ओर मिथुन जयसवाल के गोदाम में छापामारी हुआ था।

# नाजिर की पहुंच के आगे आयुक्त, उप परिवहन आयुक्त का आदेश हुआ फेल

**जिला परिवहन कार्यालय पलामू के नाजिर सुमन सिंह के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की जांच का आयुक्त और उप परिवहन आयुक्त ने दिया था आदेश**

आशीष आदंभ

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** यूं तो झारखंड में सामान्य सरकारी कर्मचारी के पहुंच के आगे कई बड़े अधिकारीयों का आदेश बौना साबित होने का मामला प्रकाश में आता रहा है। इसका ताजा उदाहरण पलामू परिवहन कार्यालय में एक वर्षों में भी आयुक्त और उप परिवहन आयुक्त द्वारा नाजिर सुमन सिंह के खिलाफ वित्तीय अनियमितता के जांच के आदेश का अनुपालन नही होना है। पलामू आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने सितंबर 2021 में पलामू परिवहन कार्यालय का निरीक्षण किया था।आयुक्त ने परिवहन कार्यालय के निरीक्षण में पाया था कि पूर्व के सामान्य रोकड़ पंजी का संधारण नाजिर द्वारा नही किया गया है।एक नया रोकड़ पंजी बनाकर संधारण किया गया है।नाजिर सुमन सिंह ने आयुक्त को पूर्व के रोकड़ पंजी का संधारण पहले से ही नही किये जाने की बात कही थी।आयुक्त पलामू द्वारा परिवहन कार्यालय के नाजिर द्वारा रोकड़ पंजी को गायब कर वित्तीय अनियमितता किये जाने की आशंका जताई थी।आयुक्त ने परिवहन कार्यालय के नाजिर सुमन सिंह के कार्यों की जांच जिला लेखा पदाधिकारी से करा कर करवाई करने का आदेश अपने समीक्षा रिपोर्ट में दिया था।आयुक्त के समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर जनवरी 2022 में उप परिवहन आयुक्त ने भी जिला परिवहन कार्यालय पलामू का निरीक्षण किया था।उप परिवहन आयुक्त ने भी आयुक्त पलामू द्वारा दिये गए समीक्षा रिपोर्ट में नाजिर सुमन सिंह द्वारा वित्तीय अनियमितता किये जाने के संदेह को सही पाया।उप परिवहन आयुक्त ने अपने समीक्षा रिपोर्ट में भी नाजिर सुमन सिंह कार्यो की जांच जिला लेखा पदाधिकारी से करा कर प्रतिवेदन देने का आदेश दिया था। लेकिन नाजिर सुमन सिंह की पकड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक वर्ष बाद भी सुमन सिंह के खिलाफ न तो कोई जांच की गई न ही कोई करवाई।बल्कि 9 वर्षों तक जिला परिवहन कार्यालय में कार्यरत सुमन सिंह का जब तबादला भी हुआ तो पंचायत चुनाव की अवधि तक पुनः जिला परिवहन कार्यालय में सुमन सिंह ने अपनी प्रतिनियुक्ति करा ली और पंचायत चुनाव बीत जाने के बाद भी जिला परिवहन कार्यालय में बने रहे। अब इसे आयुक्त और उप परिवहन आयुक्त के आदेश की अवहेलना माने या सुमन सिंह की पहुंच का असर।

### क्या कहते हैं पलामू आयुक्त

इस संबंध में जब आयुक्त से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एक वर्ष बाद भी कोई प्रतिवेदन आरोपित के खिलाफ जांच का नही आना गलत है।उपयुक्त से पुन: कैम्पलाएन्स रिपोर्ट की मांग करेंगे।

## एनपीयू में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता के विरोध में विद्यार्थी परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद पलामू के द्वारा जिला एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक के नेतृत्व में विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में लगातार चार घंटो तक आक्रोश मार्च, प्रदर्शन एवं पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला के सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप ने किया। विरोध प्रदर्शन का मुख्य विषय स्नातकोत्तर सत्र 2020-22 की परीक्षा पुस्तिका का पुनः मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम प्रकाशित करना। आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ की इतनी गलती होने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन का उसे बर्खास्त ना करना एवं उनकी मिलीभगत को दिखाती है, विश्वविद्यालय प्रशासन एनसीसीएफ को क्यों बर्खास्त नहीं कर रही है इसकी ठोस वजह बताएं। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में हुई कुल खर्चों को सार्वजनिक किया जाए एवं विश्वविद्यालय में एक ही जगह पर लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों,अधिकारी की अन्य जगह प्रतिनियुक्ति की जाए। इस विषय को लेकर विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता लगातार तीन घंटे तक विश्वविद्यालय गेट के समक्ष धरना देते रहे। तत्पश्चात किसी अधिकारी अथवा पदाधिकारी धरना स्थल पर जब नहीं पहुंचे वैसी स्थिति में पूर्व से अनुपस्थित वी सी,प्रोवीसी तथा रजिस्टार पूर्व से ही विश्वविद्यालय कैंपस से अनुपस्थित थे। जब लगातार तीन घंटो तक धरना पर बैठे छात्रों से परीक्षा नियंत्रक उपस्थित होने के बावजूद भी नहीं आए तो उनके समक्ष छात्रो ने अर्धनग्न प्रदर्शन किया। बाद में छात्रों के उग्रता को देखते हुएं विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारी विश्वविद्यालय से बाहर आ गए। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद भी इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही दीक्षांत समारोह में हुए भारी बंदरबांट को सार्वजनिक करना अति आवश्यक है क्योंकि इतने बड़े बजट होने के बावजूद भी दीक्षांत समारोह में इतनी अवस्था दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी जांच आवश्यक रूप से होनी चाहिए। पलामू जिला जिला संयोजक अभय वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग शुरू से ही सुर्खियों में रहा है और दिन प्रतिदिन गणित में जाते दिख रहा है समय रहते अगर इसे सुधार नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद अनिश्चितकालीन तालाबंदी करेगी इसकी जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ विश्वविद्यालय प्रशासन होगी। नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों के लगातार गलतियों की वजह से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है इसके भविष्य की चिंता करने वाला कोई भी नहीं है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्र हित में विद्यार्थी परिषद मुंहतोड़ जवाब देने के लिए कटिबद्ध है। जिला सीएसबीसी प्रमुख गोविंद मेहता ने कहा कि विश्वविद्यालय में कई एसे क्लर्क और कर्मचारी हैं जो बिना किसी डर से छात्रों से रिजल्ट सुधारने हेतु पैसे की मांग करते हैं और इसकी जानकारी उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रमुख अधिकारियों को भी दिया है तत्पश्चात अभी तक कोई आवश्यक कार्रवाई ना होना यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर मुख्य रूप से प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सेवा प्रमुख आनंद पांडे,नगर सह मंत्री नीतीश दुबे,अभिषेक रवि,नगर लॉज प्रमुख प्रकाश पांडे, मुकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार, यादव सिकंदरपुर,सतीश,चंदन कुमार, अंकित रॉय,मनीष कुमार,अरुण कुमार, शुभम पांडे,अवधेश कुमार, उज्जवल तिवारी, रंजीत कुमार, संजीत कुमार,सविता कुमारी, नीरज कुमार, प्रिया बोदरा, कविता कुमारी, पूजा कुमारी, अर्चना कुमारी ,आरती पासवान, मेनका मिंज, अशोक कुमार यादव, सत्येंद्र टोप्पो, सतीश कुमार, चंदन कुमार ,अंकित, अवधेश कुमार, सुनीता कुमारी,नीरज कुमार,प्रिया बोथरा,प्रीति, कविता कुमारी,अंजली कुमारी,शिल्पी कुमारी,पूजा कुमारी, कमल किशोर प्रसाद, राहुल शर्मा, सुशील कुमार, राहुल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अब गांव के लोगों को भी नल-जल से मिलेगा शुद्ध पेयजल : विधायक

**हुसैनाबाद में 147 करोड़ व मोहम्मदगंज में 54 करोड़ की लागत से होगा पम्प हाउस व पानी टंकी का निर्माण**
**हुसैनाबाद के 32611 व मोहम्मदगंज के 8501 घरों तक पहुंचेगा शुद्ध जल**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के 32611 व मोहम्मदगंज के 8501 घरों में जल्द पहुंचेगा नल का जल। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि अब हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के एक एक घर में नल का जल उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों के 32611 घरों व मोहम्मदगंज के 8501 घरों तक पाइप लाइन के माध्यम से शुद्ध जल मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए सोन व कोयल नदी के तट पर पम्प हाउस की स्थापना कर पाइप लाइन से पानी पहुंचने के लिए निविदा निकाल दी गई है। जल्द ही एक और निविदा हैदरनगर व बुधुआ क्षेत्र के लिए निकाली जायेगी। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में सोन नदी से पेय जलापूर्ति की योजना पर काम तेजी के साथ हो रहा है। जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के घरों में भी सोन और कोयल नदी से जलापूर्ति की जायेगी। इसके लिए निविदा निकाल दी गई है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि अब गांव के अंतिम व्यक्ति के घरों में भी नल का पानी होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की एक एक समस्या को लेकर वह गंभीरता के साथ लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में शहर की तरह सुविधा मिले इसका वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## छठ घाट की सफाई का हुसैनाबाद नगर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने लिया जायजा



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नियम निष्ठा का महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत हुसैनाबाद रेस हो गया है। शहरी क्षेत्र के सभी छठ घाट पर नगर पंचायत ने सफाई अभियान की योजना बनाई है।सोमवार को नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी व बाबा विश्वनाथ भाष्कर मंदिर कमिटी के सक्रिय सदस्य सह लोटनिया पंचायत के मुखिया बिनोद कुमार सिंह उर्फ लाल बाबू ने जेपी चौक स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया और सफाई कार्य का जायजा लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा है कि समय पर सभी छठ घाटों का सफाई कार्य पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि शहर के ब्लॉक रोड स्थित पंच सरोवर मंदिर, गम्हरिया, जेपी चौक के समीप व नहर मोड़ स्थित चार धाम परिसर छठ घाट में सफाई का कार्य जारी है। मालूम हो की बीते वर्ष में नगर पंचायत द्वारा श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था मुहैया कराई गई थी।उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए शहर के सभी छठ घाट पर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था,घाट तक पहुचने वाले पथ को दुरुस्त करने आदि की व्यवस्था करने के लिए नगर पंचायत तत्पर है।जेपी चौक स्थित छठ घाट के तालाब में पानी भरने व सफाई का कार्य भी नगर पंचायत के द्वारा युद्धस्तर पर जारी है।शीघ्र ही शहर के सभी छठ घाटों को छठ व्रत धारियों के लिए सुसज्जित कर दिया जाएगा।ताकि व्रतियों को पर्व के दौरान किसी प्रकार का असुविधा का सामना ना करना पड़े।नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि समय रहते छठ त्योहार के लिए शहर में चिन्हित किये गए सभी घाटो पर तैयारी पूरी कर ली जाएगी।मौके पर सफाई जमादार अवधेश राम,चितु अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि अनवर ,मिथुन समेत कई लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के दंगवार में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन




हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के निर्देश पर हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत हुसैनाबाद बिधायक प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह,जिप सदस्य राजू मेहता,बीडीओ रतन कुमार सिंह,मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,एनसीपी नेता गुड्डू सिंह, जेएमएम नेता वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह आदि ने संयुक्त रूप से की।कार्यक्रम मे तकरीबन पांच सौ आवेदन लिए गए।जिसमे अधिकतर सावित्री बाई फुले व जनवितरण से सम्बंधित मामले आये।इसके अलावा पेंशन से जुड़े मामले का निष्पादन किया गया।कार्यक्रम के दौरान सोना सोबरन योजना अंतर्गत धोती साड़ी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड बिधायक प्रतिनिधि अजित सिंह ने कहा कि आम अवाम को घर पर ही सरकारी सुविधाओं का लाभ मिले ,सरकार द्वारा इसी उद्देश्य के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगो को लाभ लेने की जरूरत है।जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है।आम जनता को भी अपने हक अधिकार के लिए जागरूक होकर लाभ लेने की जरूरत है।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया धर्मराज सिंह,हसन खलीफा, कम्प्यूटर आपरेटर सोनी,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयराम मेहता,पंचायत सेवक वशिष्ठ तिवारी,संतोष राम,अजय कुमार व कई विभाग के कर्मी समेत काफी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल से छात्र वर्ग खासा प्रभावित : राजीव रंजन



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज अंचल सहित अन्य अंचल के राजस्व उप निरीक्षकों का पिछले 16 सितंबर से हड़ताल पर जाने से छात्रों के अलावे आम लोगों को भी परेशानी बढ़ गई है। इस दौरान हरिहरगंज नगर क्षेत्र के युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस कर सोमवार को कहा की विगत एक महिंने से अंचल के उप निरीक्षकों के हड़ताल को लेकर छात्रों को जरूरत अनुसार प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है।छात्र-छात्राओं को जाति, आय, आवासीय आदि प्रमाण पत्र बनाने में काफी परेशानी हो रही है। जिसके चलते छात्राओं को नामांकन, छात्रवृत्ति, रोजगार सहित अन्य कार्यो में आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं।वहीं लोगों का म्यूटेशन का कार्य भी लंबित है। राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल से छात्र वर्ग खासा प्रभावित हैं। श्री रंजन ने कहा कि छात्रों का प्रमाण पत्र के अभाव में नामांकन एवं नौकरियों से वंचित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में पलामू उपायुक्त महोदय को वैकल्पिक व्यवस्था अभिलंब बहाल कराने की आवश्यकता है। वहीं जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो छात्रों को लेकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।मौके पर गोपाल प्रसाद, विजय प्रजापति, शंकर चौधरी, दिनेश पासवान, विकास कुमार, शंभू यादव, भोला पासवान, रंजीत चौधरी, सिकेन्द्र सिंह, भवन प्रकाश यादव, मनदीप चौधरी, गोलू सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष बने गुंजन सचिव सोनू, कोषाध्यक्ष राहुल



छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही) । मंदया छठ घाट पर छठ व्रतियों को व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर फ्रेंड्स क्लब के सदस्यों ने बैठक की ।बैठक में क्लब के सभी सदस्यों के सर्वसम्मति से गुंजन जायसवाल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया ।सचिव सोनू सिंह , उज्जवल सिंह कोषाध्यक्ष राहुल कुमार पांडे को बनाया गया है बैठक मे टोन वर्मा , प्रीतम , मानू , हीरा लाल , जितेंद्र, सोनू, मनोज , सीबू, रिशु, बुलबुल , अंकित, अमित, रंजन, राजू सिंह , अभिषेक , शिवशंकर , सुनील , मंटु, प्रवीण आदि सहित फ्रेंड्स क्लब के सदस्य उपस्थित रहे ।

## दूरदर्शी हेमंत सरकार के कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेवारी हर झामुमो कार्यकर्ता की है: दीपक




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना, आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नीलांबर पुतम्बरपुर के कोटखास पंचायत में आयोजित शिविर का झामुमो नेता और नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड के प्रभारी दीपक तिवारी ने दर्जनों कार्यकर्ता के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिविर से दूर बैठे वृद्ध असहायों के पास जाकर उनकी समस्याएं जानी और उन्हें उचित लाभ दिलाने की पहल की। इतना ही नहीं सभी बुजुर्गों के बीच धोती-साड़ी का वितरण भी करवाया। सेवादार दीपक ने राजस्व विभाग के स्टाल पर पहुंच कर उनका जायजा लिया और जमीन संबंधित दस्तावेजों की जांच कर न्याय देने की हिदायत दी। इस मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का लक्ष्य पूरा करने की जिम्मेदारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के हरेक कार्यकर्ता की है। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आम आवाम को शिविर तक लाने में मदद करनी होगी और उनके जरूरतों के हिसाब से संबंधित कर्मचारी तक पहुंचाना होगा। श्री तिवारी ने बीडीओ अनिल सिंह और सीओ चंद्रशेखर कुणाल की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कर्मचारियों को खानापूर्ति से बचने की नसीहत दी। झामुमो नेता ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार गरीब, दलित, पिछड़ों, असहायों की सरकार है। शिविर में उमड़ती भीड़ बताने के लिए काफी है कि वंचितों को लेकर सरकार की मुहिम कारगर है और इसे सफल बनाने की जिम्मेदारी प्रशासन के साथ-साथ हरेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक की है। इस मौके पर अध्यक्ष लवकेश मेहता, उपाध्यक्ष गुड्डू तिवारी, सचिव मुस्ताक अंसारी, पंचायत अध्यक्ष भगवान सिंह, कुलदीप तिवारी, मुकेश तिवारी, राकेश तिवारी, परवेज अख्तर समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिविर में पुलिस से जुड़ी समस्याओं का भी होगा निष्पादन : एसपी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** इन दिनों जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को 14 पंचायतों,मेदनीनगर नगर निगम के दो वार्डो व नगर परिषद विश्रामपुर के दो वार्डो में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में कुल 9202 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 6643 का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।

**उंटारी रोड,नीलांबर-पीतांबरपुर व विश्रामपुर में किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत दिया गया चेक**

आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को नीलांबर-पीतांबरपुर के कोटखास,उंटारी रोड के मुरमा कला व विश्रामपुर के घासीदाग पंचायत में लगाये गये शिविर में संबंधित प्रखंड के किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत दिया चेक प्रदान किया गया। इसी तरह छत्तरपुर के खोढ़ी,सतबरवा के बोहिता,व विश्रामपुर के घासीदाग पंचायत में वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल के मैदान में चेंजिंग रूम का शिलान्यास किया गया। इसी तरह अन्य शिविरों में भी विभिन्न योजनाओं के तहत कई लाभुकों को लाभान्वित किया गया।

**पांकी के तेतराई पंचायत में 15वें वित्त आयोग के तहत नयी योजनाओं का हुआ शिलान्यास**

पांकी प्रखंड के तेतराई पंचायत में लगाये गये शिविर में पांकी बीडीओ निर्भय कुमार,स्थनीय जिला परिषद सदस्य, मुखिया,पंचायत समिति की उपस्थिति में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसी तरह तरहसी के अरका पंचायत में भी में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

# स्पोर्ट्स



**आईसीसी टी-20 विश्व कप : भारत ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 रन से हराया**

## आज से दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज



**रांची (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का उद्घाटन मैच न्यू स्टूडेंट फुटबॉल क्लब वनलोटवा बनाम मुन्ना ब्रदर्स बूटी के बीच खेला गया। जिसमें मुन्ना ब्रदर्स बुटी की टीम 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि राम टहल चौधरी पूर्व रांची सांसद, उद्घाटनकर्त्ता अनुपमा देवी प्रमुख ओरमांझी एवं अर्चित आनंद मुख्य सलाहकार शिव शिष्य परिवार संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन फीता काटकर किये। मौके पर सुनील कुमार रामेश्वरी कुमार साहू पंसस जयडीहा प्रवेश भोगता ग्राम प्रधान सीताराम मुंडा सेवाराम महतो राम रामप्रसाद वेदिया रामदयाल गंझू आनंद महतो विनोद बेदिया आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह उपसचिव जीवनलाल मुंडा उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह एवं प्रदीप मुंडा दिलीप मुंडा नितेश मुंडा टार्जन सिंह नितेश पाहन एवं सभी सदस्यों मौजूद थे।

## निक्की प्रधान और सलीमा टेटे को दस-दस लाख रुपया देकर सम्मानित किया




**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जीवन बीमा निगम पूर्वी मध्य क्षेत्र पटना और जमशेदपुर प्रमंडल की ओर से भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान और सलीमा टेटे को दस-दस लाख रुपया देकर सम्मानित किया। पुरुलिया रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम रांची शाखा दो में आयोजित इस सम्मान समारोह में जमशेदपुर प्रमंडल के एसडीएम सूर्य नारायण पांडा ने दोनों खिलाड़ियों को 10 -10 लाख का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर एसडीएम सूर्य नारायण पांडा ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने हमारा गौरव बढ़ाने का काम किया है। दोनों खिलाड़ियों का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणादाई है। इस अवसर पर दोनों ओलंपियन सलीमा टेटे और निक्की प्रधान ने भी अपने विचार रखें। सलीमा टेटे ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए फैमिली सपोर्ट की बहुत जरूरत है । उन्होंने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लाकड़ा से प्रेरित होकर उन्होंने खेलना प्रारंभ किया था। निक्की प्रधान ने कहा कि रहने के लिए हॉस्टल भी उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे । इसके बावजूद उन्होंने लगातार खेलना जारी रखा खाना बनाना और प्रैक्टिस करना दोनों काम काफी मुश्किल हो रहा था लेकिन वह अपने मंजिल पर अडिग रहीं। उनका सपना था कि वह ओलंपिक खेल खेले। कार्यक्रम का संचालन रांची शाखा दो के शाखा प्रबंधक अनुप लाल किस्कू ने किया। कइस अवसर पर एलआईसी के कर्मचारी और अधिकारी भी मौजूद थे।

## सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से अमृत ट्रॉफी विशाल फुटबॉल टूर्नामेंट आरंभ



कुजू (आजाद सिपाही)। करमा दक्षिणी पंचायत के अंबाटांड़ अमरपुर खेल मैदान में सोमवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से अमृत ट्रॉफी विशाल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि मांडू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति व विशिष्ट अतिथि घाटो सांसद प्रतिनिधि आशुतोष सिंह शामिल रहे। इस दौरान अतिथियों ने टूर्नामेंट का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल का किक मारकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि खिलाड़ी अगर कड़ी मेहनत से खेल का प्रदर्शन करते है तो उनको सफलता जरूर मिलती है। जरूरत है ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म देने की। जो सांसद द्वारा जारी है। सांसद जयंत सिन्हा अमृत ट्रॉफी माध्यम से बेहतर प्लेटफार्म दिया जा रहा है। इन खिलाड़ियों का भविष्य निश्चित ही सांसद जयंत सिन्हा के नेतृत्व में उज्ज्वल होगा। उद्घाटन मैच बुमरी बनाम करमा दक्षिणी के बीच खेला गया। जिसमें करमा की टीम 4-0 से विजयी रही। बाद में करमा दक्षिणी बनाम छोटकीडूंडी के बीच खेला गया। वही, मैच मे भाजपा प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, डिंपल प्रजापति, रामसेवक महतो, पिंटू महतो, प्रकाश केसरी, जितिन ठाकुर, बालेश्वर महतो, तपेश्वर महतो सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने क्लस्टर स्तरीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया




**रांची (आजाद सिपाही)।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बरियातु, रांची के विद्यार्थियों ने कलस्टर स्तरीय डी.ए.वी. नेशनल स्पोर्ट्स में अपने खेल कौशल का यथासामर्थ्य प्रदर्शन किया। क्रिकेट में बारहवीं कक्षा के सत्यम कुमार सिंह, बैडमिंटन में नवीं कक्षा की अनन्या सिंह और टेबल टेनिस में ग्यारहवीं कक्षा के शत्रुंजय चक्रवर्ती प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। डी. ए.वी. बिस्टुपुर और एन. आई. टी.डी. ए. वी. आदित्यपुर, जमशेदपुर में आयोजित बैडमिंटन गर्ल्स, टेबल टेनिस बॉयज में टीम ने स्वर्ण पदक जीता। डी.ए.वी. पुंदाग में निहारिका ने कराटे में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा वुशु में पॉच स्वर्ण, कराटे में एक रजत, ताइक्वांडो में छह कांस्य पदक जीता। ओवरऑल कराटे और बॉक्सिंग में टीम तीसरे स्थान पर रही। डी.ए., वी.डाल्टनगंज में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने रजत पदक हासिल किया। ओवरऑल बैडमिंटन बॉयज में टीम दूसरे स्थान पर तथा बास्केटबॉल बॉयज और गर्ल्स में टीम तीसरे स्थान पर रही।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



# महुदा बालू तस्करी को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** अवैध बालू खनन को लेकर एक बार फिर महुदा थाना क्षेत्र सुर्खियों में है। इन दिनों एक बार फिर क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन जोरों पर है। प्रखंड के तेलमच्चो, महुदा, हांथुडीह, छत्रुटांड़, पाथरगाड़िया और तेतुलिया-2 पंचायत के कुछ क्षेत्र अवैध बालू स्टॉक प्वाइंट का हब बन चुका है। आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर दिनभर अवैध बालू खनन कर जमा किया जाता है। जानकारो की माने तो विभाग और पुलिस सबकुछ जानकर भी अनजान बनी हुई है। पुलिस के नाक के नीचे से हर दिन 50 से अधिक ट्रक बालू का हो रहा अवैध कारोबार





सूचना के अनुसार रात में बोकारो, महुदा राजगंज नये फोरलेन सड़क की ओर से आने वाले ट्रकों में जमा किए स्टॉक से अवैध बालू लोडकर उसे बेचा जाता है। जिसमें धंधेबाजों को प्रतिदिन 10 से 15 लाख की अवैध कमाई होती है। कथित रूप से कमाई का बड़ा हिस्सा कुछ भ्रष्ट अधिकारियों तक भी जाता है। हालांकि कार्रवाई के नाम पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कभी-कभी विभिन्न घाटों पर छापेमारी जरूर की जाती है लेकिन वह खानापूर्ति महज होती है।

**शिकायत के बाद भी नहीं होती कार्रवाई :** जानकारी के अनुसार भाटडीह ओपी के कचर्रा बस्ती से महुदा थाना अंतर्गत कुलटांड़ को जोड़ने वाले नये बने पीसीसी सड़क के बनते ही बालू तस्कर इस रास्ते सक्रिय होकर प्रतिदिन, दिन और रात के अँधेरे में ट्रेक्टरों के द्वारा मछियारा स्थिति बने फोरलेन सड़क से होते हुये विभिन्न क्षेत्रों में बालू का स्टॉक करने के साथ मंडी में 3000 से 3500 प्रति ट्रेक्टर बालू की तस्करी कर बेचा जाता हैं, इस रास्ते एक साथ 8 से 10 बालू से लदे ट्रेक्टरो को देखा जा सकता हैं। वहीं ट्रेक्टरो के परिचालन से ग्रामीण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, इसके अलावा छत्रुटांड़ से लालबंगलो होते हुये प्रतिदिन 25 से 30 ट्रेक्टरो का परिचालन होता हैं। वहीं तेलमच्चो, महुदा, हाँथुडीह, छत्रुटांड़, पाथरगाड़िया और तेतुलिया-2 में दिन भर अवैध बालू जमा किया जाता है। शाम होते ही ट्रकों का आना शुरू होता है। स्टॉक पॉइंट पर कुबेर का खजाना की तरह प्रतिदिन बालू की बिक्री के बावजूद बालू कम होने का नाम नहीं लेता है। रात के अंधेरे में स्टॉक अवैध तरीके से बालू जमा कर दिया जाता है। जिसे जेसीबी से ट्रकों में बालू भरकर बेच दिया जाता है।

अवैध बालू की तस्करी महुदा क्षेत्र के भाटडीह, कुंजी, बारकी, नागदा एवं तेलमच्चो के दामोदर नदी घाटों से बदसूर जारी हैं। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन सहित खनन अधिकारी की चुप्पी संदहास्पद है।

कई ग्रामीणों ने नाम नही प्रकाशित किए जाने की शर्त पर बताया कि कई बार विभाग में शिकायत के बाद भी कोई कारवाई नहीं होती।

## सांसद पशुपतिनाथ की पत्नी को हुआ मातृ शोक, भाजपा परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर



**धनबाद।** धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह की सास कुंती देवी का निधन सोमवार की सुबह हो गयी। निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सूचना उपरांत ज़िले भाजपा परिवार सहित शुभचिंतकों में शोक है। स्व कुंती देवी सपरिवार अनुग्रह नारायण रोड स्थित आवास में रहती थी। सूचना पाकर भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके आवास पहुंच सांसद और उनकी धर्मपत्नी मीरा सिंह से मिलकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। स्व कुंती का दाह संस्कार मोहलबनी घाट में संपन्न हुआ, मुखाग्निनी उनके पुत्र ने दी। अंतिम संस्कार में सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## सेवानिवृत्त क्लर्क के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर, विधायक मथुरा व ढुल्लू ने जताई शोक संवेदना



**राजगंज।** राजगंज हाई स्कूल के सेवानिवृत्त क्लर्क सह राजगंज बजरंगबली दल के संस्थापक सदस्य टेकनारायण चौधरी (75 वर्ष)का निधन सोमवार को हो गया। इनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।टेकनारायण चौधरी कई दिनों से बीमार चल रहे थे। इनका इलाज धनबाद असर्फी में चल रहा था। मृतक चौधरी अपने पीछे पत्नी मनोरमा चौधरी,तीन पुत्र मनोज कुशवाहा, रणजीत कुशवाहा व संजीत कुशवाहा एवं दो पुत्री रेखा देवी व सारिका देवी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गया। इनके निधन की खबर सुनकर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, शिव प्रसाद अग्रवाल, गोपाल प्रसाद साव, महादेव महतो, सांसद प्रतिनिधि गिरिधारी महतो,संदीप अग्रवाल, नीलकंठ रवानी, राजू रवानी समेत ग्राम रक्षा वाहिनी दल व बजरंगबली दल राजगंज के सदस्यों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## लंबित मांग को लेकर सफाई कर्मियों ने 4 घंटे बाधित रखा सफाई कार्य



**भगतडीह।** धनबाद नगर निगम अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों ने लंबित मांग को लेकर सोमवार को भालगड़ा शिमलाबहाल में चार घंटे काम बाधित रखा। इस दौरान वार्ड 34 से 48 की सफाई व्यवस्था ठप रही। कर्मियों का आरोप था की रेमकी कंपनी के अधिकारियो दारा सफाई कर्मियों का शोषण किया जाता है। 15 अगस्त, दुगार्पूजा जैसे सरकारी छुट्टी के दिन भी काम लिया जाता है। किसी कर्मी की तबियत खराब रहने पर भी काम का दबाब बनाया जाता है। कर्मियों को आजतक बोनस भी नहीं दिया गया है। प्लास्टिक मे बोतल सहित अन्य कचड़ा भी कंपनी के लोग बहुत कम कीमत पर सफाई कर्मियों से ले लेते है। सफाई कर्मी को बिना बताये काम से बैठा दिया जाता है। कर्मियों के आक्रोश को देखते हुए कंपनी के पदाधिकारी एस कुमार मौके पर पहुंच आक्रोशित कर्मियों से वार्ता कर उन्हे शांत किया। मौके पर राजबली तुरी, बालचंद्र भुईया, आकाश पासी, राहुल वर्मा, अनिल पासी, नरेश साव, अशोक प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने केंद्र की विफलता गिनायी

आजाद सिपाही संवाददाता




**कतरास।** राहुल गांधी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो, देश जोड़ो यात्रा एक साहसिक कार्यक्रम है। देश के युवा, मजदूर, किसान, छोटे व्यपारी, मध्यम उधोग, बेरोजगारो मे भय के माहौल उत्पन्न हो गई है और इस भय का लाभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मित्रगण उठा रहे। उक्त बाते बाघमारा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष लगनदेव यादव ने सोमवार को भारत जोड़ो पदयात्रा के बाद के प्रखंड कार्यालय के समक्ष नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए कहा। इससे पूर्व काफी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने लुत्तीपहाड़ी चौक स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर जुलुस के शक्ल में नफरत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाते हुए बाघमारा प्रखंड कार्यालय तक आए और पदयात्रा नुक्कड सभा में परिवर्तित हुई। सभा को लगन देव यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा की राहुल गाँधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3570 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा को पूरा करने का संकल्प लिया हैं तो हम सभी कार्यकर्त्ता भी बाघमारा प्रखंड के एक एक गांव मोहल्ला में घूम घूम कर मोदी सरकार के विफलताओं से आम लोगों को अवगत कराने का काम करेंगे। कार्यक्रम मे बाघमारा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, प्रोफेसर टीपी पांडेय, भाधो सिंह, जियाउल हक, आलम अंसारी, इफतखर अंसारी, मिश्री लाल,धनेश्वर ठाकुर, गंगाधर महतो, सुखदेव महतो, माधव सिंह, जनक लाल, रोबिन पाल, सुरेन्द्र यादव, बरमेश्वर सिंह, इंदल यादव, गोपाल सिंह, विकाश सिंह, चक्रधारी महतो, महादेव महतो, रामप्रसाद महतो, ओमप्रकाश कुंवर, कतरास नगर अध्यक्ष रंजीत पांडेय, पोरेश चौबे, पिंटू पांडेय, राम जी ठाकुर संकर महतो,असरफ आलम, वीरेंद्र पासवान, नन्द कुमार यादव, अमित महतो सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

### सीसीएल सुरक्षा विभाग, सीआइएसएफ की संयुक्त छापेमारी

## 3.610 टन कच्चा कोयला जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो(बेरमो)।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र अंतर्गत अमलो परियोजना के रेलवे साइडिंग पीपल धौड़ा में सीसीएल की सुरक्षा विभाग तथा सीआईएसएफ के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की गयी। यह छापेमारी सीसीएल ढोरी क्षेत्र के सुरक्षा अधिकारी सीताराम यूईके के नेतृत्व में किया गया। इस छापेमारी में 3.610 टन अवैध कच्चा कोयला तथा 4 ट्रैक्टर अवैध पोड़ा कोयला जब्त किया गया। कच्चा कोयला को कांटा करवा कर क्रेशर में डंप किया गया जबकि पोड़ा कोयला को लेडीज क्लब में गिराया गया। सुरक्षा अधिकारी सीताराम यूईके ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गयी है। कोयला चोरी रोकने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। देश को उर्जा देने वाली खनिज संपदा की लूट किसी भी हालत में पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह छापेमारी नियंतर आगे भी जारी रहेगी। हमारा प्रयास है कि ढोरी क्षेत्र से चोरी पर पूर्ण रूप से विराम लगे। कोयला चोरों को चिन्हित कर उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई जरूर की जायेगी। उन्होंने कोयला तस्करों को आगाह करते हुए कहा कि अवैध कोयला चोरी कार्य में पकड़े जाते है उन्हे बक्शा नही जायेगा। जो भी पकड़ा जायेगा सभी पर एफआईआर करने का कार्य किया जाएगा। इस छापेमारी में सीआईएसएफ क्राइम के दीपुल कुमार, सीआईडब्ल्यू के एमके यादव रेशमी एंव अन्य सहयोगी सहित सीसीएल ढोरी के सुरक्षा प्रभारी उमाशंकर महतो, जगरनाथ साव, कन्हैया तिवारी, अनाम वारिस, मानिक दिगार, भोला मिश्रा, जितेंद्र रजक, गौतम, लेडीज होम गार्ड सरिता टोपनो, रानी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जर्जर सड़क मरम्मती को लेकर जनता मजदूर संघ ने किया परियोजना कार्यालय का घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/अलकडीहा।** लोदना क्षेत्र के साउथ तिसरा वर्कशॉप से लोदना मोड़ तक जर्जर मुख्य सड़क जानलेवा हो गयी है। सड़क की मरम्मती को लेकर प्रबंधन गंभीर नहीं है। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में आक्रोश बढ़ती जा रहा है। सड़क मरम्मती के मुद्दे को लेकर सोमवार को जनता मजदूर संघ कुंती गुट के समर्थकों ने संघ के नेता शैलेंद्र सिंह उर्फ छोटू के नेतृत्व में जीनागोरा परियोजना कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान छोटू सिंह ने कहा की जबसे जयरामपुर,लोदना, बागडिगी, बरारी कोलियरी की खदानें बंद कर क्षेत्रीय कार्यालयों का शिफ्टिंग किया गया है.तबसे प्रबंधन ने क्षेत्र के विकाश की गति को रोक दिया गया है। प्रबंधन की उपेक्षा के चलते लोगों को पानी, बिजली एवं सड़क जैसे मूलभूत समस्या से जूझना पड़ रहा है। परियोजना विस्तारीकरण के चलते जीनागोरा एवं तिसरा के लोगों के संपर्क का मुख्य मार्ग को समाप्त कर दिया गया है। वर्षो से साउथ तिसरा वर्कशॉप से लोदना मोड़ तक कि मुख्य सड़क कि मरम्मती नहीं होने के कारण सड़क काफी जर्जर हो गयी है। जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## बाघमारा प्रखंड में बीस सूत्री अध्यक्ष का कार्यालय, हुआ उद्घाटन

कतरास। बाघमारा प्रखंड कार्यालय में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष को कार्यालय उपलब्ध कराया गया जिसका उद्घाटन बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने फिता काटकर किया। मौके पर बिस सूत्री अध्यक्ष लगनदेव यादव,बीस सूत्री के उपाध्यक्ष राहुल महतो,सदस्य जिआउल हक,करीम अंसारी, छात्रपति महतो, कुलदीप ठाकुर,सुदेश दास,नूतन सिंह,राजद के बैजनाथ यादव सहित कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**Office of the Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Ramgarh**
**(District Planning)**

**Very Short Tender**

**Selection of Consultancy services/Agencies for providing and installation of Foldable Chairs, Sofa, Side Table/Beside Cabinet at Town hall in Ramgarh district, Jharkhand.**

Tender No: **01/2022** Ramgarh, Dated: - 14/10/2022

The District Administration Ramgarh invites tender from eligible bidders for **"Selection of Consultancy services/Agencies for providing and installation of Foldable Chairs, Sofa, Side Table/Beside Cabinet at Town hall in Ramgarh district, Jharkhand"**

The document can be downloaded from the website: http://ramgarh.nic.in. Response to this Tender shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications.

The bids are to be submitted by post (Registered/ Speed) or by hand as per the format specified in this Tender Document, at the following address latest by **04:00 PM on October 27th, 2022.**

**Address for communication&Submission of documents**
District Planning Office, Ramgarh,
"B Block", 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101
Phone: 06553-261558, Email:dporamgarh@gmail.com

The Tender would be opened in office of the Deputy Commissioner (DC) Office, "A Block", 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101 on **October 28th, 2022 at 12:00 Noon** in the presence of bidders who choose to be present and whose EMD and other supporting documents are in order.

ह0/–
उप विकास आयुक्त
रामगढ़

PR 280100 District (22-23)_D

## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा
अतिअल्पकालीन निविदा

कोडरमा जिला अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों के लिए शीत बक्से (परिवहन के दौरान टीका की दवाई को खराब होने से बचाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला) (Cool Box) का क्रय किया जाना है। जिसके लिए दिनांक 31.10.2022 तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| Sl No | Specification | Quantity Required |
|---|---|---|
| 1 | Specification of cool box<br>• Vaccine Storage Capacity – 1 liter to 1.5 liter<br>• Weight – Fully loaded up to 6 Kgs. Empty (with empty icepacks) up to 3 Kgs<br>• External Surface Material – HDPE (High Impact Polystyrene)<br>• Internal Lining Material – HIPS (High Impact Polystyrene)<br>• Insulation Material – CFC Free Polyurethane<br>• Insulation Thickness – 32/40 mm<br>• External Dimensions (L x W x H) – 24x24x30 cms with 10% standard variation<br>• LID type & Fixings – Removable, Number of Ice packs required & supplied: 4 ice packs type E5/IPO 1.1 Volume of Icepack: 0.03 to 0.40 Ltrs. Actual Cold life without opening at 43 deg C ±1 deg. C is more than 30 hours.<br>• Use – Transport of vaccine by vehic les to larg immunization sessions lasting more than a week.<br>• Certification- The product should be WHO-PQS Certified.<br>• Printing- Logo of JSLPS & Govt. of Jharkhand to be Printed outer side of the boxes.<br>• Normal commercial warranty/guarantee shall be applicabl e to the supplied goods as per the manufacturer's warranty/guarantee policy. | 342Units |

निविदा का शर्तः–
1 इच्छूक आपूर्तिकर्ता को तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग जमा करना होगा।
2 आपूर्ती की जाने वाली सामग्री ब्रान्डेड कम्पनी का होना चाहिए।
3 निविदा डालने वाले आपूर्तिकर्ता निबंधित फर्म से होगें।
4 इच्छूक आपूर्तिकर्ता दिनांक 31–10–2022 के आप0 3.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय में अपना निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 01–11–2022 आप0 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में निविदा खोली जायेगी।
5 निविदा के निस्तर एवं रदद करने हेतु अधोहस्ताक्षरी ही सक्षम होंगे तथा उनके द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त कोडरमा

PR 280129 Rural Development(22-23)D

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
प्रपत्र VII
समाहर्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

चुकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा बरकट्ठा से तेतरान पथ के कि0मी0 00.00 से कि0मी0 32.10 तक चौडीकरण/मजबूतीकरण कार्य हेतु ग्राम–पन्दनाटांड थाना–चलकुशा, थाना–सं0–09, अंचल–चलकुशा, जिला–हजारीबाग में कुल 0.026 एकड़ यानि 0.01052 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.026 एकड़ यानि 0.01052 हेक्टेयर है, और जो ग्राम–पन्दनाटांड थाना–चलकुशा, थाना–सं0–09, अंचल– चलकुशा, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरणी निम्नवत है–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 04 | 02 | निजी | टांड–III | 0.026 | डेगलाल मांझी पिता स्व0 बबुन मांझी व अकल मांझी पिता झरी मांझी वो सोमर मांझी पिता कला मांझी, ग्राम–पन्दनाटांड, | सड़क | नीज | झारखण्ड सरकार | झारखण्ड सरकार |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

ग्राम–पन्दनाटांड थाना–चलकुशा, थाना–सं0–09, अंचल–चलकुशा, जिला–हजारीबाग में कुल 0.026 एकड़ यानि 0.01052 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 280212 Land Reforms(22-23)#D

## Office of Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh

**Very Short Tender e- Procurement Notice**
**Tender reference :- 09/2022-23 Date :- 17.10.2022**

| Sl. No | Particulars | Details | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of 16 Nos Toilet and 16 Nos Bathroom with Septic Tank, Soakpit, Solar and HYDT at Kasturba High School, Mandu Block under Ramgarh District for the year 2022-23 | | | |
| | | Estimated Cost (in lakh) | E. M. Required (in Lakh) | Cost Of BOQ (in rupees) | Time of Completion |
| | | 37.37480 | 0.75000 | 5000.00 | 3 Month |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 21.10.2022 at 05.00 PM | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 28.10.2022 up to 05.00 PM | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 29.10.2022 up to 03.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 29.10.2022 at 05.00 PM | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06553-223193 | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 06553-223193 | | | |

1. Only Registered Contractor in this department may participate in the said tender.
2. Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
Note: - Updated estimated cost and earnest money should be taken as mentioned in the website.

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

PR 280183 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

## कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार।
**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 351 दिनांक 11.10.2022 के द्वारा अति अल्पकालीन निविदा संख्या–01/2022–23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई है जिसका PR 279586 (Rural Development) 22-23 (D) है। उक्त निविदा के ग्रुप संख्या–07 पर अंकित योजनाओं का निविदा आमंत्रण अपरिहार्य कारण से स्थगित किया जाता है। शेष योजनाओं का निविदा आमंत्रण की सारी शर्तें यथावत रहेगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 280125 (Rural Development) 22-23 (D)

# भविष्य के अवसरों के लिए मैनेजमेंट के छात्रों को तैयारी करना चाहिए : चांद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति की दहलीज पर बैठी है, छात्रों को भविष्य में सामने आने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। तपन कुमार चांद वेदांत लिमिटेड के अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष-सह- नालको के प्रबंध निदेशक ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने सोआ के म्यानेजमेंट अध्ययन संकाय बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आइबीसीएस) में फ्रेशर्स इंडक्शन प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा कि अध्ययनों से पता चला है कि म्यानेजमेंट शिक्षा विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो गयी है



और इसे भारत में भी बड़ा बढ़ावा मिला है। दो साल के समय में पास होने वाले छात्रों को नौकरी के बड़े अवसर मिलेंगे। श्री चांद ने कहा कि कई नौकरियां गायब हो जायेंगी और कुछ नई जब म्यानेजमेंट स्नातकों के लिए कई नौकरियां पैदा होंगी, जिनके अगले कुछ वर्षों में विस्तार होने की उम्मीद है।

सोआ के कुलपति, प्रो (डॉ) अशोक कुमार महापात्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर प्रसन्न प्रधान निदेशक बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भुवनेश्वर, शशिभूषण उपाध्याय रेजिडेंट निदेशक जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड और बिजय कुमार महांती सहायक महाप्रबंधक (लघु और मध्यम उद्यम) भारतीय स्टेट बैंक ने बक्तब्य रखे।

प्रो अनूप कुमार सामंतराय डीन आईबीसीएस, जिन्होंने मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संस्थान का ध्यान छात्रों के कौशल में सुधार करना है, ताकि उन्हें नौकरी के अच्छे अवसर मिल सकें या स्वतंत्र रूप से काम कर सकें। प्रो ज्योति रंजन दास डीन (छात्र कल्याण) और प्रो दुर्योधन जेना अकादमिक समन्वयक एमबीए प्रोग्राम ने भी बात चीत रखे।

# हैदराबाद में इन्वेस्ट ओड़िशा की बैठक शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हैदराबाद में इन्वेस्ट या निवेश बैठक शुरू हो गयी है। बैठक हैदराबाद के बंजरा हिल्स स्थित होटल ताज कृष्णा में हो रही है। इसमें मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पूंजीपतियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित कर रहे हैं और आमने-सामने बातचीत कर रहे हैं। सोमवार को पूर्वाह्न की बैठक में करीब 40 उद्यमी शामिल हुए है। मुख्यमंत्री उनसे चर्चा करेंगे। ओडिशा उद्योगपतियों को बता रहा है कि कैसे यह औद्योगीकरण और पूंजी निवेश के लिए एक आदर्श क्षेत्र है।



इस बैठक में 4 देशों के राजदूत ओडिशा आयेंगे। शाम को मुख्यमंत्री का उद्योगपतियों के एक बड़े समूह को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसलिए ओडिशा से उद्योग विभाग की एक टीम हैदराबाद का दौरा कर रही है। इसमें मुख्य सचिव सुरेश महापात्र, उद्योग सचिव हेमंत शर्मा, 5 टी सचिव वी के पांडियन शामिल हैं।

# माइनिंग यूथ कॉन्क्लेव में एमसीएल सीएमडी को मिला प्रतिष्ठित सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ओपी सिंह को एमसीएल में सस्टेनेबल डेवलपमेंट के माध्यम से कोयले के खनन प्रक्रिया कायम करने हेतु इंडियन माइनिंग एंड इंजीनियरिंग जर्नल डायमंड जुबली पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रविवार को नयी दिल्ली में आयोजित माइनिंग यूथ कॉन्क्लेव में एमसीएल के सीएमडी श्री सिंह को उक्त प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।



सम्मेलन में सस्टेनेबल माईनिंग के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए सीएमडी श्री सिंह ने सभी कोयला खनिकों को कंपनी में उनके सराहनीय योगदान के लिए उक्त पुरस्कार समर्पित किया। एमसीएल देश की एक प्रमुख कोयला उत्पादक कंपनी है, जो कि पर्यावरण के अनुकूल सरफेस माइनर टेक्नोलजी के माध्यम से उत्पादित कुल कोयले का 96% से अधिक कोयला उत्पादन करती है।

## खड़गे-थरूर की किस्मत बैलेट बॉक्स में बंद

# नये अध्यक्ष का इंतजार कल खत्म होगा : सोनिया

- 9900 में से 9500 डेलिगेट्स ने वोट डाले : मधुसूदन मिस्त्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए सोमवार शाम 4 बजे देश में एक साथ वोटिंग खत्म हो गयी है। पार्टी गठन के 137 साल के इतिहास में ऐसा छठवीं बार और साल 1998 के बाद पहली बार प्रेसिडेंट चुनने के लिए वोट डाले गये। अध्यक्ष पद के लिए सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी और अशोक गहलोत समेत कई दिग्गज नेताओं ने मतदान किया। कांग्रेस मुख्यालय पर 87 डेलिगेट्स ने मतदान डाला। वोटिंग के बाद सोनिया गांधी ने कहा कि नये अध्यक्ष का इंतजार लंबे वक्त से था, जो 19 अक्टूबर को खत्म होगा। वोटिंग खत्म होने के बाद चुनाव प्रभारी मधुसूदन मिस्त्री ने




बताया कि 9900 में से 9500 डेलिगेट्स ने वोट डाले। यानी कुल पोलिंग 96% रही। सभी राज्यों से 18 अक्टूबर को बैलेट बॉक्स आयेगा। इन्हें एआइसीसी हेडक्वार्टर्स में बनाये गए स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा जायेगा। 19 अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी।

**थरूर का ट्वीट- इतिहास याद रखेगा, हम खामोश नहीं थे**

शशि थरूर ने एक ट्वीट में लिखा है- कुछ लड़ाइयां हम इसलिए भी लड़ते हैं कि इतिहास याद रख सके कि वर्तमान खामोश नहीं था।

# पूर्व तट रेलवे, महिला कल्याण संगठन खोरधारोड का पुरस्कार वितरण समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधारोड।** पूर्व तट रेलवे, महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड ने निबंध और स्पॉट पेंटिंग/ड्राइंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए ऑफिसर्स क्लब में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजित किया। खोरधारोड मंडल के अराजपत्रित रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए पिछली माह में बच्चों की अनदेखी प्रतिभा को उजागर करने के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शुभ लक्ष्मी जेना, अध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे, महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किये। इसी क्रम में कुल 36 बच्चों को प्रमाण पत्र और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड की उपाध्यक्ष, सीमा पंवार, सचिव, पल्लवी चौहान और अन्य सदस्य उपसथित थे।

# जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ होंगे देश के अगले प्रमुख न्यायाधीश, 9 नवंबर को लेंगे शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ 9 नवंबर को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस चंद्रचूड़ की नियुक्ति कर दी है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी। जस्टिस चंद्रचूड़ देश के 50वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया होंगे।

गौरतलब है कि वर्तमान



सीजेआइ जस्टिस यूयू ललित का कार्यकाल अगले महीने की आठ तारीख को खत्म होने जा रहा है। ऐसे में सरकार ने सात अक्तूबर को वर्तमान सीजेआई ललित को पत्र लिखकर अपने उत्तराधिकारी की सिफारिश करने का अनुरोध किया था। सीजेआई ललित ने इसके जवाब में जस्टिस चंद्रचूड़ का नाम अपने उत्तराधिकारी के तौर पर भेजा था। अब राष्ट्रपति ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है।

# सीबीआइ दफ्तर में सिसोदिया से पूछताछ

- गुजरात चुनाव के नतीजों तक जेल में रखेंगे : केजरीवाल
- प्रदर्शन कर रहे आप नेता हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया से पूछताछ जारी है। वे 11 बज कर 15 मिनट पर सीबीआइ दफ्तर पहुंचे। इसके बाद उन्हें एंटी करप्शन ब्रांच के फर्स्ट फ्लोर पर ले जाया गया। सीबीआइ अधिकारियों के मुताबिक, एफआइआर में नामजद अन्य आरोपियों से उनके संबंधों और तलाशी के दौरान मिले डॉक्यूमेंट्स के बारे में पूछताछ की गयी।

पूछताछ शुरू होते ही केजरीवाल ने ट्वीट किया, 8 दिसंबर को गुजरात चुनाव के नतीजे आयेंगे। ये लोग तब तक मनीष को जेल में रखेंगे, ताकि मनीष गुजरात में प्रचार के लिए ना जा पायें।'

उधर, सीबीआइ दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे आप नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हिरासत में लिये गये नेताओं में सांसद संजय सिंह भी शामिल हैं।
























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**